मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 27.9 | 15.7 |
| जमशेदपुर | 29.5 | 13.4 |
| डालटनगंज | 28.8 | 10.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

रविवार, 04 फरवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष 10, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 287 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



पेज 10

भारत जोड़ो न्याय यात्रा : गोड्डा में केंद्र सरकार पर बरसे राहुल गांधी, कहा-

# सरना कोड लाने की कोशिश की,लेकिन लाने ही नहीं दिया

शुभम संदेश टीम। गोड्डा

झारखंड के लोगों ने मेरे स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी. बिना बोले ही यहां मोहब्बत की दुकानें खोल दी हैं. इसके लिए दिल से धन्यवाद करता हूं. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को यहां जनसभा में केंद्र सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा, जो भाजपा नफरत फैला रही, हम उसके खिलाफ आए हैं.

उन्होंने कहा कि हमने सरना कोड लाने की कोशिश की, उसे भी लाने नहीं दिया. कांग्रेस भूमि न्यायाधिकरण बिल लायी, लेकिन पीएम मोदी ने उसे भी रद्द कर दिया. भूमि न्यायाधिकरण में यह प्रावधान किया जाना चाहिए था कि अगर गरीब किसान से जमीन ली जाए, तो पंचायत से और उससे पूछ कर ली जाए. उसे बाजार से चार गुना अधिक पैसे दिये जाएं. राहुल ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि देशभर में युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है. किसानों के साथ अन्याय हो रहा है. गरीब और कमजोर वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है. सबके साथ अन्याय हो रहा है. मतलब सिर्फ अडाणी के साथ न्याय और बाकी लोगों के साथ अन्याय हो रहा है.

**मैं आपकी बात सुनने आया हूं :** राहुल ने जीप से ही रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जिन्हें भी अपनी बात रखनी हो, वो मेरे साथ जीप में बैठ जाएं और अपनी बातों को रखें. मैं आपकी बात सुनने आया हूं. मीडिया पर भी तंज कसते हुए कहा कि मीडिया के मित्रों को भी गुलाम बना कर रखा हुआ है. 24 घंटे मेरे पीछे पड़ गए हैं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता. राहुल पाकुड़ के लिट्टीपाड़ा से सुंदरमोड़ होते हुए शनिवार की सुबह गोड्डा पहुंचे. सरकंडा चौक पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया. इसके बाद सरकंडा चौक से गोड्डा कॉलेज तक राहुल गांधी ने भारत जोड़ो जोड़ो न्याय यात्रा की. जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया. यात्रा में राहुल गांधी के साथ कांग्रेस नेता जयराम रमेश समेत कांग्रेस के कई बड़े नेता भी शामिल हुए.

**बाबाधाम में लगे मोदी-मोदी के नारे:** इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी जब बाबाधाम में भोले बाला का दर्शन करने जा रहे थे, तो कुछ लोगों ने मोदी-मोदी के नारे भी लगाए. लेकिन राहुल गांधी ने इन नारों पर ध्यान नहीं दिया और मुस्कुराते हुए आगे बढ़ गए.

## देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में राहुल गांधी शनिवार को देवघर पहुंचे. बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की. राहुल गांधी के आगमन पर बाबाधाम को फूलों से सजाया गया. राहुल गांधी ने कहा कि झारखंड की जनता ने मेरा इतना भव्य स्वागत किया है कि मैं दिल से झारखंड की जनता को धन्यवाद देता हूं.



## बोले राहुल

- झारखंड के लोगों ने बिना बोले ही मोहब्बत की दुकानें खोल दीं हैं
- देश में सबके साथ हो रहा अन्याय, सिर्फ अडानी के साथ ही न्याय

### ईडी के सहारे भाजपा कर रही थी सरकार की चोरी, हमने रोका

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ईडी के सहारे सरकार की चोरी करना चाह रही थी, जिसे हमने रोका. इसके अलावा उन्होंने विरोधियों पर जमकर निशाना साधा. गोड्डा के सरकंडा चौक पर रुक कर उन्होंने लोगों को संबोधित किया. कहा कि झारखंड में मोदी सरकार ने चोरी का प्रयास किया, जिसे हम सबने मिल कर विफल कर दिया. केंद्र सरकार सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है, जिसमें ईडी, सीबीआई, आईटी व अन्य एजेंसियां शामिल हैं. अडानी व अंबानी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि किसानों का ऋण माफ नहीं होता, लेकिन उद्योगपतियों के1700 करोड़ के ऋण माफ हो जाते हैं.




## पीएम मोदी बोले-मेरे लिए अत्यंत भावुक क्षण

एजेंसी। नयी दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को घोषणा की कि भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से नवाजा जाएगा और उन्होंने इसे अपने लिए अत्यंत भावुक क्षण बताया. घोषणा के बाद आडवाणी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी का आभार जताया और कहा कि यह एक व्यक्ति के रूप में न केवल उनका, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों का भी सम्मान है, जिनका पालन करने का उन्होंने प्रयास किया. आडवाणी ने कहा, संघ में शामिल होने के बाद से जीवन में मुझे जो जिम्मेदारी मिली, उसे निभाते हुए अपने देश की समर्पित और निःस्वार्थ सेवा की. इससे पहले मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, हमारे समय के सबसे सम्मानित राजनेता आडवाणी का भारत के विकास में महान योगदान है. आडवाणी ने अपने सार्वजनिक जीवन में दशकों तक सेवा करते हुए पारदर्शिता और अखंडता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता जताई और राजनीतिक नैतिकता में एक अनुकरणीय मानक स्थापित किया. मोदी ने कहा, आडवाणी ने राष्ट्र की एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को आगे बढ़ाने के लिए अद्वितीय प्रयास किए. उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना मेरे लिए भावुक क्षण है. मैं इसे अपना सौभाग्य मानूंगा कि मुझे उनसे सीखने के अनगिनत अवसर मिले.

### एलके आडवाणी ने देश की जनता का आभार जताया

इस घोषणा के पश्चात आडवाणी ने अपने आवास से मीडियाकर्मियों का अभिवादन किया और उनकी बेटी प्रतिभा आडवाणी ने पत्रकारों से कहा कि उनके पिता देश का सर्वोच्च राजकीय सम्मान दिए जाने की घोषणा से बहुत खुश हैं. उन्होंने कहा, उन्होंने (आडवाणी ने) प्रधानमंत्री मोदी और देश की जनता को धन्यवाद दिया. उन्होंने कहा कि उनके पिता ने अपना पूरा जीवन देश को समर्पित कर दिया.

### लाल कृष्ण आडवाणी एक नजर

- **8 नवंबर 1927** -सिंध (अब पाकिस्तान) में जन्म
- **सितंबर 1947** -देश के बंटवारे के बाद सिंध से दिल्ली आए
- **1936-1942** -कराची के सेंट पैट्रिक्स स्कूल में पढ़ाई की
- **अप्रैल 1970** -राज्यसभा के रास्ते संसद में प्रवेश
- **मई 1986** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने
- **जून 2002 से मई 2004**- देश के सातवें उप-प्रधानमंत्री बने



# हेमंत सोरेन को कल फ्लोर टेस्ट में शामिल होने की मिली अनुमति



सौरभ सिंह/विनीत उपाध्याय। रांची

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को कोर्ट से फ्लोर टेस्ट के लिए सोमवार को होने वाली वोटिंग में शामिल होने की कोर्ट से अनुमति मिल गयी है. दरअसल 5 फरवरी (सोमवार) को फ्लोर टेस्ट में हेमंत के शामिल होने को लेकर पीएमएलए कोर्ट में अर्जी दाखिल की गयी. अर्जी में कहा गया कि राज्यपाल ने सोमवार को सुबह 11 बजे चंपई सोरेन सरकार के विश्वास मत के लिए समय तय किया है. हेमंत अभी ईडी की न्यायिक हिरासत में हैं. इसलिए उन्हें 5 फरवरी को 11 बजे एक घंटे के लिए विधानसभा सत्र में विश्वास मत के दौरान उपस्थित रहने की अनुमति दी जाए. इस अनुमति के लिए हेमंत सोरेन के अधिवक्ता ने कोर्ट में पूर्व में पारित किये गये कई आदेश पेश किये. ईडी के विशेष जज दिनेश राय की कोर्ट ने अर्जी पर सुनवाई करते हुए हेमंत को विश्वास मत के दौरान सुबह 11 बजे विधानसभा में उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. हेमंत की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा. बताते चलें कि हेमंत पांच दिनों के ईडी के रिमांड पर हैं. ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया था.

## ईडी की टीम अगले 5 दिनों तक हेमंत से करेगी पूछताछ

ईडी अब हेमंत से लैंड स्कैम से जुड़े केस में पूछताछ शुरू करेगी. पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने एजेंसी को हेमंत सोरेन से पांच दिनों तक पूछताछ करने की अनुमति दे दी है. जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से ईडी शनिवार से अगले पांच दिनों तक पूछताछ करेगी. बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बंद हेमंत सोरेन को ईडी ने शनिवार को अपने कब्जे में ले लिया. गौरतलब है कि ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया था. इसके बाद एक फरवरी को हेमंत सोरेन को ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में पेश किया. कोर्ट ने मामले में सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया. फिर दो फरवरी को कोर्ट ने तीन फरवरी से पांच दिनों तक हेमंत सोरेन को ईडी रिमांड पर भेजा दिया. कोर्ट ने ईडी को पुलिस रिमांड के दौरान हेमंत सोरेन का मेडिकल चेकअप कराते रहने का निर्देश दिया. साथ ही किसी तरह की शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना नहीं करने को भी कहा. इसके अलावा कोर्ट ने पूछताछ के दौरान हेमंत को अपने परिवार के सदस्य और अपने वकील से मुलाकात करने की छूट दी. मुलाकात की अवधि 30 मिनट होगी.

## हेमंत से रिमांड के दौरान इन सवालों का जवाब मांगेगी ईडी

### बड़गाईं के हल्का कर्मी ने सीएमओ के निर्देश पर की थी नोटिंग!

**रांची।** सीएमओ के निर्देश पर तत्कालीन अंचल अधिकारी ने हल्का कर्मचारी भानु प्रताप को उक्त भूखंड का निरीक्षण करने के लिए कहा. जिसके बाद हल्का कर्मचारी भानु ने खुद जा कर भूखंड का निरीक्षण किया और उसके बाद अपनी नोटिंग की. जिस भूखंड के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आरोपी बनाया गया है, वह रांची के बड़गाईं में स्थित है और उसका कुल रकबा (क्षेत्रफल) लगभग 8.50 एकड़ है. खतियान में यह भूखंड लोढ़ा पाहान के नाम से दर्ज है और इसका नेचर बकास्त भुईहरी और गैर भुईहरी दर्ज है.

### एजेंसी हेमंत सोरेन से रिमांड के दौरान इन सवालों के जवाब जानना चाहती है. वो ये हैं...

1. ईडी के पास जो साक्ष्य हैं, उन्हें आरोपी के समक्ष रख कर पूछताछ की जाएगी. जिससे यह पता चल पाए कि आरोपी के साथ भूमि के अवैध अधिग्रहण में और-कौन कौन लोग शामिल हैं.
2. **आरोपी व्यक्ति के साथ इस पूरे प्रकरण में शामिल अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाने के लिए पूछताछ जरूरी है.**
3. धन और संपत्ति के उन स्रोतों की जांच करना, जिसके जरिए बड़े भूखंड पर कब्जा किया गया और आरोपी द्वारा अर्जित की गयी अन्य संपत्तियों की जांच के संबंध में पूछताछ जरूरी है.

**हल्का कर्मी के फोन से मिली अवैध रूप से अर्जित जमीन की जानकारी :** लैंड स्कैम से जुड़े केस में तलाशी के दौरान ईडी को बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप का मोबाइल फोन मिला था, जिसे एजेंसी ने जब्त कर लिया था. उक्त मोबाइल में नकद लेनदेन, भूमि अधिग्रहण में दूसरों को अवैध लाभ पहुंचाने से संबंधित कई चैट और जानकारियां मिली थीं. उसी जानकारी में हेमंत द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी जमीन की जानकारी मिली.जो उसके हल्के (बड़गाईं अंचल) में स्थित थे. भूमि का कुल क्षेत्रफल 8.5 एकड़ है.

ईडी का बड़ा एक्शन | बड़गाईं के पूर्व हल्का कर्मी से जल्द हो सकती है पूछताछ

# भानु व हेमंत का हो सकता है आमना-सामना

शुभम संदेश टीम। रांची

ईडी ने बड़गाईं के राजस्व निरीक्षक (हल्का कर्मचारी) भानु प्रताप प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है, उन पर भूमि के सरकारी रिकॉर्ड में हेराफेरी, मूल रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप है. भानु प्रताप पहले से ही लैंड स्कैम से जुड़े केस में जेल में हैं और अब उन्हें इस मामले में गिरफ्तार किया गया है, जिसमें ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया है. ईडी की अब तक की जांच में यह पता चला है कि, भानु प्रताप ने बरियातू में 8.5 एकड़ जमीन सहित अवैध रूप से संपत्ति हासिल करने में हेमंत सोरेन की सहायता की. कोर्ट में ईडी के दिए आवेदन पर सोमवार को सुनवाई होगी.

### राजस्व निरीक्षक भानु प्रताप की भूमिका

ईडी ने रांची के मोरहाबादी में 4.55 एकड़ वाली रक्षा मंत्रालय की भूमि के फर्जी अधिग्रहण से संबंधित एक अन्य मामले की जांच के दौरान पाया कि राजस्व निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद इसमें शामिल एक सिंडिकेट का हिस्सा थे. पिछले साल 9 फरवरी को हुई छापेमारी में ईडी ने भानु के पास से कई भूमि के रिकॉर्ड (विशेष रूप से स्वामित्व विवरण) जो दूसरों के कहने पर तैयार किया गया था, वह बरामद किया था. 13 अप्रैल, 2023 को ईडी की तलाशी के दौरान उसके कब्जे से भारी संपत्ति दस्तावेजों के 11 ट्रंक और 17 मूल रजिस्टर जब्त किए गए. भानु और इस जमीन-हथियाने वाले सिंडिकेट के छह अन्य सदस्यों को अवैध गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में 14.04.2023 को गिरफ्तार किया गया था. उनके मोबाइल फोन से मिले डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए थे, जिससे यह पता चलता है कि कैसे वह अवैध रूप से संपत्ति हासिल करने के लिए हेमंत सोरेन सहित अन्य व्यक्तियों के साथ साजिश रचने में शामिल थे.



▼ ब्रीफ खबरें

## 25 सार्जेंट मेजर और 48 मेजर का हुआ तबादला

**रांची।** तीन साल से एक ही जिले में पदस्थापित 25 सार्जेंट मेजर और 48 मेजर का पुलिस मुख्यालय ने तबादला कर दिया है. इससे संबंधित अधिसूचना शनिवार को जारी कर दी गई है. पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर यह तबादला किया गया है. जिले के एसपी को निर्देश दिया गया है कि जिन सार्जेंट मेजर और मेजर का तबादला हुआ है, उन्हें विरमित करते हुए पुलिस मुख्यालय को प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करेंगे.

## नपे राज्य सेवा के अफसर होगी विभागीय कार्यवाही

**रांची।** सरकारी राशि के गबन के आरोप में राज्य प्रशासनिक सेवा के एक और अफसर पर गाज गिर गिर गई है. सरकार ने उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है. यह विभागीय कार्यवाही मांडर के तत्कालीन बीडीओ गोपी उरांव के खिलाफ चलेगी. गोपी उरांव पर स्वीकृत सिंचाई कूप निर्माण योजनाओं से संबंधित मस्टर रोल, जॉब डिमांड आदि कागजातों का बिना जांच पड़ताल किए और योजना स्थल के निरीक्षण किए बिना अधिक राशि का भुगतान का आरोप है. साथ ही सरकारी राशि का गबन एवं दुरूपयोग करने भी आरोप है.

### भवन निर्माण विभाग की 1568 करोड़ की 12 योजनाएं इस वर्ष होंगी पूरी

# तीन जिलों को मिलेंगे नए समाहरणालय भवन

अमित सिंह। रांची

झारखंड का भवन निर्माण विभाग 2024 में 1568.46 करोड़ की 12 योजनाओं का काम पूरा कर लेगा. राजधानी रांची को एटीआई बिल्डिंग और विधायकों की 70 रेसिडेंसियल बिल्डिंग इस वर्ष के नवंबर माह तक पूर्ण हो जाएंगी. वहीं जुलाई में 80 करोड़ की लागत से बन रहा कमांड कंट्रोल सेंटर का काम पूरा हो जाएगा. इसके साथ ही तीन जिले लोहरदगा, गुमला और देवघर को जुलाई 2024 तक नया समहरणालय भवन सौपने का लक्ष्य है.

लोहरदगा और गुमला जिले को नए समहरणालय भवन के अलावा मार्च 2025 तक नयी कोर्ट बिल्डिंग भी समर्पित कर दी जाएगी. विभाग के आला अफसर इन निर्माण योजनाओं की खुद मॉनिटिरंग कर रहे हैं. रांची और गुमला में करीब 12 करोड़ की लागत से ईवीएम वार रूम का निर्माण अंतिम चरण में है. विभाग के जिम्मेवारों का कहना है कि वार रूम को किसी भी हाल में मई 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा. गिरिडीह के सरिया में न्यू सब डिवीजनल रेसिडेंसियल बिल्डिंग को 29 फरवरी तक पूरा करने का लक्ष्य है.



**इस वर्ष कौन-कौन सी योजनाएं होंगी पूरी**

| योजना का नाम | लागत | कब पूर्ण होगा |
|---|---|---|
| एटीआई न्यू बिल्डिंग,रांची | 155.56 | नवंबर 2024 |
| 70 एमएलए बिल्डिंग,रांची | 203.00 | नवंबर 2024 |
| कमांड कंट्रोल सेंटर, रांची | 80.00 | जुलाई 2025 |
| ईवीएम वार रूम, रांची | 7.57 | मई 2024 |
| झारखंड भवन, नई दिल्ली | 84.00 | तकरीबन कंप्लीट |
| लोहरदगा समाहरणालय भवन | 45.81 | जुलाई 2024 |
| गुमला समाहरणालय भवन | 50.78 | जुलाई 2024 |
| देवघर समाहरणालय भवन | 52.53 | जुलाई 2024 |
| लोहरदगा कोर्ट(12) बिल्डिंग | 20.15 | मार्च 2025 |
| गुमला कोर्ट(09) बिल्डिंग | 19.49 | मार्च 2025 |
| न्यू सब डिविजन ऑफिस, सरिया | 8.05 | अप्रैल 2024 |
| न्यू सब डिविजन ऑफिस, लोहरदगा | 9.48 | अप्रैल 2024 |
| न्यू सब डिविजन ऑफिस, चास | 9.19 | अप्रैल 2024 |
| न्यू सब डिविजन ऑफिस, जामताड़ा | 8.81 | अप्रैल 2024 |
| न्यू सब डिविजन रेसिडेंसियल बिल्डिंग, सरिया | 11.27 | फरवरी 2024 |
| ईवीएम वार रूम, गुमला | 4.18 | मई 2024 |

(नोट: लागत राशि करोड़ रुपए में है.)

### लंबित योजनाओं के लिए जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह

भवन निर्माण विभाग के जिम्मेवारों ने लंबित योजनाओं को पूर्ण कराने के लिए लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं. साथ ही भूमि संबंधी विवादों को जल्द से जल्द दूर करने को कहा है. जमीन की वजह से लंबित योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह राजस्व भूमि सुधार विभाग से किया गया है. गत वर्ष की करीब पांच योजनाएं जमीन की वजह से लंबित है, जिनको जल्द शुरू करने और जमीन के ट्रांसफर का काम कराने के लिए संबंधित अफसरों को जिम्मेवारी सौंपी गई है. भवन निर्माण विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में 631 करोड़ के बजट में से 522 करोड़ रुपए का आवंटन कर दिया है.

### हाईकोर्ट ने सरकार व जल संसाधन विभाग से पूछा

# निर्माण कार्य क्यों रोका

- स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना बंद करने खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई

संवाददाता। रांची

स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना साल 2020 से बंद है. सरकार अब तक उस परियोजना में 6.5 हजार करोड़ खर्च कर चुकी है. ऐसे में प्रार्थी संतोष कुमार सोनी ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर परियोजना को अविलंब पूरा करने का आग्रह किया है. जिसपर हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और जल संसाधन विभाग से पूछा है कि कार्य को किस प्रकार से बाधित किया गया है. मामले की अगली सुनवाई 6 मार्च को होगी.

### सिंचित जमीन के निर्माण के साथ पर्यटन और रोजगार भी होंगे सृजित

प्रार्थी की ओर से दायर याचिका में कहा है कि इस परियोजना से न सिर्फ कृषि के लिए सिंचित जमीन का निर्माण होगा, बल्कि पर्यटन और लोगों के रोजगार भी सृजित होंगे. क्योंकि यह एक बड़ी परियोजना है और इसे बिना कारण बताये बंद कर दिया गया. इसका निर्माण पूरा किया जाना चाहिए. आगे लिखा है कि स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना के लिए वर्ष 1978 में एकीकृत बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता भी हुआ है.

### बिहार की तर्ज पर झारखंड के वित्त विभाग ने जारी किया संकल्प

# झारखंड के आइएएस अफसरों को भी अब मिलेगा लैपटॉप व टैबलेट

रवि भारती। रांची

झारखंड सरकार ने ई-गवर्नेंस पर जोर दिया है. बिहार सरकार की तर्ज पर झारखंड कैडर के आइएएस अफसरों के साथ संयुक्त सचिव व अवर सचिव रैंक के अफसरों को लैपटॉप या टैबलेट दिया जाएगा. राज्य में यह व्यवस्था भारत सरकार के दिशा-निर्देश के आलोक में की जा रही है. बिहार में अफसरों को यह सुविधा उपलब्ध करा दी गई है. वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि झारखंड में ई-गवर्नेंस के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अफसरों को लैपटॉप या टैबलेट की सुविधा दिये जाने का निर्णय लिया गया है.

**खरीद की तिथि से चार साल तक रहेगी सरकारी संपत्ति:** आदेश में कहा गया है कि लैपटॉप या टैबलेट के खरीद की तिथि से चार साल के लिये संबंधित उपकरण सरकारी सम्पत्ति रहेगी. इस दौरान उपकरण की सुरक्षा एवं डाटा की गोपनीयता एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी संबंधित पदाधिकारी की होगी. चार वर्ष के दौरान लेपटॉप या टैबलेट के मरम्मत पर खर्च का वहन संबंधित विभाग के द्वारा किया जाएगा. संबंधित पदाधिकारी क्रय किये गये उपकरण का बीमा अपने खर्च पर कर सकेगा. विभाग के स्तर से बीमा के लिए राशि अनुनान्य नहीं होगी. चार साल की अवधि पूरी होने पर संबधित पदाधिकारी लैपटॉप या टेबलेट रिटेन कर सकेंगे. साथ ही संबंधित विभाग सुनिश्चित करेंगे कि उपकरण दिये जाने के पूर्व सभी आवश्यक एवं महत्वपूर्ण डाटा उपकरण से हटा दिये गये हैं.



### मिलेगी सुविधा

- डाटा में हेराफेरी हुई तो जिम्मेदार होंगे अफसर
- चार साल तक के लिए किया जाएगा इसका उपयोग

### चार साल के दौरान कोई नया लैपटॉप नहीं होगा आवंटित

किसी भी पदाधिकारी को लैपटॉप या टैबलेट उपलब्ध कराये जाने की स्थिति में अगले चार साल तक उस पदाधिकारी कोई नया लैपटॉप या टैबलेट आवंटित नहीं किया जाएगा. आवश्यकता के आधार पर उसे नया उपकरण आवंटित किया जा सकेगा. इसके लिए प्राधिकृत सर्विस सेंटर अथवा एएमसी एजेंसी से सर्टिफिकेट की आवश्यकता होगी. संबंधित पदाधिकारी का स्थानांतरण व प्रतिनियुक्ति होने की स्थिति में पदाधिकारी आवंटित लैपटॉप या टैबलेट का उपयोग करते रह सकेंगे. इसका अंकन संबंधित पदाधिकारी के अंतिम वेतन प्रमाण पत्र में किया जाएगा.

### प्रति लैपटॉप कितना खर्च

वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि लैपटॉप या टैबलेट (दोनों में से कोई एक) आवश्यक सॉफ्टवेयर एवं एसोसिरिज के साथ क्रय के लिए अधिकतम एक लाख रुपए टैक्स के साथ अनुमान्य होगी. यद्यपि वैसे उपकरण जिनमें मेड इन इंडिया कोपोनेंट(उपकरण) की मौजूदगी 40 प्रतिशत से अधिक होगी, उन लैपटॉप या टैबलेट के क्रय के लिए अधिकतम 1.30 लाख रुपए की अधिसीमा अनुमान्य होगी.

### तबरेज अंसारी मॉब लिंचिंग मामला

# 5 साल बाद मिला मुआवजा

संवाददाता। रांची

सरायकेला जिले में हुए तबरेज अंसारी मॉब लिंचिंग मामले में पांच साल बाद परिजनों को मुआवजा मिला है. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की अनुशंसा के बाद तबरेज की पत्नी सहिस्ता परवीन को दो लाख का मुआवजा दिया गया. इससे संबंधित आदेश झारखंड गृह विभाग ने जारी कर दी है. यह मामला 17 जून 2019 का है. तबरेज जमशेदपुर से अपने गांव वापस लौट रहा था. तभी सरायकेला इलाके के धातकीडीह गांव के कुछ लोगों ने उसे चोरी के आरोप में पकड़ लिया था. उसके बाद बिजली के खंबे में बांधकर उसकी पिटाई की थी. पुलिस ने तबरेज को चोरी के आरोप में जेल भेज दिया था. जहां उसकी तबीयत बिगड़ गयी और 22 जून 2019 को अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी.

**10 दोषियों को दस साल की सजा सुनायी गयी :** सरायकेला कोर्ट ने इस मामले में बीते पांच जुलाई 2023 को 10 दोषियों को दस साल की सजा सुनायी. साथ ही सभी पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है. सरायकेला सिविल कोर्ट के एडीजे-1 अमित शेखर की कोर्ट ने आईपीसी की धारा 304 के तहत दोषियों को सजा सुनायी. कोर्ट ने जिन 10 लोगों को दोषी करार दिया, उनमें भीम सिंह मुंडा, कमल महतो, मदन नायक, अतुल महाली, सुमंत महतो, विक्रम मंडल, चामू नायक, प्रेमचंद महाली और महेश महाली शामिल हैं.

# राहुल की यात्रा को झारखंड में राजद का है पूर्ण समर्थन

संवाददाता। रांची

झारखंड राजद के प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को पूर्ण समर्थन है. जयप्रकाश ने आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के निर्देशानुसार झारखंड राजद के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को राहुल की पदयात्रा में शामिल होने और उनको पूर्ण समर्थन देने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में पिछड़े, दलित और आदिवासी की सरकार है, भाजपा उसको अस्थिर करने पर लगी हुई है. भाजपा अराजक और सांप्रदायिक पार्टी है. कहा कि महागठबंधन की सरकार को गिराने का षड्यंत्र कर रही भाजपा को मुंह की खानी पड़ी.

### चंपई सोरेन को दी जयप्रकाश ने बधाई

जयप्रकाश नारायण यादव ने गठबंधन की सभी साथियों को धन्यवाद और बधाई दी. कहा कि उन्होंने एकजुटता दिखायी और जनमत का सम्मान किया. जयप्रकाश ने चंपई सोरेन को नये मुख्यमंत्री बनने पर भी बधाई दी. साथ ही आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता को भी मंत्री पद की शपथ लेने पर शुभकामनाएं दी.

**मौसम** अगले 2 दिनों में झारखंड में 2 से 3 डिग्री तक गिरेगा पारा

# झारखंड में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

संवाददाता। रांची

झारखंड में अगले दो दिनों तक मौसम साफ रहेगा. सुबह में कोहरे के बाद धुप निकलने की संभावना है. जबकि मौसम शुष्क रहेगा. राज्य के दक्षिणी भागों में अगले 2 दिनों में न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस गिर सकता है. जबकि अन्य भागों में तापमान में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं है. हालांकि अगले दो दिनों के बाद झारखंड में मौसम का मिजाज बदलेगा. मौसम विभाग की मानें तो उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ बन रहा है. जिसकी वजह से अगले दो दिनों के बाद यानी 5 और 6 फरवरी को बारिश की संभावना है. मौसम विभाग के अनुसार, 5 फरवरी को राज्य के उत्तरी भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हो सकती है. जबकि 6 फरवरी को राज्य के दक्षिणी, मध्य तथा उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना है. बारिश होने से लोगों को ठंड थोड़ी सताएगी.

**शहर का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 20.4 | 12.4 |
| बोकारो थर्मल | 21.5 | 13.6 |
| गिरिडीह | 21.0 | 12.0 |
| जमशेदपुर | 21.8 | 17.4 |
| चाईबासा | 22.4 | 14.2 |
| गढ़वा | 26.0 | 12.3 |
| डाल्टनगंज | 26.4 | 12.3 |
| देवघर | 23.7 | 13.0 |
| गोड्डा | 25.5 | 12.2 |

### बीते 24 घंटे में मांडर और खूंटी में हुई है सबसे अधिक बारिश

पिछले 24 घंटे में राज्य में कुछ स्थानों पर बहुत हल्की से हल्के दर्जे की वर्षा हुई. सबसे अधिक वर्षा 15 मिमी मांडर (रांची) और मुर्हु (खूंटी) में दर्ज की गयी. राज्य के दक्षिणी एवं निकटवर्ती मध्य भाग में कहीं-कहीं मध्यम से घने दर्जे का कोहरा देखा गया. डाल्टनगंज में सबसे अधिक उच्चतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस, जबकि गिरिडीह में सबसे कम न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

CLASSIFIED










































राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रविवार, 04 फरवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष 10, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 287 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# हैदराबाद रिजॉर्ट में झारखंड के विधायकों की कड़ी पहरेदारी

शुभम संदेश नेटवर्क। हैदराबाद

झारखंड के विधायकों को हार्स ट्रेडिंग से बचाने के लिए यहां रिजॉर्ट में उनके खानपान के लिए अलग स्थान, कमरों की पहरेदारी की खातिर जवान तैनात किये गए हैं. विधायक 2 फरवरी को रांची से निजी उड़ान से यहां पहुंचे थे. उन्हें शामरीपेट के लियोनिया होलिस्टिक डेस्टिनेशन ले जाया गया.

करीब 40 विधायकों को कांग्रेस की तेलंगाना प्रभारी दीपा दास मुंशी की निगरानी में ओ बिज ब्लॉक में ठहराया गया है. अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए व्यापक तैयारी की गई है. रिजॉर्ट में जिस तल पर विधायकों का ठहराया गया है वहां जाने के लिए केवल एक



लिफ्ट का उपयोग हो रहा है. विधायक के अलावा केवल अधिकृत व्यक्ति ही इसका इस्तेमाल कर सकते हैं. कोई भी व्यक्ति वहां नहीं जा सकता, जहां विधायकों को ठहराया गया है. पुलिस अधिकारी निकास और प्रवेश द्वारों की 24 घंटे पहरेदारी कर रहे हैं. विधायकों के कमरों की पुलिस कर्मी पहरेदारी कर रहे हैं और अनधिकृत निकास या प्रवेश वर्जित है. साथ ही, पहली मंजिल पर विधायकों के खान-पान के लिए अलग स्थान है, जहां अन्य अतिथि नहीं जा सकते. डाइनिंग हॉल की भी पुलिस कर्मी कड़ी सुरक्षा कर रहे हैं. सूत्रों ने बताया कि मोबाइल अब भी विधायकों के पास हैं और रिजॉर्ट में सादे लिबास में पुलिस कर्मी हैं. झारखंड में झामुमोनीत सत्तारूढ़ गठबंधन के 40 विधायक शुक्रवार को विमान से यहां आए थे.

विश्वास मत से पहले उनकी खरीद-फरोख्त करने का भाजपा द्वारा प्रयास किये जाने की आशंका के चलते यह कदम उठाया गया. पुलिस ने रिजॉर्ट की ओर जाने वाली सहायक सड़क पर अवरोधक लगाये हैं और वाहनों का प्रवेश निषिद्ध कर दिया है. कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के सूत्रों ने कहा कि झारखंड के विधायक 5 फरवरी को रांची के लिए रवाना होंगे, जब चंपई सोरेन सरकार विश्वास मत का सामना करेगी.

- परिंदा भी नहीं मार सकता पर, चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात
- कांग्रेस की तेलंगाना प्रभारी दीपा दासमुंशी की निगरानी में हैं विधायक



## पेड़ पर फांसी के फंदे से युवक-युवती के शव बरामद

**धुरकी (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गनियारी कला पंचायत के गनियारी खूर्द गांव के जोगिया खांड टोले में जामुन के पेड़ में दो-दो शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है. शव की पहचान जोगिया खांड टोला निवासी मुंद्रिका सिंह के 19 वर्षीय पुत्र सुनील सिंह एवं उसी टोले के कुलदीप सिंह की 18 वर्षीया पुत्री प्रियंका कुमारी के रूप में की गई है. जानकारी के अनुसार मृतक कुलदीप सिंह के घर टेंट साउंड का ट्रैक्टर चालक का कार्य 3-4 वर्षों से कर रहा था. शव को सबसे पहले ग्रामीणों ने देखा. इसके बाद इसकी सूचना धुरकी पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही धुरकी थाना प्रभारी सन्तोष कुमार रवि दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर शव को पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. घटना के संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि गनियारी खूर्द गांव के जोगिया खांड टोले से जंगल से जामुन का एक पेड़ पर फांसी के फंदे में झूलते हुए युवक और युवती शव बरामद किया गया है. शव की पहचान हो गई है.

### स्थापना दिवस को लेकर पार्टी नेताओं में छिड़ी होर्डिंग लगाने की जंग

# झामुमो जिलाध्यक्ष-सचिव की होर्डिंग से सीएम गायब

संवाददाता। धनबाद

झामुमो के स्थापना दिवस कार्यक्रम एवं राहुल गांधी के शनिवार की रात धनबाद में कार्यक्रम को लेकर पूरे शहर में होर्डिंग लगाई गई है. झामुमो के जिलाध्यक्ष लखी सोरेन एवं सचिव मन्नु आलम के होर्डिंग से झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ही गायब हैं. शहर में झामुमो के जिलाध्यक्ष एवं सचिव द्वारा लगाए होर्डिंग में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन एवं शिबू सोरेन तो दिख रहे, पर मौजूदा सीएम चंपई सोरेन ही नदारत हैं. सीएम को होर्डिंग से दरकिनार करने की मंशा समझ से परे है. जबकि इन्ही की पार्टी के अन्य कुछ नेताओं के होर्डिंग में चंपई सोरेन दिख रहे हैं. लखी सोरेन एवं मन्नू आलम द्वारा शहर के बीचोंबीच रणधीर वर्मा चौक एवं नगर निगम कार्यालय के पास लगाए होर्डिंग में मुख्यमंत्री नहीं दिख रहे हैं. इस बाबत पूछने पर जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि शनिवार की रात लगने वाले होर्डिंग में चंपई सोरेन दिखेंगे.

## दिख सकती है पार्टी की अंतर्कलह




झामुमो के स्थापना दिवस कार्यक्रम में पार्टी का अंतर्कलह दिखने की प्रबल संभावना है. हेमंत सोरेन के इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने से अंतर्कलह दिखने की संभावना और बढ़ जाती है. बता दें कि शुक्रवार को झामुमो द्वारा बुलाई आपात बैठक में झामुमो नेता आजाद मुखिया ने खुलेआम जिलाध्यक्ष लखी सोरेन एवं सचिव मन्नू आलम के खिलाफ संगीन आरोप लगाए थे. आजाद ने कहा था कि जिलाध्यक्ष एवं सचिव द्वारा पैसे लेकर पद का बंटवारा ऐसे लोगों को दिया गया है जिनकी पार्टी में भूमिका बहुत कम रही है. आजाद ने आरोप लगाया था कि जिलाध्यक्ष एवं सचिव द्वारा मनमाना रवैये से पार्टी चलाया जा रहा है. 4 फरवरी को भीड़ जुटाने के मुद्दे पर आजाद ने कहा था कि जिन नेताओं के पास जनबल है, उन्हें दरकिनार किया जा रहा है. ऐसे में हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में पार्टी का अंतर्कलह मैदान से लेकर स्टेज तक पर दिखने की संभावना है.

# बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम को लेकर असमंजस में है प्रशासन

संजीत यादव। पलामू

हाइकोर्ट के आदेश के बाद भी बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री का पलामू के चैनपुर में आगमन को ले अड़चनें है. जिसको लेकर असमंजस की स्थिति है. धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सरकार और जिला प्रशासन से अब तक अनुमति नहीं मिली है.

सरकार और जिला प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने का कारण सुरक्षा व्यवस्था बतायी जा रही है. कहा जा रहा है कि बाबा बागेश्वर का दरबार चैनपुर और रामगढ़ के बॉर्डर पर लगना है. जो नक्सल प्रभावित इलाका है. बाबा बागेश्वर की सुरक्षा में 300 से 500 निजी और सरकारी सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाते हैं.

पलामू के चैनपुर के सटे रामगढ़ थाना नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, इस वजह से 700 से अधिक सुरक्षाबलों को तैनात करना होगा. लेकिन पलामू में पर्याप्त पुलिस जवान नहीं हैं. पलामू पुलिस की मानें तो वर्तमान में पलामू जिले में करीब 1300 पुलिस जवान हैं. इसमें से 350 से अधिक जवान ट्रेनिंग में हैं. जिसको छोड़ कर अभी करीब 900 जवान पलामू में तैनात हैं. इसमें से 700 से अधिक जवान नक्सल अभियान में लगे हुए हैं.



### खास बातें

- जिले में पुलिस के 900 जवान ही तैनात, कहां से आएगी फोर्स
- बाबा को वीवीआईपी का दर्जा, चाहिए 700 जवान
- मजिस्ट्रेट की भी तैनाती होगी, जिसमें 3-4 आईएएस भी होंगे

### बाबा बागेश्वर धाम के कार्यक्रम में क्या है अड़चन

बाबा वीवीआईपी श्रेणी में आते हैं. उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली है. उनके कार्यक्रम में लाखों की भीड़ जुटेगी. वहीं पलामू पुलिस के पास बाबा के कार्यक्रम के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल नहीं हैं. बाबा की सुरक्षा को लेकर कई मजिस्ट्रेट की भी तैनाती करनी होगी. इनमें तीन से चार आईएएस भी होंगे. सभी मजिस्ट्रेट लोकसभा चुनाव की तैयारी लगे हैं. पलामू जिला प्रशासन का मानना है कि बाबा के कार्यक्रम में लाखों श्रद्धालु पहुंचेंगे. इससे विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है. जिस कारण जिला प्रशासन सुरक्षा मुहैया कराने को लेकर हाथ खड़े कर रहा है.

### प्रशासन लगातार कर रहा कार्यक्रम पर मंथन

बाबा के कार्यक्रम को लेकर मुख्य सचिव, डीजीपी, डीसी और एसपी लगातार आपस में मंथन कर रहे हैं. इधर चैनपुर में 10-15 को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति ने तैयारी भी शुरू कर दी है. संयोजक अरुणा शंकर ने बताया कि हमारी टीम बाहर से आए एक्सपर्ट के साथ बिजली, पानी, सड़क, शौचालय, पार्किंग, रोज एक लाख लोगों के प्रसाद एवं 2 लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था की समीक्षा कर रही है. उन्होंने कहा कि हमारी टीम रात दिन एक करके कार्यक्रम को मूर्त रूप देने का काम कर रही है. बाबा जरूर आएंगे.

## नरेंद्र मोदी को आडवाणी ने बचाया था: जयराम

**दुमका/ रांची।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश, राहुल गांधी के साथ झारखंड दौरे पर हैं. शनिवार को उन्होंने मीडिया से बातचीत में



लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने पर कहा कि लाल कृष्ण आडवाणी नें 2002 में नरेंद्र मोदी को बचाया था. उस वक्त तत्कालीन पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें राजधर्म भी याद कराया था. वे उन्हें पद से हटाने वाले भी थे. जब 2014 में नरेंद्र मोदी पीएम पद के लिए नामांकन दाखिल करने जा रहे थे, तब लालकृष्ण आडवाणी ने नरेंद्र मोदी को बेस्ट इवेंट मैनेजर बताया था. उधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस फैसले का हम स्वागत करते हैं.

### झारखंड के भविष्य के लिए ठीक नहीं है परीक्षा में धांधली

# सीजीएल परीक्षा की हो सीबीआई जांच: गोप

सुकेश। चाईबासा

आंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के सिंहभूम लोकसभा प्रभारी रामहरि गोप ने कहा कि झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023-24 के अंतर्गत विगत 28 जनवरी को आयोजित की गई परीक्षा पर बड़े पैमाने पर धांधली सामने आया है. यह निश्चित रूप से झारखंड की स्वस्थ भविष्य के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है. ऐसे ना जाने कितनी धांधली उससे पहले भी होती रही है और इसका पुख्ता सबूत नहीं होने के कारण मेहनतकश झारखंडी छात्र आरोप लगाने में नकाम रहे है, इसलिए राज्य के नए घटित चंपई सरकार को इस धांधली का सीबीआई जांच करवा कर दोषियों को नए कानून के तहत 10 करोड़ रुपया का जुर्माना और करावास का सजा मिले.



ताकि झारखंड के लगभग तीन करोड़ लोगों को न्याय मिल सके. क्योंकि ऐसे कोई भी कार्य विभागीय पदाधिकारी का संलिप्त के बगैर ऐसी अनुचित गतिविधियां किसी भी प्रकार से नहीं हो सकती है.

इस परीक्षा की धांधली में निश्चित तौर पर बड़े पैमाने पर विभागीय पदाधिकारी का संलिप्त से ही संभव होता है. इसीलिए झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की विश्वसनीयता और साख बनाए रखने के लिए निश्चित तौर पर राज्य के मुखिया को सीबीआई जांच करवा कर दोषियों को कठोर से कठोर सजा दी जाए.

### कोल्हान स्टुडेंट यूनियन ने भी की जांच की मांग

कोल्हान स्टूडेंट यूनियन ने पेपर लीक केस की जांच सीबीआई से करवाने की मांग की है. इसके लिये यूनियन के पदाधिकारियों ने निदेशक, केंद्रीय जांच ब्यूरो के नाम उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में पेपर लीक मामले में जेएसएससी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की गयी है. मौके पर यूनियन के शिशिर बिरुवा, योगेश देवगम, गुरा सिंकु, दीपक बास्के, संजय सारील देवगम, बोंगा लागुरी आदि मौजूद थे.

## ग्रीनकार्ड धारियों को नहीं मिला है 9 माह का राशन

**धनबाद।** चार साल पूर्व जिले में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई ग्रीनकार्ड योजना की स्थिति ठीक नहीं है. 15 नवंबर 2020 से लेकर अभी तक इस योजना के लाभुकों को नियमित राशन नहीं मिला है. हर छह, सात माह बाद योजना बंद हो जाती है, जिसके कारण लाभुक राशन लेने से वंचित रह जाते हैं. वर्तमान में अभी सिर्फ अप्रैल माह का राशन मिला है. महुदा निवासी अतिसी चौधरी ने बताया कि हमें तो साल में सिर्फ एक बार ही राशन मिलता है. एक बार राशन लेने के बाद पीडीएस डीलर्स ही कहता है कि जाओ अब अगले साल आना. वहीं साहिल अंसारी, जानी बाबू अंसारी, अब्दुल कलाम अंसारी ने कहा कि अभी तक तो 9 महीने का राशन नहीं मिला है. डीलर्स कहता है कि सरकार ही बकाया नहीं दे रही है, तो क्या करें, जब बकाया राशन आएगा तभी मिलेगा.

### बढ़ा दबाव सरकार में मंत्री बनने के लिए विधायकों की तरफ से बढ़ने लगा दबाव

# हो आदिवासी विधायक सिंकू को मंत्री बनाने की मांग

संवाददाता। किरीबुरु

आजसू पार्टी के अलग राज्य के आंदोलन से पनपे आंदोलनकारी सह जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक सोनाराम सिंकू को पूर्व सीएम मधु कोड़ा एवं सांसद गीता कोड़ा की कड़ी मेहनत और जनता के आशीर्वाद से विधायक बने हैं. सोनाराम सिंकू अलग झारखंड राज्य की मांग करने के क्रम 18 महीने तक ओडिशा के चंपुआ जेल में बंद रहे थे. हाल ही में झारखंड सरकार व उपायुक्त की तरफ से उन्हें प्रशस्ति-पत्र देकर झारखंड आंदोलनकारी से सम्मानित भी किया गया. सोनाराम सिंकू अपने





चार साल के कार्यकाल में अपनी कार्यशैली से जनता के बीच काफी लोकप्रिय हैं. वे लोगों के साथ सदैव खडे. रहते हैं. चौक-चौराहे, चाय दुकान आदि कहीं भी बैठकर जनता की समस्याओं से जुडे. आवेदन पर तत्काल स्टांप (मोहर) लगाकर संबंधित विभाग को समाधान के लिए अनुशंसा कर देते हैं. उनके इसी स्वभाव के कारण सभी वर्ग व पार्टियों के लोग उन्हें काफी पसंद करते हैं.

महागठबंधन की सरकार में विधायक सोना राम सिंकु को कोल्हान से कांग्रेस पार्टी के कोटा में आदिवासी समाज के हो समुदाय से मंत्री बनाने की मांग सिंहभूम जिला से सभी वर्ग के लोग महागठबंधन के नेता और पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं से कर रहें हैं.

### सिंकू को मंत्री बनाने पर हो रहा विचार

पार्टी सूत्रों की मानें तो सिंकू को मंत्री बना कर कोड़ा दंपती के भाजपा में जाने की चर्चा पर पूर्ण विराम लगाने पर भी विचार विमर्श किया जा है. सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश और जिला कमेटी द्वारा भी सिंकू को मंत्री बनाए जाने का दबाव बनाया जा रहा है. जिले के मुस्लिम समुदाय अपने संगठन अंजुमन इस्लामिया और आदिवासी समाज हो महासभा की ओर से सिंकू को मंत्री बनाने की मांग कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रभारी मीर से मांग की है. सूत्रों की मानें तो ईसाई समुदाय के दो पादरी ने भी दिल्ली पार्टी मुख्यालय में बात रखी है.






## ब्रीफ खबरें

### स्वीप कोर कमिटि का किया गया पुर्नगठन

**लातेहार।** आगामी लोकसभा चुनाव को ले कर जिला स्वीप कोर कमिटि का पुर्नगठन किया गया है. उपायुक्त सह जिला निवार्चन पदाधिकारी हिमांशु मोहन की अध्यक्षता वाली इस कोर कमिटि में क्षेत्र प्रसार पदाधिकारी, डालटनगंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना, पत्रकार संजय तिवारी, बनवारी कॉलेज के एनएसएस के संयोजक प्रो नवल किशोर, नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी, पत्रकार आशीष टैगोर व एपीआरओ का नाम बतौर सदस्य शामिल है.

### राजस्व कर्मचारी का निधन, शोक सभा

**लोहरदगा।** कैरो अंचल में कार्यरत कर्मी इंद्रदेव कच्छप के आकस्मिक निधन पर समाहरणालय परिसर लोहरदगा में उनके आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया. वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं. उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि राजस्व कर्मचारी इंद्रदेव कच्छप अपनी जिम्मेदारियों के प्रति हमेशा गतिशील रहते थे, मौके पर उपायुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, डीटीओ, एनडीसी समेत बड़ी संख्या कर्मिगण उपस्थित थे.

### भाजपा ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय गढ़वा में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत पं दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई. कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, जिला प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह एवं ओमप्रकाश केशरी को सम्मानित किया गया. इस दौरान ओमप्रकाश केशरी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो को अपना कार्यभार सौंपा.

### भुवनेश्वर बने नवोदय विद्यालय के प्राचार्य

**गढ़वा।** जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य के पद पर भुवनेश्वर साह ने योगदान दिया. उन्होंने निवर्तमान प्राचार्य रामानंद प्रसाद से प्रभार लिया. प्रभार ग्रहण के बाद उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराते हुए दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट को पहले से और बेहतर करना प्राथिमकता होगी. उन्होंने कहा कि विद्यालय की समस्या को सभी मिलकर दूर करते हुए विद्यालय को नई ऊंचाई पर ले जाना है.

### पुलिस ने पोस्ता की खेती को किया नष्ट

**नौडीहा बाजार/पलामू।** थाना क्षेत्र गोरहो में एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी संजीव रंजन, इंस्पेक्टर बीर सिंह मुंडा ने चलाया अभियान. पुलिस के द्वारा पोस्ता/अफीम की खेती को किया गया नष्ट. पुलिस खेती करने वालों की पहचान में जुटी. आसपास के ग्रामीणों को ऐसे फसलों की खेती नहीं करने की दी जानकारी. साथ ही लोगों को एनडीपीएस अधिनियम, नशीले पदार्थों और उसके दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी.

## मैट्रिक के 33,153 एवं इंटर के 29,756 विद्यार्थी परीक्षा में होंगे शामिल

# जिले में मैट्रिक के 71 और इंटर के 37 केंद्रों पर होगी परीक्षा

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

जिले में आगामी 6 फरवरी से प्रारंभ हो रहे मैट्रिक व इंटर की परीक्षाओं को कदाचार व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बैठक हुई.समाहरणालय के दूसरे तल्ले के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने मैट्रिक व इंटर की परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों की जानकारी ली.प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि जिले में मैट्रिक की परीक्षा के लिये 71 एवं इंटर की परीक्षा के लिए 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं.इन परीक्षा केंद्रों में मैट्रिक के 33,153 एवं इंटर के 29,756 विद्यार्थी परीक्षा देंगे.मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली तो इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी.उपायुक्त ने स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए कई दिशा-निर्देश दिये.

उन्होंने परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं उड़नदस्ता दंडाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिया. बैठक में उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों में समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने के लिए सभी तैयारी पूर्व में ही पूरी कर लेने का निर्देश दिया.बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,सभी सेंटर सुपरीटेंडेंट,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत शिक्षा विभाग से जुड़े अन्य लोग उपस्थित थे.



**खास बातें**

- सभी बच्चे तनाव मुक्त होकर परीक्षा में शामिल हों : उपायुक्त
- मैट्रिक की प्रथम पाली व इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी

### केंद्राधीक्षक एवं वीक्षक को परीक्षा संचालन का ध्यान रखें

बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने सभी केंद्राधीक्षक एवं वीक्षक को परीक्षा संचालन के दौरान "क्या करना है"क्या नहीं करना है" संबंधित विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान वीक्षकों का मोबाइल के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा .सभी वीक्षक यह सुनिश्चित करें कि कोई भी परीक्षार्थी कदाचार ना करें .सभी वीक्षक का यह दायित्व होगा कि केंद्र अधीक्षक द्वारा निर्धारित सीट प्लान के अनुसार ही परीक्षार्थी को



आवंटित बेंच डेस्क पर ही बैठायें .परीक्षा समाप्ति के उपरांत केंद्र अधीक्षक प्रश्नपत्र सह उत्तर पुस्तिका का रोल कोड एवं रोल नंबर उपस्थिति/ अनुपस्थिति के आधार पर अपने प्राधिकृत कर्मियों द्वारा मिलन करते हुए प्राप्त करेंगे .इसी तरह उपायुक्त ने केंद्राधीक्षकों को उनके कार्यों व उनके द्वारा संपादित किए जाने वाले दायित्वों के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी .

**उपायुक्त सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं**

आगामी मैट्रिक व इंटर की परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने अभिभावकों व अध्यापकों से भी अपील की है कि वे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए एक मैत्रीपूर्ण वातावरण दें ताकि वे बिना किसी दबाव के पढ़ाई कर और अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकें .उन्होंने परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों से तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने की बात कही .

### 60 घंटे के बाद भाकपा माले का अनशन समाप्त


**पांकी।** ग्रामीण जल आपूर्ति योजना के तहत आधा अरब की लागत से 7 पंचायतों के 48 गांवों में नल –जल योजना के से पानी पहुंचाने की माग को लेकर भाकपा माले के कार्यकर्ता 1 फरवरी से अनशन पर थे. अनशन में पांकी मध्य जिला परिषद खुशबू कुमारी और किसान महासभा के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह और वाई ए जिला अध्यक्ष इजहार अनशन पर बैठे थे. शनिवार को पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता के लिखित आश्वासन पर भूख हड़ताल समाप्त हुआ.इससे पूर्व भूख हड़ताल कार्यक्रम में प्रतिदिन सैकड़ों लोग शामिल हो रहे थे. लोगों का जन समर्थन भी मिल रहा था. तीसरे करीब 1 बजे दिन पेय जल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता दल बल के साथ अनशन स्थल पहुंचे.

### हजरत बाबा दुखन शाह का चार दिवसीय उर्स शुरू

**लोहरदगा।** हजरत बाबा दुखन शाह (र. अ.) की 99वीं उर्स का आगाज शनिवार को परचम कुशाई के साथ आधिकारिक रूप से प्रारम्भ हो गया. अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी, सेक्रेटरी सफदर आलम, नाइब सदर नेहाल कुरैशी, सहसचिव मुजम्मिल अंसारी, हाजी नसीम अख्तर, जामा मस्जिद के इमाम शमीम रिजवी, हाफिज सफीक, कारी शाहिद कुरैशी फिदाई, असगर अंसारी, लुकमान अंसारी, अबुल कलाम तैगी, सज्जाद अंसारी, सिराज अंसारी, मोहम्मद कैश, सगीर अंसारी, खालिद अंसारी, असगर तैगी आदि समेत अंजुमन के अन्य ओहदेदारों व गणमान्य लोगों ने मजार पर परचम लहराया .

## न्यूज अपडेट

### परिवहन विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान



**लातेहार।** जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में यातायात नियम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर बाइक जागरूकता रैली परिवहन विभाग के द्वारा निकाली गयी. बाइक रैली में लोगों को सावधानी पूर्वक वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गयी. लोगों को अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहन कर बाइक चलाने का संदेश दिया गया. बाइक रैली शहर के डेयरी फार्म से शुरू हो कर पोचरा रोड के मोटरयान ट्रेनिंग स्कूल तक गयी. इसमें तकरीबन 70 सवारों ने भाग लिया. डीटीओ सुरेंद्र कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा को ले कर यह बाइक जागरूकता रैली निकाली गयी.

### धौनी को पलामू आने का दिया आमंत्रण :अविनाश देव




**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रांची के पवेलियन में क्रिकेट सम्राट महेंद्र सिंह धौनी से मुलाकात कर अपने संत मरियम विद्यालय में आने का न्योता दिया. मुलाकात के बाद अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. कंधे पर हाथ रख धौनी साहब आश्वासन के दो शब्द बोले. पलामू आने से यहां के बच्चों में उत्साह जगेगी और खास कर खेल प्रेमी अपनी आंखों से दीदार कर सकेंगे. खेल के दुनिया में पलामू के धरती पर भविष्य गढ़ने की संभावना व्यक्त किया. हमारी हर कोशिश है की विद्यालय के नए सत्र में पलामू के धरती पर क्रिकेट के अंतरराष्ट्रीय बादशाह एम एस धोनी को लाऊं. मुलाकात के दौरान उनके फार्म के कृषि सलाहकार रौशन कुमार एवं पशु चिकित्सक डॉ विश्वरंजन कुमार,बीएयू के प्रो डॉ पंकज कुमार उपस्थिति रहे.

### लातेहार के अपर समाहर्ता को विदाई दी गयी



**लातेहार।** अपर समाहर्त्ता आलोक शिकारी कच्छप और कार्यपालक दंडाधिकारी मोहन लाल मरांडी को परिसन भवन में कार्यक्रम आयोजित कर विदायी दी गयी. उपायुक्त हिमांशु मोहन ने आलोक शिकारी कच्छप को स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण व सेवानिवृति एक सहज प्रक्रिया है. अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप लातेहार में उप विकास आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार पर भी थे. मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन, एसडीओ मो परवेज आलम, डीएसओ रश्मि लकड़ा, डीटीओ सुरेंद्र कुमार, गोपनीय शाखा प्रभारी श्रेयांस रंजन व सुजीत सिंह समेत कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे.

### मतदाता जागरूकता कांटेस्ट को लेकर बैठक



**लातेहार।** जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी लातेहार रोहित कंडुलना के अध्यक्षता में झारखंड वोटर एवेयरनेस कॉन्टेस्ट में भागीदारी को ले कर एक बैठक आयोजित की गयी. बैठक में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि, यू-ट्यूबर एवं पोस्टर डिज़ाइनर आदि ने भाग लिया. जिला जनसंपक्र पदाधिकारी रोहित कंडुलना ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के पहल पर मतदाता जागरूकता हेतु झारखंड वोटर एवेयरनेस कांटेस्ट आयोजित किया जा रहा है. प्रतियोगिता चार विधाओं के लिए आयोजित की जाएगी. इसमें वीडियो सांग मेकिंग,शॉर्ट फ़िल्म मेकिंग, रील्स और पोस्टर डिज़ाइनिंग शामिल है. प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए निर्धारित थीम पर वीडियो सॉन्ग, शॉर्ट फ़िल्म, रील्स, पोस्टर तैयार कर 20 फरवरी पर भेजा जा सकता है.

### लातेहार की स्मृति सदैव साथ रहेगी : संतोष मिश्रा



**लातेहार।** लातेहार के नये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में अरविंद कुमार ने पदभार संभाला. उन्होंने निवर्तमान एसडीपीओ संतोष मिश्रा से पदभार ग्रहण किया. मौके पर संतोष मिश्रा ने कहा कि लातेहार की स्मृति सदैव उनके साथ रहेगी. उन्होंने कहा कि लातेहार के लोग काफी अच्छे हैं. अपराध नियंत्रण में उन्हें समाज के हर तबके के लोगों का साथ मिला. लोगों ने कहा कि एक व्यवहार कुशल पुलिस अधिकारी के रूप में संतोष मिरा लातेहार में हमेशा याद किये जायेंगे. पदभार ग्रहण करने के बाद नये एसडीपीओ कुमार ने अपराध नियंत्रण मे सामूहिक भागीदारी निभाने की अपील की.

### आदिवासी युवा एक्सचेंज प्रोग्राम में भाग लेने मैसूर रवाना



लातेहार। आगामी छह से 12 फरवरी तक कनार्टक के मैसूर में 15 वीं आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम-2023-24 का आयोजन किया जायेगा. सीआरपीएफ की 11 वीं बटालियन और नेहरू युवा केंद्र, लातेहार के संयुक्त तत्वावधान में लातेहार जिले के विभिन्न सुदूरवर्ती क्षेत्रों के 20 युवाओं के दल को मैसूर रवाना किया गया. बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी एवं नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर इन्हें रवाना किया. कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना है.

### इलाज के अभाव में महिला का एक पैर धीरे-धीरे सड़ रहा है



**लातेहार।** समुचित इलाज के अभाव में फूलकुमारी देवी का एक पैर अब धीरे-धीरे सड़ रहा है. फूलकुमारी देवी सदर प्रखंड के आरागुंडी पंचायत के टेमकी ग्राम निवासी सुरेश उरांव की 30 वर्षीय पत्नी है. उसका मायका गारू प्रखंड के कार्रवाई पंचायत के कुई गांव में है. अभी वह अपने मायके में ही है. दोनों पति- पत्नी मजदूरी करते थे. सुरेश उरांव ने बताया कि मजदूरी के सिलसिले में वे दोनों पलामू के चैनपुर के सरहुआ ग्राम गये थे. गत वर्ष नौ अक्टूबर को फूलकुमारी वहां से लौट रही थी. वह एक सवारी वाहन में सवार थी. सवारी वाहन रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी.

### योद्ध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन



**मेदिनीनगर।** योद्ध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में शनिवार को इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने किया. कार्यशाला में उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आप सभी छात्राएं आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने जिले के ब्रांड एंबेसडर बने ताकि हरेक लड़की समाज में मतदान के प्रति जागरूकता लाएं. पहली बार वोट करने वाली छात्राएं उत्साह के साथ वोट करें और अपने साथ दूसरे लोगों को भी प्रेरित करें. सभी लड़कियां टीम बनाकर आपस में राजनीतिक परिचर्चा करें इससे आप में राजनीतिक विषय पर ज्ञानवर्धन होंगी .उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु को सोमवार को महिला कॉलेज में कैंप लगाने का निर्देश दिया. कैंप में 18 साल या उससे अधिक के वैसे छात्राएं जिनका मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है, उनका मतदाता पहचान पत्र बनाया जाएगा.

## समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं हैं अधिकारी

**संवाददाता। लातेहार**

सरकारी अधिकारियों के खिलाफ जिले में जिला परिषद सदस्यों का असंतोष बढ़ता ही जा रहा है. जिला परिषद सदस्यों का कहना है कि सरकारी अधिकारी न तो उन्हें तरजीह देते हैं और ना ही उनके द्वारा उठाये गये समस्याओं के निराकरण के लिए गंभीर रहते हैं. शुक्रवार को जब जिला परिषद, लातेहार की बैठक समाहरणालय के सभागार में आयोजित की गयी तो जिप सदस्यों की नाराजगी साफ दिखायी पड़ी. जिप अध्यक्ष पूनम देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिप सदस्यों ने आरोप लगाया कि जिले के अधिकारी समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर नहीं है और इसका खामियाजा उन्हें क्षेत्र में भुगतना पड़ रहा है. लातेहार के जिप सदस्य विनोद उरांव, महुआडांड़ की जिप सदस्य स्टेला नगेशिया व मनिका प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी समेत अन्य कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि जिला परिषद की बैठकें अब औपचारिकता बन कर रह गयी है.

**खास बातें**

- जिला परिषद की बैठक में सदस्यों ने निकाली भड़ास
- बैठक में समस्यों को नहीं सुनने का आरोप

## डीएवी स्कूल के छात्रों ने निकाली जागरुकता रैली

**संवाददाता। लातेहार**

शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल ने "विश्व कैंसर दिवस" पर शहर में एक जागरुकता रैली निकाली. डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया. इससे पहले छात्रों ने समाहरणालय परिसर में नशा मुक्ति व कैंसर के कारण और उपचार विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर समाज को संदेश देने का प्रयास किया. विद्यालय के संगीत शिक्षक सूरज कुमार मिश्रा के निर्देशन में बच्चों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया. विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम सहाय द्वारा लिखित और संगीत शिक्षक द्वारा गाया गया गीत "शराब पियल छोड़ द, दूध पीय ताजा" को लोगों ने काफी सराहा और सार्थक कहा. डीआरडीए निदेशक प्रभात



रंजन ने नुक्कड़ नाटक को प्रेरणादायक बताया. उन्होंने नशा से दूर रहने की अपील की. इसके बाद डीआरडीए निदेशक ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया. जागरुकता रैली समाहरणालय से प्रारंभ हुआ, जो शहर के मेन रोड होते हुए थाना चौक के कारगिल पार्क में समाप्त हुई. रैली में विद्यालय के 200 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया. छात्रों ने अपने हाथों नशा मुक्ति विषय पर लिखे संदेश व स्लोगन लिखी तख्तियां पकड़ी थी. "विश्व कैंसर दिवस" विद्यालय में भी साप्ताहिक पाठ्य सहगामी क्रिया-कलाप के अंतर्गत नशा मुक्ति और कैंसर विषय पर पेंटिंग, भाषण, क्विज आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं. मौके पर प्राचार्य ने कहा कि चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है. नुकसान पहुंचाती है. इस मौके पर कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं, कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा.

## झामुमो युवा मोर्चा ने रेडक्रॉस के नवनिर्वाचित सदस्यों को किया सम्मानित

# पूंजीवाद के खिलाफ नये प्रतिनिधियों की जीत : अभिषेक

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू झामुमो युवा मोर्चा ने रेड क्रॉस के चुनाव में जीतने वाले प्रतिनिधियों को सम्मानित किया. झामुमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला और झामुमो नेता अभिषेक सिंह के नेतृत्व में सम्मानित किया गया. सम्मान समारोह का संचालन युवा मोर्चा के सचिव आशुतोष विनायक ने किया. कुछ दिन पहले ही रेड क्रॉस में काफी दिलचस्प मुकाबला हुआ था जिसमें आलोक पाठक उपाध्यक्ष, डॉ. सत्यजीत गुप्ता सचिव, सुधीर सिंह कोषाध्यक्ष, गिरधारी गर्ग प्रोजेक्ट मैनेजर और कमल कुमार जैन, आलोक माथुर, कृष्णा अग्रवाल, आलोक वर्मा, अखिलेश तिवारी, उदय शंकर दुबे कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चुने गए थे. मौके पर उपस्थित झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत पलामू के बुद्धिजीवियों की जीत है, पूरी टीम के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बहुत बहुत बधाई. रेड क्रॉस जैसे सामाजिक संस्थान को कब्जाने के खिलाफ जिस तरीके से सभी सदस्यों ने मतदान किया है, वह सराहनीय है. रेड क्रॉस मानवता के लिए है, इसमें लोगों की जिंदगी को बचाया जाता है,

### रेडक्रॉस मानवता की सेवा की लिए : सन्नी

झामुमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने कहा कि रेड क्रॉस पूरे विश्व में मानवता की सेवा के लिए जाना जाता है, जब भी इंसानियत पर खतरा मंडराया तो रेड क्रॉस हमेशा आगे आकर लोगों की जान बचाने का काम किया . पूरे विश्व में ये एक आंदोलन की तरह स्थापित है . उन्होने कहा कि झामुमो युवा मोर्चा, पलामू की पूरी टीम मानवता की सेवा में रेड क्रॉस के साथ खड़ा है . सभी सदस्यों को बहुत बहुत बधाई .

## परीक्षा केंद्र से सौ मीटर के दायरे में धारा 144 लागू

**संवाददाता। हुसैनाबाद (पलामू)**

झारखंड बोर्ड की मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं छह फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित की जायेंगी. मैट्रिक परीक्षा प्रथम पाली में पूर्वाह्न 09:45 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक संचालित होगी. जबकि इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में अपराह्न 02:00 बजे से शाम 05:15 बजे तक चलेगी. पलामू के हुसैनाबाद में भी कई परीक्षा केंद्रों में मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं होंगी. इसको लेकर हुसैनाबाद कार्यपालक दंडाधिकारी शुभम बेला टोपनो ने एग्जाम वाले



दिन परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू की है. परीक्षा केंद्रों के आसपास परीक्षा शुरू होने से 2 घंटे पहले और परीक्षा समाप्त होने के दो घंटे के बाद तक भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता के धारा 144 के प्रावधानों के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू रहेगी.

### अंजुमन कमेटी के चुनाव के लिए दाखिल होने लगा पर्चा

**भंडरा/लोहरदगा।** जिले के प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों प्रखंड स्तरीय अंजुमन चुनाव को लेकर काफी गहमा-गहमी का खेल दिखाई दे रहा है. यहां पर प्रखंड स्तरीय अंजुमन कमेटी चुनाव को लेकर उम्मीदवार अपने पक्ष में मतदान कराए जाने को लेकर वोटरों को लुभाने में जुटे हुए हैं. उल्लेखनीय है कि इसे लेकर सदर पद हेतु भंडरा में पहले दिन सदर पद के उम्मीदवार परवेज अंसारी के द्वारा अपना नामांकन दाखिल किया गया. इधर चुनाव कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि तीन और चार फरवरी को नॉमिनेशन होना है. जिसमें 3 फरवरी को सदर पद के लिए परवेज अंसारी ने नॉमिनेशन किया जिसका प्रस्तावक शाहिद अंसारी और समर्थन हबीब अंसारी ने की.

**उपलब्धि** झारखंड रत्न समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित किये जा चुके हैं रविकांत भगत

# लातेहार के 3 कलाकारों को कोलकाता में मिला फिल्म अवार्ड

**खास बातें**

- अपनी माटी की भाषा से विमुख हो रहे युवा : रविकांत
- झारखंड में फिल्म मेकिंग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं

**आशीष टैगोर। लातेहार**

जिले के तीन कलाकारों को कोलकाता में फिल्म अवार्ड मिला है. श्याम फिल्म्स इंटरटेनमेंट द्वारा आयोजित फिल्म अवॉर्ड कोलकाता-2024 में नागपुरी-कुड़ुख गायक रवि कांत भगत, अभिनेता रिंकू उरांव



और जीतेंद्र भगत को सम्मानित किया गया. रविकांत भगत को कुड़ख वीडियो एलबम झारखंडी पेल्लो में गायकी के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया. जबकि अभिनेता रिंकू उरांव को हे चाला आयो नामक कुड़ख वीडियो एलबम में अच्छे अभिनय के लिए सम्मान दिया गया. वहीं जितेंद्र भगत को मांदरिया रइसका नामक नागपुरी वीडियो एलबम में अभिनय के लिए पुरस्कार दिया गया.

### झारखंड रत्न समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित किये जा चुके हैं रविकांत भगत

बताते चलें कि रवि कांत भगत को उनकी कुड़ुख भाषा की गायकी और अभिनय के लिए झारखंड रत्न समेत अन्य कई सम्मान मिल चुके हैं . रविकांत भगत ने अपनी मेहनत से झारखंड में एक अलग पहचान बनायी है और लातेहार जिले का नाम रौशन किया है . रविकांत ने बताया कि आज के आदिवासी युवा अपनी माटी की भाषा से विमुख हो रहे हैं . उन्हें फिर से जोड़ना है . आगे बताया कि झारखंड में बन रही नागपुरी फिल्म बीर आइज कर बिरसा का निर्माण किया जा रहा है . इसके निर्देशक मनीष बरवार और मुख्य अभिनेता डॉ विजय प्रकाश हैं . इस फिल्म में वे एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका कर रहे हैं . इस फिल्म को मई 2024 में झारखंड सहित असम, बंगाल, उड़ीसा व छत्तीसगढ़ में एक साथ रिलीज किया जायेगा . भगत ने बताया कि उनकी एक और अपकमिंग नागपुरी शॉर्ट फ़िल्म करम बिहान है . इसकी शूटिंग लातेहार में की गयी है .




## ब्रीफ खबरें

### आरोपी को जमशेदपुर कोर्ट लेकर पहुंची दिल्ली पुलिस

**जमशेदपुर।** दिल्ली पुलिस शनिवार को धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को तिहाड़ जेल से लेकर जमशेदपुर कोर्ट पहुंची. शनिवार सुबह पुलिस आरोपी अशोक शर्मा को निलांचल एक्सप्रेस से लेकर टाटानगर स्टेशन पहुंची जहां से उसे जमशेदपुर कोर्ट में पेश किया गया. जमशेदपुर कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने के बाद दिल्ली पुलिस ने एमजीएम अस्पताल में आरोपी का मेडिकल कराया और उसे अपने साथ वापस दिल्ली लेकर चली गई.

### मतदान केंद्रों का रूट मैप तैयार करें: सीओ

**घाटशिला।** अंचलाधिकारी युनिका शर्मा ने प्रखंड क्षेत्र के तीन थाना के थाना प्रभारी के साथ मतदान केंद्रों की स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक किया. उन्होंने कहा कि प्रखंड के कुल 121 मतदान केद्रों पर विधि व्यवस्था को लेकर कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की. कहा कि सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर रूट मैप तैयार करें ताकि मतदान केंद्र तक जाने में मतदाताओं को किसी तरह की परेशानी ना हो.

### मजदूर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**घाटशिला।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बनकाटी गांव के कालिंदी पाडा निवासी मजदूर की संदिग्ध परिस्थिति में शुक्रवार की देर रात मौत हो गई. घटना को लेकर गांव में जम कर हंगामा हुआ. घटना के संबंध में बताया जाता है कि एमजीएम थाना क्षेत्र के सिमलडांगा स्थित एभरन लोहा पाइप डिस्टिब्यूटर कंपनी में पाइप लोडिंग के क्रम में कालिंदी पाडा के मजदूर गुजा कालिंदी(55) वाहन से गिर गया था. समाचार लिखे जाने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था.

### मजदूरों को नहीं मिल रही न्यूनतम मजदूरी

**तांतनगर।** तांतनगर प्रखंड के अंगरडीहा पंचायत अतंर्गत गंजिया में बन रहे उपस्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य में काम कर रहे मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी भुगतान नहीं किया जा रहा है. न्यूनतम मजदूरी भुगतान नहीं करने की शिकायत मंझारी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य माधव चंद्र कुंकल से किया. कुंकल ने शिकायत पर शनिवार को कार्यस्थल पर मजदूरों से मुलाकात कर मजदूरी भुगतान संबंधी विस्तृत जानकारी ली.

### बुजुर्गों को वृद्धा आश्रम पहुंचाना चिंता की बात

**किरीबुरु।** केंद्रीय विद्यालय, मेघाहातुबुरू के प्राचार्य डॉ आशीष कुमार के नेतृत्व में विद्यालय परिवार व छात्र-छात्राओं द्वारा ग्रैंड पैरेंट्स डे का आयोजन किया गया. इकार्यक्रम में लगभग 150 ग्रैंड पैरेंट्स शामिल हुये. बच्चों ने कहा कि दादा-दादीयों एवं नाना-नानीयों को उनके अपने लोग वृद्धा आश्रम में पहुंचा दे रहे हैं जो गंभीर चिंता की बात है. इसी कारण आज हमें ग्रैंड पैरेंट्स डे मनाने की आवश्यकता आन पड़ी है.

### सावित्रीबाई फूले योजना में सीमित लाभ की बाध्यता खत्म

**चक्रधरपुर।** सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना को लेकर शनिवार को चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक हुई. बैठक के दौरान मुख्य रुप से मौजूद बीईईओ तपन कुमार सतपति व पर्यवेक्षिका संगीता कुमारी ने उपस्थित रहीं. मौके पर पर्यवेक्षिका ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत परिवार की दो बच्चियों को योजना का लाभ देने की बाध्यता अब खत्म कर दी गई है.

---

कोयना नदी के दूसरी छोर पर बसे लेम्ब्रे गांव में जाने का कोई रास्ता नहीं

# सड़क निर्माण के लिए वन विभाग से नहीं मिला एनओसी, ग्रामीण नाराज

**संवाददाता। किरीबुरु**

सारंडा जंगल क्षेत्र के गंगदा पंचायत अन्तर्गत दुईया से लेम्ब्रे गांव तक लगभग 4.5 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण हेतु वन विभाग द्वारा कार्यकारी एजेंसी को एनओसी नहीं दिये जाने से दोनों गांवों के मुंडा क्रमशः जानुम सिंह चेरोवा, लेबेया देवगम, मुखिया राजू सांडिल समेत कई ग्रामीण काफी नाराज हैं. उक्त सड़क का निर्माण ग्रामीणों की लंबी लड़ाई के बाद सीएसआर योजना से टाटा स्टील कंपनी प्रबंधन ने बनाने हेतु सहमती जताई है.

टाटा स्टील दुईया गांव के समीप नाला पर एक पूल तथा कुछ दूर पीसीसी सड़क का निर्माण भी करा चुकी है. ग्रामीणों को लग रहा है कि अगर यह सड़क अभी नहीं बनी तो फिर कभी बन नहीं पायेगी. जिससे दोनों गांवों खासकर लेम्ब्रे गांव के ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा.


लेम्ब्रे गांव की सड़क को दिखाते मुखिया, मुंडा व ग्रामीण.

### बरसात में गांव टापू में तब्दील हो जाता है

गंगदा पंचायत के मुखिया राजू सांडिल ने कहा कि कोयना नदी के दूसरी छोर पर बसा लेम्ब्रे गांव में जाने का कोई रास्ता नहीं है. वर्षा होने पर यह गांव टापू में तब्दील हो जाता है. बीते वर्ष सांसद गीता कोड़ा भी नदी पार करके पहली बार इस गांव में पहुंची थी एवं नदी पर पूल व गांव तक पहुंच पथ बनाने की बात कही थी. विभागीय अधिकारी जायजा भी लिये थे लेकिन कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हो सका. इससे अलग हटकर हम ग्रामीणों ने दुईया गांव होते लेम्ब्रे तक वैकल्पिक सड़क का निर्माण हेतु टाटा स्टील के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ी. जिसके बाद कंपनी प्रबंधन गुणवता के साथ सड़क व पूल निर्माण कार्य प्रारंभ किया. लेकिन, अब लगभग साढे.चार किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण हेतु वह एनओसी नहीं दे रही है.

### आखिर कब तक होगी जांच

राजू सांडिल ने कहा की साढे.चार किलोमीटर लंबी सड़क में लगभग 700 मीटर सड़क ही वन भूमि के जमीन पर आयेगा. बाकी सड़क रैयत भूमि पर है. हम सिर्फ रैयत भूमि की सड़क हेतु एनओसी देने की मांग कर रहे हैं. वन विभाग कहती है कि एसडीओ या अंचलाधिकारी से जांच कराकर इस दिशा में एनओसी देने के बाबत सोंचा जायेगा.

### हम क्यों चुने जनप्रतिनिधि

दूसरी तरफ, दोनों गांवों के मुंडा ने कहा कि अगर हमारे गांवों में जाने के लिए सड़क व सरकार की अन्य विकास योजनायें पहुंच हीं नहीं सकती है तो फिर हम लोकसभा व विधान सभा में वोट देकर अपना जनप्रतिनिधि हीं क्यों चुनेंगे? वन विभाग व अन्य एजेंसी को मदद क्यों करेंगे? टाटा स्टील को सड़क निर्माण कराने से रोका जाना दुर्भाग्यपूर्ण है.

---

सनातन धर्म सम्मेलन और श्रीमद भागवत कथा में उमड़ रही भीड़

# धार्मिक अनुष्ठानों में लीन हो रहे लोग

**दिलीप। चांडिल**

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में इन दिनों धार्मिक अनुष्ठानों की धूम मची है. जगह-जगह या तो धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं या अनुष्ठान आयोजन की तैयारी की जा रही है. लोग अपने आराध्य की आराधना में लीन होने लगे हैं. चांडिल प्रखंड के चिलगु में श्रीमद्भागवत कथा प्रचारक समिति, चिलगु की ओर से आयोजित सप्ताहव्यापी सनातन धर्म सम्मेलन में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. यहां प्रतिदिन सुबह से दोपहर तक महायज्ञ के साथ श्रीमद्भागवत कथा का मूल श्लोक पाठ किया जा रहा है.



### कथा सुनने उमड़ रही भक्तों की भीड़

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के रावताड़ा गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण परिसर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है. यहां कथा सुनने प्रतिदिन बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी पहुंच रहे हैं. दूर-दराज से कथा सुनने पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए यहां विशेष व्यवस्था किया गया है. कथा के बाद आरती करने के लिए कथास्थल पर श्रद्धालुओं की होड़ मची रहती है. रावताड़ा में वृंदावन से आए कथावाचक अनुपानंद महाराज श्रीमद्भागवत कथा पर प्रवचन दे रहे हैं.

### एसडीओ सच्चिदानंद महतो को गुलदस्ता देकर किया स्वागत

**घाटशिला।** अनुमंडल पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो के द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद शनिवार को अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों के पदाधिकारी ने अनुमंडल कार्यालय घाटशिला में गुलदस्ता देकर स्वागत किया. इस मौके पर उन्होंने विभिन्न प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य उपस्तिथि पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से प्राथमिकता के आधार पर जनता के लिए काम करना है.

## मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी: एसडीओ

**राजेश चौबे। घाटशिला**

अनुमंडल कार्यालय घाटशिला के सभागार में शनिवार को एसडीओ सच्चिदानंद महतो की अध्यक्षता में अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी एवं प्रधानाध्यापकों के साथ मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा को लेकर समीक्षा बैठक की. बैठक के दौरान एसडीओ सच्चिदानंद महतो ने कहा कि 16 फरवरी से 26 फरवरी तक मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा आयोजित की जा रही है. इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है. उन्होंने कहा कि एक भी परीक्षा केंद्र ऐसा ना रहे जहां किसी चीज की कमी रह जाए. उन्होंने परीक्षा केंद्र तक उत्तर पुस्तिका तथा प्रश्न पत्र ले जाने की पूरी व्यवस्था के संबंध में चर्चा किया.

---

विदाई समारोह पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये

# विद्यार्थियों के लिए समय उपयोगी: शिक्षक

**शंभू कुमार। चक्रधरपुर**


चक्रधरपुर के दिल्ली पब्लिक स्कूल के दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों को शनिवार को विदाई दी गई. इसे लेकर चक्रधरपुर के प्रेम निवास स्थित मां अंबे बैंकट हॉल भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया.



इस मौके पर विद्यालय से दसवीं व बारहवीं की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों ने स्कूल में बिताये गये पलों को साझा किया. वहीं, शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बेहतर तरीके से परीक्षा की तैयारी कर परीक्षा देने की बात कहीं. शिक्षकों ने कहा कि परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के लिए समय महत्वपूर्ण है. इसलिए विद्यार्थी समय का सदुपयोग करें. शिक्षकों ने कहा कि छात्र-छात्राएं बेहतर परिणाम लाकर स्कूल व शहर का नाम रौशन करें. अगर किसी भी विषय में छात्रों को परेशानी होती है तो स्कूल आकर शिक्षकों से सहयोग ले सकते हैं. इस मौके पर विद्यालय के नौंवी व ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी.

### नरवा पहाड़ में तैनात जवान के पिता इलाज दौरान लापता

**मुसाबनी।** यूसिल की सेवा में तैनात नरवा पहाड़ के सीआईएसएफ जवान मनीष कुमार सिंह के 62 वर्षीय पिता ओम प्रकाश सिंह जमशेदपुर के ए ए स ज ी



अस्पताल के बाहर से लापता हो गए हैं. जवान ने बताया कि उनके पिता तीन दिन पूर्व जमशेदपुर इलाज के लिए गये थे. अस्पताल के बाहर से वे अचानक कहीं चले गये. इसकी जानकारी साकची थाना में भी लिखित रूप से दी गई है. सीआईएसएफ के परिजन उनके पिता के लापता होने से परेशान हैं.




---

कॉलेज में संस्कृत भारती का जनपद सम्मेलन आयोजित

# अंतरिक्ष में प्रयोग के लिए संस्कृति ही एकमात्र भाषा है : डॉ अशोक

**मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के साकची स्थित द ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वीमेन में संस्कृत भारती की ओर से शनिवार को जनपद सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन में विद्यालय स्तरीय संस्कृत समूह गान प्रतियोगिता व संस्कृत भाषा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि एलबीएसएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा, विशिष्ट अतिथि ग्रेजुएट कॉलेज की प्राचार्य डॉ वीणा प्रियदर्शी, संस्कृत भारती के महानगर अध्यक्ष डॉ भोलेंद्र पाण्डेय और विभाग संयोजक मनोज दूबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया.

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ अशोक झा ने कहा कि मैक्समूलर जैसे विदेशी विद्वानों ने संस्कृत का अध्ययन किया और उसका अनुवाद किया. इस कारण उसे पढ़ने वाले भारतीय संस्कृति को कभी भी ठीक से नहीं समझ सकते, बल्कि उसके कारण अर्थ का अनर्थ हो रहा है. संस्कृत भाषा में एक अरब से भी अधिक शब्द हैं, जो दूसरी किसी भाषा में नहीं है. एक शब्द के 50 से अधिक पर्यायवाची शब्द हैं. हम अपने ज्ञान के कारण आर्थिक रूप से भी बहुत आगे थे.

### संस्कृत भाषा जानना आवश्यक : डॉ वीणा

विशिष्ट अतिथि द ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वीमेन की प्राचार्य डॉ वीणा प्रियदर्शी ने कहा कि हमारा संपूर्ण प्राचीन ज्ञान-विज्ञान संस्कृत भाषा में लिपिबद्ध है. हम दूसरी भाषा के अनुवाद को पढ़कर मूल बात को नहीं समझ सकते. इसलिए उस उन्नत प्राचीन ज्ञान को फिर से उपयोग में लाने के लिए संस्कृत भाषा जानना आवश्यक है.

### समूह गान में विद्या भारती चिन्मय विद्यालय प्रथम

सम्मेलन के दूसरे चरण में विद्यालय स्तरीय संस्कृत समूह गान प्रतियोगिता हुई. इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज की संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ लाडली कुमारी, डॉ भोलेन्द्र पाण्डेय एवं मनोज दूबे थे. प्रतियोगिता में 11 विद्यालयों से कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया. प्रत्येक टीम में पांच विद्यार्थी शामिल थे.















### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिल कर सांसद जयंत सिन्हा ने किया था ट्रेन के ठहराव का आग्रह, मिली स्वीकृति

# अब बरही रेलवे स्टेशन पर रुकेगी रांची-मधुपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस

**मिली सौगात**

- बरही की जनता ने सांसद व रेल मंत्री का जताया आभार
- सुबह 8 :59 व शाम 6 :43 बजे अप व डाउन ट्रेन का ठहराव

संवाददाता। हजारीबाग



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से हजारीबाग के भाजपा सांसद जयंत सिन्हा ने मुलाकात कर बरही रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की. इस पर रेल मंत्री ने अपनी स्वीकृति दे दी है. अब बरही रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस रुकेगी. क्षेत्रवासियों ने सांसद से मिल कर बरही रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की थी.

अब रांची-मधुपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के बरही रेलवे स्टेशन पर ठहराव को स्वीकृति मिल गई है. रांची से चल कर मधुपुर जाने वाले ट्रेन बरही में सुबह 8:59 बजे पहुंचेगी. वहीं, मधुपुर से रांची जाने वाली ट्रेन शाम 6:43 बजे बरही स्टेशन पर आएगी. बरही में इंटरसिटी ट्रेन के ठहराव से यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी. इस निर्णय से बरही क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है. वहीं, हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने क्षेत्र में रेल सेवाओं की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार प्रकट किया. साथ ही क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है.

#### इलाके में तेजी से हो रहे रेल संबंधी विकास कार्य

सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि इंटरसिटी एक्सप्रेस का बरही में ठहराव होना, हम सभी क्षेत्रवासियों के लिए हर्ष की बात है. हम सबका साथ और सबका विकास के मूलमंत्र के साथ काम कर रहे हैं. हमारा प्रयास यात्रियों के लिए सदैव हर बेहतर सुविधा सुनिश्चित करवाना रहा है. क्षेत्र में रेल संबंधी विभिन्न विकास कार्य जारी हैं. अमृत स्टेशन योजना से बरकाकाना रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है. इससे क्षेत्र में रेल सेवाओं का परिदृश्य बदलेगा.

#### हजारीबाग से राजधानी एक्स. के लिए प्रयासरत

जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा निरंतर विकास की ओर अग्रसर है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर क्षेत्र में रेल संबंधी कार्यों पर चर्चा कर रहा हूं. वंदे भारत और इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत, इन्हीं प्रयासों का परिणाम है. साथ ही हजारीबाग से राजधानी एक्सप्रेस शुरू करवाने के लिए प्रयासरत हैं. इसके शुरू होने पर नई दिल्ली और कोलकाता जाने वाले यात्रियों को सहूलियत होगी.

## उत्तरी छोटानागपुर अपडेट

### पूर्व विधायक ने की मृतक के परिजनों की मदद

**चौपारण।** प्रखंड के बरई केंदुआ निवासी पूर्व वार्ड सदस्य दुलारी देवी के पति नकुल भुइयां की बीते दिनों गुजरात में रेल दुर्घटना में मौत हो गई थी. मौत से उसके परिजनों का हाल बेहाल था. नकुल भुइयां गुजरात में रहकर मजूदरी करते थे. प्रवासी मजदूर की मौत की सूचना मिलने पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव बरई केंदुआ गांव पहुंच कर शोकाकुल परिवार से मिले और उन्हें सांत्वना दी. परिजनों ने बताया कि नकुल भुइयां घर के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे. अब परिजनों के समक्ष गहरा आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है. परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. पूर्व विधायक ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता की. साथ ही भरोसा दिया कि भविष्य के हर सुख-दुख में साथ रहेंगे. संकट में फंसे परिजनों की मदद करना उनका नैतिक कर्तव्य है. मौके पर पूर्व मुखिया राजदेव यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता सत्येंद्र सिंह, सियाराम सिंह,आदित्य चौरसिया सहित अन्य लोग मौजूद थे.

### चैंबर ने उपायुक्त को समस्या से कराया अवगत

**हजारीबाग।** हजारीबाग फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल और सचिव राकेश ठाकुर ने हजारीबाग डीसी और एसपी को पत्र लिखकर व्यापारियों एवं आमजनों की समस्या से अवगत कराया एवं समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है. पत्र में लिखा है कि जिले में बालू की अनुपलब्धता से परेशानी हो रही है. निर्माण कार्य ठप हैं, निर्माण कार्य से जुड़ा व्यापार भी प्रभावित है. निर्माण कार्य करने वाले कारीगर एवं मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है.उनके समक्ष भुखमरी की नौबत आ गई है. डीसी से इस सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने का आग्रह किया है. साथ ही एसपी का ध्यान शहर में बढ़ते आपराधिक गतिविधि एवं चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था की ओर आकृष्ट कराया है और इसका समाधान करने का आग्रह किया है.

### योग शिविर में बताए तनाव से मुक्ति के उपाय

**हजारीबाग।** हजारीबाग फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल और सचिव राकेश ठाकुर ने हजारीबाग डीसी और एसपी को पत्र लिखकर व्यापारियों एवं आमजनों की समस्या से अवगत कराया एवं समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है. पत्र में लिखा है कि जिले में बालू की अनुपलब्धता से परेशानी हो रही है. निर्माण कार्य ठप हैं, निर्माण कार्य से जुड़ा व्यापार भी प्रभावित है. निर्माण कार्य करने वाले कारीगर एवं मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है.उनके समक्ष भुखमरी की नौबत आ गई है. डीसी से इस सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने का आग्रह किया है. साथ ही एसपी का ध्यान शहर में बढ़ते आपराधिक गतिविधि एवं चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था की ओर आकृष्ट कराया और समाधान करने का आग्रह किया.

### अगलगी में बेटी की शादी के अरमान हुए राख

**केरेडारी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडु पंचायत के टुंडा गांव में शनिवार मध्याह्न करीब 12 बजे अचानक एक घर में आग लग गई. जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त घर पर कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था. स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि अग्नि पीड़ित मानकी महतो पेशे से मजदूर हैं. आग लगने के समय वह घर बंद कर काम करने गए हुए थे. वहीं, उनकी पत्नी और बच्चे आलू कोड़ने के लिए खेत गए हुए थे. गृहस्वामी को सूचना देने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया. कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक घर में रखा सारा सामान जल कर राख हो गया था. अगलगी के कारणों का पता नहीं चल सका है. इस घटना में बेटी की शादी के लिए घर के अंदर रखे पलंग, बक्सा, फ्रिज, कूलर के अलावा कपड़ा, साइकिल, अनाज और तीन लाख रुपये भी जल गए. इस संबंध में अंचल अधिकारी रामरतन वर्णवल ने बताया कि मौखिक रूप से घटना की जानकारी दी है. 5 लाख से अधिक के नुकसान की बात कही जा रही है. जांचोपरांत पीड़ित परिवार को सरकार की तरफ से मुआवजा राशि दी जाएगी.

### मुरनिया में 60 एकड़ पोस्ता की खेती विनिष्ट

**चौपारण।** एसपी के निर्देश पर शनिवार को अफीम तस्करों के खिलाफ बड़ी कारवाई की गई. बरही इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा के नेतृत्व में छापेमारी दल ने चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत देहर पंचायत के मुरनिया गांव में 50 से 60 एकड़ वन क्षेत्र भूमि पर लगे पोस्ते की खेती को एक दर्जन से अधिक ट्रैक्टर लगा कर विनिष्ट किया. इस संदर्भ में दोषियों को चिन्हित कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया है. वन विभाग की मानें, तो विनिष्ट अफीम फसल की अनुमानित कीमत 7 से 8 से करोड़ है. इस अभियान के लिए गठित संयुक्त छापेमारी दल में सीआरपीएफ- 22 बटालियन के सहायक समादेष्टा, वन विभाग के वनपाल अयूब अंसारी, चौपारण थाना के दारोगा अरुण रवानी के अलावा चौपारण थाना तथा सीआरपीएफ जवान एवं थाना के रिर्जव बल शामिल थे. इस संबंध में बरही इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा ने बताया कि संयुक्त छापेमारी अभियान में अभियान के दौरान टीम द्वारा आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों को अफीम का खेती और सेवन नहीं करने के लिए जागरूक किया गया.

## ब्रीफ खबरें

### चरही में अंडर 19 महिला क्रिकेटरों का स्वागत

**चरही।** अंडर 19 महिला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीत कर शनिवार को चरही पहुंचीं विजेता भारतीय टीम में शामिल 6 महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का फूल-माला पहना कर और अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया. इन महिला खिलाड़ियों में प्रेम नगर निवासी कोमललता कुमारी, जिया आनंद, खूंटी निवासी काजल संगा, मुक्ति संगा, बसंतपुर निवासी रूपा कुमारी और कोडरमा निवासी तृप्ति गुड़िया का स्वागत किया गया. महिला खिलाड़ियों का स्वागत करने वालों में चुरचू जिप सदस्य वासुदेव करमाली, वीणा मिश्रा, सतीश साहू, बिनोद ठाकुर, गौतम सोनी, सूरज चौहान, गणेश मिश्रा, सोनी देवी, शीतल गुप्ता, स्नेहलता, सुमित्रा देवी, सरिता देवी, मंजू देवी, मनीषा देवी, सहित कई लोग मौजूद थे.

### सेवानिवृत्ति पर सहायक अध्यापक को दी विदाई

**टाटीझरिया।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय घुघुलिया के प्रांगण में विद्यालय के सहायक अध्यापक यमुना मिस्त्री की सेवानिवृत्ति पर शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विद्यालय परिवार व शिक्षकों के द्वारा यमुना मिस्त्री को अंगवस्त्र, साल, डायरी और पुष्पगुच्छ देकर उनके बेहतर स्वास्थ की कामना की गई. पारा शिक्षक संघ के अध्यक्ष रामाशीष साव, सचिव चंदन ठाकुर, शिक्षक कौलेश्वर मिश्रा, विजय प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, मोहन साव, पिंटु रविदास, कमलाकांत प्रसाद व अन्य ने कहा कि बच्चों के प्रति इनका समर्पण काबिले तारीफ था. मौके पर रोहित पटेल, शिल्पी सिन्हा, सुरेश राम, नवीन वर्मा, तुलसी राम, संतोष प्रजापति, दयाल प्रसाद, अर्जुन राणा, शुभम कुमार, दीपक सिन्हा, आनंद बिहारी, पारस डे, प्रमोद सिंह, धानेश्वर कुशवाहा, मोहन प्रसाद, अरूण साव, रज्जाक मियां समेत छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

### बिरहोर टोला में लगा जन-मन योजना शिविर

**टाटीझरिया।** प्रधानमंत्री जन-मन योजना के तहत प्रखंड के खंभवा बिरहोर टोला में शनिवार को शिविर लगाया गया. इसमें प्रमुख संतोष मंडल, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज और सुधीर राय ने बिरहोर परिवारों से मिलकर उनके दुख-दर्द को समझा. इस दौरान बिरहोर टोला में मनरेगा से दो नाडेफ स्वीकृत किया गया. स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिरहोर परिवार का स्वास्थ्य जांच कर विटामिन की गोलियां समेत अन्य दवाइयां दी गईं. मौके पर शंकर ठाकुर, निरंजन कुमार,धर्मवीर साव, विजय कुमार, इंदु रानी, गौतम कुमार रवि, रेणु कुमारी, गुड़िया देवी, सरिता कुमारी, कविता यादव, अनिता देवी समेत अन्य उपस्थित थे.

### कोई चुन रहा रुपया, तो कोई अवैध कोयला ढुलाई करनेवालों से कर रहा वसूली

# कोयले के खेल में वर्दी दागदार!

**काली कमाई**

- ईमानदारी की कसम खानेवाले वर्दी को कर रहे शर्मसार
- कई इलाकों में अलसुबह देखने को मिल जाएगा नजारा

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग





पदमा व इचाक रोड में अलसुबह बाइक व साइकिल से अवैध कोयले की ढुलाई करते मजदूर.

इन दिनों कोयले की कालिख से वर्दी भी दागदार होती दिख रही है. खाकी वर्दी पहनने वाले ही अब अपने ईमान को कोयला माफियाओं के आगे झुका दिए हैं. ऐसा आरोप शुभम संदेश नहीं, बल्कि रामगढ़ पुलिस के आलाधिकारी द्वारा हाल के दिनों में अपने मातहतों पर की गई कार्रवाई से साफ तौर पर जाहिर होता है. दरअसल, एक सप्ताह पहले एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें कोयला बेचने वाले रुपये फेंक रहे थे और वर्दीधारी चुन रहे थे.


इस मामले में रामगढ़ पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई करते हुए चार पुलिस कर्मियों को निलंबित भी किया था. वहीं, हजारीबाग में भी कुछ मामला देखने को मिल रहा है. यहां भी कोयला माफिया बाइक और साइकिल से बड़े पैमाने पर कोयला का व्यापार करते हैं और ईंट भट्ठा से लेकर छोटे-छोटे होटलों में कोयले की खेप पहुंचवाते हैं. जिले में पुलिस कर्मियों द्वारा कोयला बेचने वाले मजदूर और बड़े-बड़े कोयला व्यापारियों से पैसा की वसूली बात सामने आ रही है. सूत्र बताते हैं कि रामगढ़ की तरह ही हजारीबाग में भी बाइक से कोयला बेचने वाले 10, 20 और 50 रुपये का नोट पुलिस को देख कर फेंक देते हैं और फिर पुलिस पैसे चुनते में व्यस्त हो जाती है. इस काम में सच दिखाने वालों की संलिप्तता की बात भी सामने आती रहती है.

हालांकि, रामगढ़ में सोशल मीडिया पर नोट चुनते हुए वर्दीधारी का विडियो वायरल होने के बाद अब नोट चुनने के लिए कुछ युवकों को रखा गया है. जिले के बड़कागांव रोड, कटकमसांडी रोड, चरही रोड और पदमा रोड पर तड़के 3 बजे सुबह से 6 बजे तक अमूमन यह नजारा देखने को मिल जाएगा. ऐसे में जिस पुलिस के कंधे पर अवैध कोयला कारोबार को रोकने की जिम्मेदारी है, वही पैसे के आगे वर्दी को दागदार कर रहे हैं.

#### मोटी रकम लेकर बाइक छोड़े जाने की बात आ रही है सामने

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीती बुधवार रात गश्ती के दौरान पदमा पुलिस के कर्मियों ने कोयला लदे 6 बाइक को पकड़ा था. इसके बाद पुलिस ने पहले थाना ले जाने की बात कही. मगर, बाद में मोटी रकम लेकर सभी को छोड़ दिया गया. जब सोशल मीडिया पर पदमा पुलिस की कोयला पकड़ने की खबर चली, तो इलाके के एक कथित पत्रकार का मामला मैनेज करने के लिए फोन आने लगा. जब बात नहीं बनी, तो वायरल वीडियो को पुराना बताने लगा. वहीं, इस संबंध में जब पदमा थाना के थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह से पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि हमारे थाना के पुलिस कर्मियों के द्वारा कोई भी कोयला लदा बाइक नहीं पकड़ा गया है. वहीं, वायरल विडियो पर कहा कि अगर कोई वीडियो वायरल हुआ है, तो वह पहले का होगा.

#### जांच में दोषी पाए जाने पर की जाएगी कार्रवाई : एसपी



हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि जिले में अवैध कोयला कारोबार बिल्कुल बंद कर दिया जाएगा. जिले में किसी भी तरह के अपराध या अवैध धंधे पर लगाम लगाने के लिए पुलिस अपना कम कर रही है. पदमा थाना पुलिस द्वारा अगर कोई बाइक पकड़ कर छोड़ी गई है, तो इसकी जांच होगी. इसमें जो भी पुलिस कर्मी दोषी पाए गए, तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी.

#### इन जगहों पर बाइक से की जाती है कोयले की ढुलाई

जिले के बड़कागांव रोड, चरही, चुरचू, कटकमसांडी, कटकमदाग से बाइक पर कोयला लाद कर इचाक, पदमा, बरही सहित कई स्थानों पर कोयला बेचा जाता है. कोयला बेचनेवाले एक युवक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जब कोयला लेकर निकलते हैं, तो गश्ती में तैनात पुलिस कर्मियों को भी मैनेज करना पड़ता है. ये लोग प्रत्येक दिन सड़क किनारे अंधेरे जगह पर खड़े रहते हैं और टॉर्च जलाकर इशारा करते हैं. फिर बाइक में ज्यादा बोरी होने के कारण 10, 20, 50 रुपये का नोट सड़क किनारे फेंक देते हैं. कभी-कभी जब पुलिस पर उच्च अधिकारियों का दबाव पड़ता है, तो मोटी रकम लेकर उन्हें छोड़ देते हैं और बाइक लेकर थाना चले जाते हैं. वहीं, वरीय अधिकारी को जानकारी दी जाती है कि आरोपी बाइक छोड़ कर फरार हो गया.

## रंगदारी के मामले में तिवारी गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता। चरही



**मिली सफलता**

- कोल कंपनियों व कोयला कारोबारियों को दे रहे थे धमकी
- तापिन नॉर्थ के कांटा घर में गोलीबारी में भी थी संलिप्तता

कुज्जू ओपी पुलिस एवं रामगढ़ पुलिस के सहयोग से चरही पुलिस ने विकास तिवारी गैंग के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. इस संबंध में चरही थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी. दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रामगढ़ जिला अंतर्गत रामगढ़ थाना क्षेत्र के विकास नगर निवासी वरुण तिवारी और बंगाली टोला निवासी गोपाल सिंह के रूप में की गई है.

पुलिस ने दोनों बदमाशों को तकनीकी सेल की मदद लेकर बड़े ही नाटकीय ढंग से गिरफ्तार किया. बता दें कि पुलिस को बराबर सूचना प्राप्त हो रही थी कि विकास तिवारी गैंग के द्वारा चरही थाना क्षेत्र के कोयलांचल और गिद्दी थाना क्षेत्र के कोयला कारोबारियों को धमकी देकर रंगदारी मांगी जा रही है. इस संबंध में चरही थाना में धारा 387/34 भादवि के तहत बीते 5 दिसंबर को मामला भी दर्ज किया गया था. वहीं, पकड़े गए दोनों अभियुक्तों के पास से 4 मोबाइल, एक लाख 56 हजार 500 रुपये नगद और दो डायरी बरामद की गई. पूछताछ में दोनों ने बीती 5 जनवरी को सीसीएल तापिन नॉर्थ के कांटा घर में रंगदारी वसूलने के लिए गोली चलवाने की बात स्वीकार की है. पुलिस इस मामले में स्थाननीय स्तर पर संलिप्त शरारती तत्वों के बारे में पता लगा रही है.

## फहिमा अकादमी के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, सात मेडल जीते

संवाददाता। हजारीबाग



**लहराया परचम**

- स्टेट सब जूनियर/सीनियर गतका चैंपियनशिप में मेडल
- एक गोल्ड, चार सिल्वर व दो ब्रॉन्ज मेडल पर जमाया कब्जा

झारखंड गतका एसोसिएशन द्वारा स्टेट सब जूनियर/ सीनियर गतका चैंपियनशिप रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल में बरही में आयोजित किया गया. इसमें फहिमा अकादमी के सात छात्रों ने मेडल पर कब्जा जमाया. इनमें पांचवी कक्षा के छात्र मो. रिजवान को गोल्ड मेडल, हादी अली, आकाश मुंडा, शिवम कुमार एवं मो. खालिद को सिल्वर तथा मो. अयान व आठवीं कक्षा के छात्र हिमांशु कुमार को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुए.

स्कूल की प्राचार्या फरहा फातमी ने बच्चों को बधाई देते हुए उनकी कड़ी मेहनत की काफी सराहना की और भविष्य में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि स्कूल वैसे बच्चे, जो खेल के क्षेत्र आगे जाना चाहते हैं, स्कूल प्रबंधन उनकी हर संभव मदद करेगा. साथ ही गतका एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी प्रिंस कुमार मिश्रा और कोच अंशु राज को उन्होंने धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने बच्चों की प्रतिभा को पहचान कर निखारा. छात्रों के बेहतर प्रदर्शन पर स्कूल के शिक्षकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया.

इनमें स्कूल के शारीरिक शिक्षक सोमनाथ कुमार, हसरत अली, मो. बेलाल, राहुल कुमार, कुणाल कुमार, गौतम कुमार, मो सफीक, अबदाल आलम, महताब आलम, बीरेंद्र प्रसाद, पल्लवी राणा, माजदा परवीन, नाजिया आदि शामिल थे.

## ऐतिहासिक होगी राहुल की न्याय यात्रा : शहजादा अनवर

संवाददाता। रामगढ़

**कार्यकर्ता उत्साहित**

- प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने लिया तैयारियों का जायजा
- कहा- यात्रा से हजारीबाग लोस क्षेत्र में मिलेगा लाभ

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए पार्टी के प्रदेश सहित जिला के नेता एवं कार्यकर्ता पूरी तरह से जुट गए हैं. इसे लेकर शनिवार को कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर चितरपुर पहुंचे. यहां उन्होंने तैयारी का जायजा लिया. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार हैं. 4 फरवरी की दोपहर 2 बजे तक राहुल गांधी की न्याय यात्रा गोला पहुंचेगी.

जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता चौपा दारू से बाइक रैली निकालेंगे और राहुल गांधी को गोला तक लेकर आएंगे. वहीं, हजारों की संख्या में उनको चाहनेवाले, विभिन्न दलों के नेता व कार्यकर्ता सहित आम लोग मौजूद रहेंगे. प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि यह न्याय यात्रा काफी भव्य और ऐतिहासिक होगी. पूरा शहर जिला बैनर, पोस्टर और झंडे से पट चुका है. कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में राहुल गांधी के आने से कांग्रेसियों को लाभ मिलेगा. यही नहीं दशकों से काबिज भाजपा के किले को भी ध्वस्त किया जा सकेगा. उन्होंने बताया कि राहुल के रामगढ़ दौरे की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. रामगढ़ जिले में यात्रा गोला से होते हुए चितरपुर, रामगढ़ नगर और फिर रांची की ओर बढ़ेगी. मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष चितरंजन दास चौधरी, समाजसेवी चंद्रशेखर पटवा, लक्ष्मण महतो, प्रखंड अध्यक्ष एहसान उल्लाह, शाहिद अनवर, इजहार हुसैन, मो. इम्तियाज, मो. रुस्तम आदि मौजूद थे.

### जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक में डीसी ने अधिकारियों व कर्मियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

# मतदाताओं को मतदान के लिए करें जागरूक : चंदन कुमार

संवाददाता। रामगढ़



**चुनाव तैयारी**

- स्वीप कोर कमेटी के गठन के उद्देश्यों की जानकारी दी गई
- शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्लोगन तैयार करने को कहा

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक हुई. इस दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी रवींद्र कुमार गुप्ता ने जिला स्तर पर स्वीप कोर कमेटी के गठन के उद्देश्यों को बताया. साथ ही कमेटी के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर भी आवश्यक जानकारियां दी.

उपायुक्त ने बड़कागांव एवं रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर स्वीप के तहत विशेष योजना तैयार करने का निर्देश दिया. उन्होंने आम लोगों के साथ-साथ विभिन्न कार्यालयों में चुनाव कार्यों में लगे अधिकारियों, कर्मियों, पुलिस बल के जवानों आदि से भी आगामी लोकसभा चुनाव में अपने-अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की. उपायुक्त ने कहा कि बड़कागांव एवं रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में वैसे मतदान केंद्र, जहां पिछली बार के निर्वाचन के दौरान मतदान प्रतिशत कम रहा था, उन्हें चिन्हित कर योजनाबद्ध तरीके से उन क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाएं.

उपायुक्त ने आगामी लोकसभा आम निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मतदान संबंधित स्लोगन तैयार करने को कहा. साथ ही स्लोगन का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर समय व कार्यक्रम के अनुसार #टैग लगाने एवं ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं तक पहुंच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

#### प्रचार-प्रसार का निर्देश

मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने निर्वाचन विभाग द्वारा आयोजित की जा रही विभिन्न प्रतियोगिताओं का व्यापक प्रचार-प्रचार करने को कहा. साथ ही प्रतियोगिताओं में ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. स्वीप के माध्यम से आगामी लोकसभा निर्वाचन में प्रभावी तरीके से प्रचार-प्रसार को लेकर आधुनिक तकनीकों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आदि का इस्तेमाल ज्यादा से ज्यादा एवं रचनात्मक तरीके से करने को कहा.

### विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों की डीसी ने की बिंदुवार समीक्षा

# तालाबों का कार्य जल्द होगा शुरू

संवाददाता। रामगढ़

केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं तथा जिले में चल रहे विकास कार्यों को लेकर शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक की. इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जल्द कृषि मेले का आयोजन करने को लेकर दिशा-निर्देश दिए. बैठक के दौरान भूमि संरक्षण पदाधिकारी के द्वारा जिले में विभिन्न सरकारी तालाबों के गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि जिले में कुल 75 सरकारी तालाबों को चिन्हित किया गया है, जिनमें 15 पर कार्य शुरू हो गया है. उपायुक्त ने शेष तालाबों पर भी जल्द से जल्द कार्य शुरू करने का निर्देश दिया. वहीं बुधवार तक अनिवार्य रूप से डीप बोरिंग एवं 50 तालाबों से संबंधित वर्क आर्डर जनरेट करने का कार्य पूर्ण करने को कहा. पशुपालन पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी दी. उपायुक्त ने लंबित लाभुकों को जल्द से जल्द योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया. वहीं गव्य विकास के अंतर्गत खोवा मेकिंग यूनिट, पनीर मशीन के लाभुकों का चयन करने को कहा.

मत्स्य एवं उद्यान विभाग के कार्यों की समीक्षा के क्रम में किसानों को पपीते की खेती एवं इससे किसानों को होने वाले फायदे के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया. साथ ही जिले में एग्री क्लीनिक संचालित करने को लेकर टेंडर की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए. वहीं, आत्मा के कार्यों की समीक्षा में उपायुक्त ने कृषि ऋण माफी योजनाओं में बचे हुए लाभुकों को मुआवजे राशि का भुगतान जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को कहा.


फसल राहत योजना में कुल 35475 प्राप्त आवेदनों में 8587 लाभुकों की भूमि एवं फसल संबंधित स्वीकृति का कार्य पूर्ण कर लिया गया है. उपायुक्त ने इन लोगों को जल्द से जल्द राशि का भुगतान करने को कहा. साथ ही सुखाड़ राहत योजना को लेकर आवश्यक निर्देश दिए.

# झूठी तसल्ली आपको, दिला भी नहीं सकता



कविता कलम
डॉ. विनय कुमार पाण्डेय


**तन** -मन को ठिठुरा देनेवाली ठंड विदाई के लिए तैयार बैठी है तो वसंत भी दस्तक दे रहा है. वसंत के स्वागत के लिए धरती भी तैयार है. वसंत को ऋतुराज कहा जाता है. यह ऋतुओं का राजा इसलिए है कि यह अपने साथ मस्तियों की झोली लेकर आता है. समस्त प्राणियों पर छाता है, सबका जी लुभाता है और अपनी मस्त हवाओं से तन-मन को गुदगुदाता है. इसीलिए यह सबको भाता है. इसका मानव समाज से गहरा नाता है. वसंत आता है तो हृदय का तार झंकृत कर जाता है. फूलों पर मंडराते भंवरों की गुनगुन सुनायी पड़ने लगती है. आम की डालियों पर मुस्कराती मंजरियों को देखकर कोयल की कूक उठती है. महुआ के फूल वातावरण में मादक मिठास घोल देते हैं. सचमुच वसंत मिलन का महीनों तक चलनेवाला पर्व है, प्रेम और संयोग का संगम है. वसंत आता है तो ठंड से ठूंठ हो चुके पेड़ों और झाडियों को हल्की गर्म हवा सहलाती है और फिर इन्हीं सूखे तनों से कोंपलें चटक पीले-हरे रंगों से मुस्करा उठती हैं. ऐसे मादक वातावरण में अगर किसी वियोगिनी का प्रीतम पास नहीं आता तो उसपर क्या बीतती है, यह तो वही समझ सकती है. दूसरे क्या समझेंगे, क्योंकि जाके पांव न फटे बिवाई, सो क्या जाने प्रीत परायी. इसे रांची की कवयित्री **खुशबू बरनवाल 'सीपी'** इस प्रकार महसूस कर रही हैं और अपने भावों को इन शब्दों में बांध रही हैं. इनकी कविता का शीर्षक है-आया वसंत.



आया मौसम वसंत, नहीं प्रीतम आया है.
यह मन मेरा मलंग, नहीं बिरहा भाया है.
पीली सरसों महके चारों ओर हैं.
प्यारी चिड़िया चहके चारों ओर है .
छाई दुनिया वसंत, कसक दिल ने पाया है.
यह मन मेरा मलंग, नहीं बिरहा भाया है.
आया मौसम बसंत, नहीं प्रीतम आया है.
लेकर सुगंध बहता सन-सन पवन है.
यह जग सुकंत कहता उपवन धवन है.
छाई शोभा अनंत, गया पतझड़ शाया है.
यह मन मेरा मलंग, नहीं बिरहा भाया है.
आया मौसम बसंत, नहीं प्रीतम आया है.
भौरें गाते हैं, गुनगुनाते हैं.
सुरभित सुमनों पर मंडराते हैं.
देखो स्नेहिल सुगंध, यहां भी दर्शाया है.
यह मन मेरा मलंग नहीं बिरहा भाया है.
आया मौसम वसंत, नहीं प्रीतम आया है.




विभिन्न अलंकारों का प्रयोग करते हुए खुशबू जी ने मन मोह लेनेवाली कविता की खुशबू बिखेर दी है. यह वसंत ही तो है, जो हमें प्रेम की प्रेरणा देता है. जहां प्रेम होता है, वहीं शृंगार का वास होता है. संयोग शृंगार का एक अद्भुत रूप इस मशहूर फिल्मी गीत देखा जा सकता है-आधा है चंद्रमा रात आधी, रह न जाये तेरी मेरी बात आधी, मुलाकात आधी. रांची की कवयित्री **संध्या उर्वशी प्रेम** के इसी रूप पर प्रकाश डाल रही हैं. इनकी कविता का शीर्षक है-पूर्ण अपूर्ण प्रेम.



प्यार आधा जीवन आधा
मनोरथ आधा हृदय भी आधा
प्यार जीवन मनोरथ कभी
होता है किसी का पूरा
रह जाता है कुछ शेष अधूरा.
सुनो, मुझे शिव का डमरू मिला है
जिसकी धुन पर तांडव नृत्य करने लगती हूं
बांसुरी की धुन पर मोहित हो जाती हूं
वीणा के झंकार से हृदय में
तरंगें उठने लगती है
एकतारा की धुन पर तो
पागल मीरा सी नृत्य करने लगती हूं
फिर भी प्रेम की प्यास क्यों नहीं बुझती?
रह जाता है कुछ शेष अधूरा अपूर्ण आधा सा
थक जाता है यह नश्वर शरीर
पर नहीं थकता यह मन
प्रेम करने से
शांत से मन में बहती रहती प्रेम की गंगा
अनवरत निरंतर लगातार
फिर भी रह जाता है
कुछ शेष अधूरा आधा सा
प्यासी धरती के समान
जाओ पूछो ना ! राधा से
हीर से, लैला से, रुकमणी से या पूछो!
सत्यभामा के हृदय से
जो प्रीत मैंने पाई है
जो प्रीत मैंने पाई थी,
या जो प्रीत मैंने पाकर
हृदय में संजोकर रखा है,
उस प्रीत की एक-एक बूंद को
क्षण क्षण पल पल
करती रहती हूं महसूस
क्या उन्हें यह प्रीत मिली है??

प्रियतम की बाट में प्रेयसी का आंखें बिछाना स्वाभाविक ही है. अगर वह वसंत में भी आ न पाये तो उसे निर्मोही या बेदर्दी की संज्ञा से विभूषित करना उचित नहीं जान पड़ता. कुछ तो विवशता होगी, जो उसे आने से रोक रही होगी. रांची निवासी मशहूर कवि **कामेश्वर कुमार 'कामेश'** की यह गजल इस बात का जवाब हो सकती है.



अस्वस्थ सुन, दिल को, भरमा भी नहीं सकता,
आप अकेले हैं, परेशां हैं, पर जा भी नहीं सकता.
जाना इस उम्र में मेरी, जरूरत है कितनी आपको,
विदेश से जल्दी में, कोई आ भी नहीं सकता.
मुझे विदेश भेजने की जिद भी, आपकी ही थी,
पहुंच जाने की झूठी कसम, खा भी नहीं सकता.
यहीं से मैं, कुछ न कुछ, उपाय ढूंढता हूं,
झूठी तसल्ली आपको, दिला भी नहीं सकता.
किसी की बात न सुनूंगा, संग ही रहूंगा अब,
माता-पिता का कर्ज कोई चुका भी नहीं सकता.

तो यह है एक प्रियतम की विवशता. अर्थात इधर भी आग बूझी नहीं है. कहा है उल्फत का तब मजा है जब दोनों हों बेकरार, दोनों तरफ हो आग बराबर लगी हुई. इसका आशय तो यही है कि देर भले ही हो जाये, अंधेर नहीं होगा. अपनी प्रेयसी से मिलने प्रियतम अवश्य आयेगा और इसी वसंत में आयेगा.

छिप छिपकर नज़र ये, मिला भी नहीं सकते,
कितनी प्रबल इच्छा ये, जता भी नहीं सकते.
पुराना वाक्या है पर ये, शत-प्रतिशत सही है,
खुद की है कहानी पर, बता भी नहीं सकते.
आजतक देखे न जिसे, जानने की बात दिगर,
उनको देखने की प्यास, बुझा भी नहीं सकते.
जयमाल बाद दोनों, गौहर लुटाने लग गये,
जन्नत पाने की खुशी को, दिखा भी नहीं सकते.
ये है दुर्लभ प्यार औ' इज़हार-ए-मुहब्बत है,
गौहर जो पाये नज़र से, लूटा भी नहीं सकते.

कविवर कामेश ने अपनी गजल में आये दो शब्दों का अर्थ भी स्पष्ट किया है, ताकि पाठकों को उसका मतलब समझने में परेशानी न हो. वे दो शब्द हैं-गौहर, जिसका मतलब है खजाना और जन्नत, जिसका मतलब है स्वर्ग. यह समझ में नहीं आया कि अपनी एक गजल में एक सफल, जिम्मेदार और समझदार प्रेमी की भूमिका निभाने वाला यह शायर दूसरी गजल में नौसिखिया प्रेमी जैसा क्यों महसूस हो रहा है. इसमें क्या विवशता है, यह तो खुद शायर ही जान सकते हैं. हम तो उनकी गजलें पढ़कर उनके बारे में अनुमान लगा सकते हैं. इन्हीं शब्दों के साथ मुझे आज्ञा दीजिए. जय हिंद ! जय झारखंड !!

# भारतीय मतदाताओं के समक्ष चुनौतियां



**पिछले** 76 साल की आजादी में भारतीय लोकतंत्र में बहुत प्रयोग हुए. काफी दिनों तक देश में लगभग पूरी तरह एक राजनीतिक पार्टी की सत्ता रही. प्रत्येक सत्ता के कुछ सही और कुछ संदेहास्पद निर्णय होते रहे. अलग-अलग क्षेत्र, जाति, धर्म, सम्प्रदाय के नाम पर आम जनता को मानसिक रूप से प्रभावित किया जाने लगा. एक तरफ तो हमारे विद्वान संविधान निर्माताओं ने जाति, धर्म, सम्प्रदाय, लिंग, क्षेत्र के नाम पर किसी प्रकार के भेदभाव न करने के लिए अलग-अलग प्रावधान किये, वहीँ दूसरी और समानता के अधिकार की बार बार धज्जियां उड़ती गयीं! येन केन प्रकारेण सत्ता में बने रहना ही सबसे बड़ा कर्तव्य माना जाने लगा. आजादी के लगभग पांच दशकों तक देश की आजादी में किसी न किसी रूप में शामिल लोग या उनके परिवारजन ही लोक प्रतिनिधि के रूप में चुने जाते रहे या मनोनीत होते रहे. पिछली शताब्दी में बिहार विधान सभा में लोकतंत्र के इतिहास में एक कीर्तिमान बना था, जब कोई सत्ताधारी दल का निर्वाचित प्रतिनिधि उठकर प्रतिपक्ष की ओर जाकर बैठ गया था और भारत के संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में 'फ्लोर क्रॉसिंग' शब्द अस्तित्व मेँ आया. आजादी के दो दशक बाद ही सत्ता हथियाने के लिए जोड़-तोड़-प्रलोभन की राजनीति की शुरुआत हुई. पिछली शताब्दी के आठवें दशक की शुरुआत के साथ ही संसदीय लोकतंत्र के मन्दिरों में घोषित अपराधी एवं सजायाफ्ता सदस्यों की संख्या बढ़ने लगी. सत्ता लोलुपता के कारण किसी भी राजनैतिक दल ने संदेहास्पद चरित्र के लोगों को अपना उम्मीदवार बनाने से परहेज नहीं किया. नतीज़ा आप सबों के सामने है. आम जनतांत्रिक मतदान की खर्चीली प्रक्रिया में ही सैकड़ों करोड़ खर्च हो जाते हैं. फिर शुरू हो जाती है चुने हुए प्रतिनिधियों के खरीद-फरोख्त, भय, होटल, घेरेबन्दी, एयर लिफ्टिंग की प्रक्रिया ! सबसे ठगा और बेवकूफ सा महसूस करता है मतदाता, जिसके वोट पर ही सारा खेल होता है, उससे वसूले टैक्स के पैसे, जिसे मनमानी से खर्च करने के अधिकार के लिए सारी लडाई है. जयप्रकाश नारायण की सम्पूर्ण क्रांति के मसौदे को फिर से पढ़ा जाना चाहिये. आखिर में पिछले चालीस सालों में उस आन्दोलन से उपजे राजनेताओं ने ही तो उनकी सम्पूर्ण क्रांति का मखौल बनाया है. जयप्रकाशजी ने उम्मीद पूरी नहीं होने पर चुने हुए जन प्रतिनिधियों के वापस बुलाने ( रिकॉल करने ) की सलाह दी थी. पता नहीं किसी राजनेता को याद भी है या नहीँ ! आम मतदाता को अब जागरूक होना होगा. अपने मत का महत्व समझना होगा. लोकतंत्र के मन्दिरों में इस प्रकार से नियम बनाये जाने की अत्यधिक आवश्यकता है कि कोई निर्वाचित प्रतिनिधि अगर किसी विचारधारा या दल से निर्वाचित होकर आता है तो पूरे कार्यकाल में उसके दल छोड़ने पर उसकी सदस्यता अपने आप समाप्त हो जायेगी. उसे अगले आम चुनाव तक फिर से चुनाव लड़ने का अधिकार नहीं होगा. उसे कोई पेंशन या किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी. दूसरा, अगर सदस्य निर्दलीय है तो निर्वाचन के बाद उसके किसी दल में शामिल होने पर भी वही प्रक्रिया अपनाई जायेगी. तीसरा, एक बार निर्वाचित होने के बाद किसी को भी दो बार से अधिक चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं होगी. ध्यातव्य है कि अमेरिका में दो बार से अधिक कोई राष्ट्रपति नहीं बन सकता. चौथा, किसी जन प्रतिनिधि के कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनके परिवार के किसी भी सदस्य जैसे पति, पत्नी, पुत्र, पुत्री, दामाद, पुत्रवधु, पोता, पोती, नाती, नतिनी, भाई, समधी, समधन को किसी दल अथवा स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य माना जायेगा ! ये कुछ विचार मतदाताओं से बातचीत के क्रम मेँ उभर कर सामने आये हैं. आप भी सोचिएगा !



चौराहा
प्रमोद कुमार झा

# बिना वासुकी नाथ के बाबा धाम की यात्रा अधूरी



यायावर
डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय

**भारतीय** संस्कृति में तीन देवों की परिकल्पना (ब्रह्मा, विष्णु और महेश) अपने आप में शिष्ट और विशिष्ट है. ब्रह्मा निर्माण कर्ता, विष्णु पालन कर्ता और महेश संहार कर्ता हैं. लेकिन लोक में शिव कल्याण के कर्ताधर्ता माने जाते हैं. शिव की महिमा अपरंपार है. भारतवर्ष में 12 ज्योतिर्लिंग हैं, उनमें देवघर में स्थापित शिवलिंग अत्यंत महत्वपूर्ण है. देवघर में विगत 21 वर्षों से राष्ट्रीय पुस्तक मेला का आयोजन होता रहा है और इसके संकल्पक और व्यवस्थापक विश्व भारती शांति निकेतन के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष चन्द्र राय हैं. उनके निमंत्रण पर पुस्तक मेला में भाग लेने के लिए जाता रहा हूं. इस वर्ष का देवघर जाना कई मायने में शिष्ट और विशिष्ट रहा है. इस बार मेरे साथ इस देवघर यात्रा के साक्षी बने खांडवा से आए हुए सुप्रसिद्ध ललित निबंधकार डॉ. श्रीराम परिहार. 20 जनवरी 2024 को पाटलिपुत्र एक्सप्रेस से चलकर 21 जनवरी को हमलोग देवघर पहुंचे. मेला समिति की ओर से देवघर के एक होटल में ठहरने की व्यवस्था थी. प्रातः तैयार होकर हमलोग 9 बजे मंदिर परिसर में पहुंच गये. फूल पत्ती और गंगाजल लेकर हमलोग सामान्य पंक्ति में शिव दर्शन के लिए लग गये. लगातार शिव की जय के नारे लग रहे थे. हमलोग धीरे धीरे मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे जहां दर्शनार्थियों की ठेलम ठेल थी, लेकिन शिव कृपा से हमलोगों ने इत्मीनान से शिवलिंग के दर्शन किये.



देवघर के आस पास अनेक दर्शनीय स्थल हैं, जिनमें शिव गंगा सरोवर, तपोवन मंदिर, नौलखा मंदिर, त्रिकूट पहाड़, नंदन पर्वत और 40 किलो मीटर दूर पर स्थित वासुकी नाथ का पवित्र मंदिर भी है. हमलोग आरक्षित गाड़ी से घोर मारा होते हुए वासुकी नाथ गये. क्योंकि किंवदंती है कि वासुकी नाथ के दर्शन के बिना वैद्यनाथ की यात्रा अधूरी मानी जाती है. यों तो वासुकी नाथ देवघर से लगभग 40 किलो मीटर दूर है और भौगोलिक दृष्टि से यह दुमका जिले के जरमुंडी थानान्तर्गत अवस्थित है. लेकिन इसे भी देवघर के दर्शनीय स्थलों में मान लिया जाता है. कहा जाता है कि देव और दानवों ने समवेत मिलकर जब समुद्र मंथन किया था तब मंदरांचल पर्वत को मथानी और वासुकी नाथ को रस्सी बनाया गया था. इस मंथन से 14 रत्न निकले थेः-


श्री मणि रंभा वारुणी, अमिय शंख गजराज.
कल्पतरु, शशि धेनु , धनवंतरि विष वाज.

वासुकी नाथ का मंदिर परम पवित्र है. हमने देखा यहां देवघर जैसी ठेल पेल नहीं है और न ही दर्शन में कोई कठिनाई है. मंदिर परिसर में वासुकीनाथ शिवलिंग, पार्वती और नंदी के विग्रह स्थापित हैं. एक आचार्य ने बताया कि यह मंदिर भी उतना ही प्राचीन है, जितना बाबा वैद्यनाथ का मंदिर और प्रायः जो लोग देवघर के शिवलिंग के दर्शनार्थ आते हैं, वे यहां भी आते और दर्शन का फल प्राप्त करते हैं.

हमलोगों ने एसके पाण्डेय के सौजन्य से वासुकी नाथ के दर्शन किये और सबके मंगल की प्रार्थना की- सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया. सर्वे भद्राणि पश्यंतु, मां कश्चित दुख भाग भवेत्.

# तोता शक्कर खाएगा





नश्तर
सुधीर राघव

**तोते** जैसी लंबी नाक. मुंह में राम. सब उन्हें कहते थे तोताराम. तोताराम का पहनावा गजब था. हरी-लाल पट्टियों का पायजामा. संतरी रंग का कुर्ता. माथे पर गोपी चंदन और कुमकुम का ऊर्ध्व पुंड्र तिलक. तेल चुपड़कर जतन से खड़ी की गई चुटिया. यह गजब हुलिया देखकर अक्सर गली में कुत्ते उन्हें चहेड़ लेते. इसलिए तोताराम हमेशा बगल में ईंट दबाकर चलते. कहते हैं कि कुत्तों से छुटकारा पाते तोताराम पर एकबार एक बड़े विद्वान की नजर पड़ी तो उसने हिंदी का यह कालजयी मुहावरा गढ़ दिया कि मुंह में राम, बगल में ईंट. तब से बच्चे भी तोताराम को मुंह में राम बगल में ईंट कहकर चिढ़ाते तो यह ईंट उन पर भी चल जाती. वह तो शुक्र मानो कि तोताराम सिर्फ ईंट ही चला सकते थे, अगर उनके पास ईडी को चलाने का पावर होता तो बच्चों को घर से उठवा लेते और कुत्तों को तो शहर से ही उठवा देते.

तोताराम में भले लाख बुराई थी, मगर भविष्यवक्ता कमाल के थे. इसलिए सबसे बड़े कारोबारी सेठ दुलीचंद सुनामी ने तोताराम को अपने बंगले पर बुलाया. मोटी दक्षिणा के लालच में तोताराम पंचांग पत्रिका और रत्नों की पोटली लेकर तय समय पर पहुंच गये. तोताराम मान करके आए थे कि सेठ अपना भविष्य पूछेगा और वह सबसे महंगा रत्न उसे टिका देंगे. मगर सेठ ने उल्टा तोताराम को एक रेडीमेड भविष्यवाणी पकड़ा दी और आदेश दिया कि उन्हें हर टीवी चैनल पर बैठकर यही कहना है कि तोता शक्कर खाएगा, गधा पलटकर आएगा. तोताराम को बात समझ नहीं आई, मगर उनके पास ऑप्शन कोई नहीं था. सेठ की कंपनी केलोबेलो का सीईओ झेंगा झकोई तोताराम को उठाकर सीधे स्टूडियो ले गया. बस फिर क्या था केलोबेलो कंपनी के हर न्यूज़ चैनल पर तोताराम का क्लिप बार बार चल रहा था - तोता शक्कर खाएगा, गधा पलटकर आएगा. जंगल में चुनाव सिर पर थे और अब सभी को माहौल राजा गधे के पक्ष में नजर आ रहा था. सब मान रहे थे कि अगर तोताराम ने कहा दिया है तो गधा ही पलटकर आएगा.

# बिनोद की कलाकृतियों में है किसानों का जीवन संघर्ष



कला-संवाद
मनोज कुमार कपरदार



















**कलाकार** जब हर तरह की चिंताओं, बाध्यताओं और यहां तक कि अपनी उपस्थिति के अहं से मुक्त होकर एक अवस्था विशेष में ध्यानावस्थित होता है तो उससे सृजन होता है. सृजन स्वयं में एक प्रयोग है. सृजन में प्रयोग की सत्ता बड़ी शक्तिशाली होती है, जो नई तरह की कौंध से सर्जक के मस्तिष्क को आह्लाद देती है, उसके मानस में नये भाव की ज्योति जगाती है, तभी तो बिनोद मरांडी जैसे कलाकार अपनी कल्पनाओं से कुछ भी कैनवास में उतार लेते हैं. मानव मन ज्ञात को ही प्रक्षेपित कर सकता है, जिसे हम जानते हैं, उसे ही प्रकट करते हैं. यही प्रकटन सृजनशीलता से जुड़ा है. इस सृजनशीलता को हम चाहने पर भी सक्रिय नहीं कर सकते, प्रकृति ही इसे सक्रिय करती है. यदि प्रकृति सक्रिय न करे तो हमें पता भी न चले कि हमारे व्यक्तित्व में सृजन जैसी कोई चीज है. प्रकृति उसे स्वयं सक्रिय करती है और कलाकार एक माध्यम भर होता है, लेकिन कोई कला हमारे लिए तभी अर्थपूर्ण होती है, जब उसमें सामाजिक सरोकार की अभिव्यक्ति भी हो.

कला भवन, विश्व भारती विश्वविद्यालय शांति निकेतन से 2011 में बीएफए और कला भवन, विश्व भारती विश्वविद्यालय शांति निकेतन से ही वर्ष 2013 में एमएफए करने वाले बिनोद मरांडी के चित्रों में ग्रामीण परिवेश के विभिन्न पक्षों से संवाद स्थापित करने का प्रयास होता है. इन्होंने अपनी कला के माध्यम से एक विशेष शैली को प्रतिष्ठित और प्रस्तुत करने का प्रयास किया है. इनकी कलाकृतियों में ग्रामीण परिवेश व किसानों के जीवन यापन की झलक स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है. ये अपनी कलाकृतियों में जहां जीवन के अंधेरे पलों की गाथा कहते नजर आते है, वहीं ग्रामीण जीवन के भाग दौड़ रहन-सहन, पर्व-त्योहार, तनाव, व्यस्तता को कैनवास पर उतार कर एक नया संसार रचने का प्रयास करते रहते हैं. जिसमें कोई भी कला प्रेमी एक बार डूबता है तो चाह कर भी उस संसार से बाहर निकल कर यथार्थ की दुनिया में वापस लौटना ही नहीं चाहता. सच कहा जाय तो बिनोद की कलाकृतियां अपने आप में पूरी दास्तां बयां करती हैं. यहां यह तथ्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इनकी कला दृष्टि में वास्तविकता के अंकन पर ही बल है. इनकी कला व्यापक वास्तविकता को तलाश करती है. इनकी में संवेदनशीलता की आंतरिक दृष्टि स्पष्ट झलकती है. इनकी कलाकृतियों का उद्देश्य संदेश देना नहीं, बल्कि इनका मुख्य कार्य अपनी संवेदना और अनुभूतियों को चित्रों में मूर्त रूप देना है. बिनोद मरांडी की कलाकृतियों में कला तकनीकों का खूब प्रयोग हुआ है. चाहे वह रंगों का इस्तेमाल हो, कैनवास को घेरने की कला हो, बिंबों को उकेरने की शैली हो या फिर विषय वस्तु को प्रस्तुत करने का अंदाज, हर जगह नई तकनीक का इस्तेमाल देखने को मिलता है, जिससे इनकी कलाकृतियां जीवंत हो उठती हैं. इनके द्वारा टाइल्स को काट कर सेटिंग कर बनायी गई कलाकृतियां भी काफी आकर्षक दिखती हैं. कई कला शिविर में भी इन्हें भाग लेने का भी अवसर मिला, जहां इनकी कलाकृतियों की खूब सराहना मिली. सच तो यह है कि यदि आप इनके चित्रों को समझना चाहते हैं तो पहले अपने अंदर के भावों को समझना होगा.

# आखर



वीणा ठाकुर
मैथिली कथा



कुमार मनीष अरविन्द
हिन्दी अनुवाद

## मुक्तात्मा

कहानी



महिषी गांव की बहू प्रतिमा. मणिशंकर चौधरी, वैसे गांव के लिए मणिजी की पत्नी प्रतिमा, जब से गांव आयी हैं, उनकी प्रतिदिन की दिनचर्या है घर से थोड़ी ही दूर पर बहती कोशी की क्षीण धारा के कछेर पर बैठकर सूर्योदय को निहारना. प्रतिमा को देखकर लगता है जैसे जीवन से थकी-हारी कोई तपस्विनी तपस्या कर रही हो!
कोशी नदी की क्षीण धारा! ठेहुने-भर भी गहरा नहीं है पानी इसमें. साफ जल के स्वच्छ तल पर बालू झक-झक कर रहा है. प्रवाह बिल्कुल शान्त. थोड़ा-सा पैर डुबाने से ही प्रतिमा का सम्पूर्ण शरीर जैसे "जुड़ा" जाता है! प्रतिदिन जल में स्नान कर एक ब्राह्मण वहां संध्या-वंदन में लीन दिखते हैं... प्रतिमा निर्निमेष दृष्टि से उन्हें देखती रहती हैं. आकाश से लेकर पृथ्वी तक थोड़ी-सी भी मलिनता नहीं, आवर्जना नहीं... इस शुचिता में जैसे आत्मिक मूर्ति हो जाती हैं वह! विचार आता है कि स्नान नहीं करने से भी, वन्दना नहीं करने से भी, इस स्थान के विराट निष्कलुष परिवेश के बीच मात्र खड़ा-भर हो जाने से, शुचि शुभ्र हुआ जा सकता है; जैसे वही हो जाती है वह!

...पचास-पचपन वर्ष पहले की बात है, शायद उससे भी पहले की. साल-तारीख तो प्रतिमा को स्मरण नहीं है अब, पर फाल्गुन का महीना था. प्रतिमा की शादी महिषी गांव में हुई थी. पति मणिशंकर एमए के छात्र थे उन दिनों. उस जमाने में उनका द्विरागमन जीप में हुआ था. विवाह के बाद मायके में पति को आंख भर कर देखा तक भी नहीं था उसने. यह अवसर द्विरागमन वाली यात्रा में ही मिला था.

इस यात्रा में जीप काफी दूरी तक जंगलों के बीच से भी गुजरी थी. अद्भुत दृश्य था. अनेक पशु-पक्षी दिखे थे. चतुर्दिक हरीतिमा, भींगी हुई माटी, विस्तृत विशाल वन क्षेत्र, कहीं कोई शब्द नहीं. मात्र जीप की कर्कश ध्वनि थी. लेकिन ऐसे में भी प्रतिमा मणिशंकर का उत्साह देख जैसे उसके हृदय की एक-एक धड़कन सुन पा रही थी!

जीप घनी बस्ती में पहुंची तो वहां भूमि थोड़ी नीची थी. मणिशंकर ने कहा था- ''वर्षा ऋतु में कोशी यहां तक आ जाती है. वह ऊंचा वाला 'डीह' देख रही हैं, वहां उग्रतारा भगवती का मंदिर है. इस अंचल का यह एक विशिष्ट मंदिर है. सिद्धपीठ है...'' आदि-आदि. प्रतिमा ने बाद के वर्षों में इस पूरे परिवेश का परिचय पाया था. शक्तिपीठ का, पुराने शिव मंदिर का और सम्पूर्ण पवित्र वातावरण का! प्रतिमा बहुत आस्तिक स्वभाव की रही थीं. उसने कई बार मन्नत मांगी थी वहां, और उसकी मन्नतें पूरी भी हुई थी.

ससुराल और मायके में, सभी जगह लोग उसे भाग्यशाली मानते थे. शादी के कुछ ही समय बाद मणिशंकर को प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता मिल गयी थी. मणिशंकर पटना विश्वविद्यालय में व्याख्याता हो गए थे. ससुराल में सबने इसका श्रेय प्रतिमा के भाग्य को ही दिया था. शादी के दो वर्षों के बाद प्रतिमा को पुत्र हुआ था. इस बच्चे का नामकरण करती हुई सासू मां ने कहा था- ''यह तो साक्षात् महादेव का वरदान है, इसलिए इसका नाम रहेगा आशुतोष. बहू ने महादेव पर कितना जल चढ़ाया होगा, उसी का फल हमें मिला है. यह उन्हीं का आशीर्वाद है."

प्रतिमा और मणि की एकमात्र संतान आशुतोष. कितने लाड़ों से पाला गया था वह! आशु जब बड़ा हुआ तो दोनों प्राणि मन-ही-मन आशु के भविष्य के साथ-साथ अपने भविष्य की कल्पना भी करने लगे थे. आशु की मेडिकल की पढ़ाई समाप्त हो गयी, तो उच्च शिक्षा के लिए उसने अमेरिका जाने की इच्छा व्यक्त की थी. तब पहली बार मणिशंकर ने आशु की इच्छा का विरोध किया था, परन्तु आशु के प्रति ममतावश प्रतिमा ने ही मणिशंकर को मना लिया था इसके लिए. आशु विदेश चला गया तो इनदोनों को उसके सुखद भविष्य की कल्पना से संतोष हुआ था. परन्तु हद तो तब हो गयी जब आशु अमेरिका से वापस आया. लौटने पर उसने अपना निर्णय सुनाते हुए कहा था- ''पापा, मैं अर्चना से शादी करूंगा. वह मेरे साथ ही पढ़ती है."

आशु ने यदि सिर्फ अपनी इच्छा प्रकट की होती तो, शायद मणि उतने आहत नहीं होते, परन्तु आशु ने तो अपना निर्णय सुनाया था! मणि जब तक कुछ बोलते, आशु का अगला वाक्य सुनकर वे कुछ क्षणों के वास्ते निर्वाक् हो गये! आशु ने कहा था- ''पापा, अमेरिका में बहुत सुख-सुविधा है. हम दोनों को वहां नौकरी मिल गयी है. शादी के बाद अमेरिका चले जाएंगे हमदोनों."

''प्रतिमा, आपके सुपुत्र बालिग हो गये हैं." कहते हुए मणि कुछ क्षण मौन रह स्वयं को सम्हालने के पश्चात् ठहाका मार कर हंस पड़े थे. मणि ने प्रत्यक्षतः ठहाका लगाया था, परन्तु उनके उस ठहाके के पीछे छिपा हाहाकार प्रतिमा से छुपा नहीं रह सका था. आशुतोष दोनों ही पति-पत्नी के लिए अब 'है' से 'हैं' हो चुके थे.

जीवन के पचास-पचपन वर्ष कैसे बीत गये, प्रतिमा यह समझ भी नहीं पायी थी. परन्तु मात्र तीन माह की अवधि उनके लिए तीन युग जैसा हो गया था. मणिशंकर सेवानिवृत हो गये. पेंशन मिलने लगा. बैंक में तो कुछ भी जमा था नहीं. पेंशन भी आधा बेच दिया था, एम० डी० करने हेतु आशु को अमेरिका जो जाना था!

आशु का जन्म हुआ था तभी से मणिशंकर कितनी ही बार बोले होंगे कि गांव में बहुत गरीबी है, इलाके में अच्छा डॉक्टर भी नहीं है, और जो है भी तो वहां गरीबों के लिए समुचित इलाज उपलब्ध नहीं है. मैं आशु को डॉक्टर बनाऊंगा. वह गांव में ही प्रैक्टिस करेगा. हमलोग भी रिटायरमेंट के बाद गांव में ही रहेंगे. बुढ़ापा आराम से कट जाएगा.

आशु डॉक्टर तो बन गया. मणिशंकर की इच्छा पूरी हुई, मगर आधी इच्छा. उनकी आधी इच्छा ही पूरी हो पायी. आशु दोनों पति-पत्नी अमेरिका चले गये. फोन से बातें होती रहीं. परन्तु इसकी भी अवधि बढ़ती जाने लगी. आशु प्रसन्न है, यह सोचकर प्रतिमा और मणिशंकर संतोष करते रहे. आशु को पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई तो उसके माता-पिता की प्रसन्नता की सीमा नहीं रही. बच्चे को देखने के लिए विकल होती थी प्रतिमा, वह मणिशंकर से अमेरिका चलने का कितनी ही बार आग्रह करती. कुछ दिनों तक मणिशंकर प्रतिमा के आग्रह को टालते रहे थे. प्रतिमा को स्मरण नहीं आता कि कभी मणि ने उसकी बात नहीं मानी हो, परन्तु अमेरिका जाने के प्रस्ताव पर उनकी असहमति और उनके स्वर की दृढ़ता के कारण प्रतिमा को फिर इस मुद्दे पर जिद करने का कभी साहस नहीं हुआ. पर अमेरिका जाने का अवसर मिला प्रतिमा को. रिटायरमेंट के पश्चात् दोनों प्राणी पटना छोड़कर गांव आ गये थे. पटना में अपना घर तो था नहीं. मणिशंकर ने हमेशा विश्वविद्यालय के क्वार्टर में रहकर ही अपने दायित्व का निर्वहन किया था. गांव में उन्हें खूब मन लगता था. गांव का स्नेह, गांव की मिट्टी-पानी की सुगन्धि, गांव की आत्मीयता और कहीं मिलती भी तो नहीं थी. मणिशंकर की शालीनता, गरिमायुक्त व्यक्तित्व और व्यवहार कुशलता लोगों को सहज ही आत्मीय बना लेती थी. मणिशंकर चौधरी की पत्नी होने की गरिमा तो प्रतिमा को सहज ही मिल गयी थी, साथ ही उसका अपना सरल व्यक्तित्व और अभिजात्य संस्कार स्वतः दूसरों को अपना बना लेता था.


प्रतिमा भाग्यशाली थीं. उसका मायके और ससुराल भरा-पूरा था. टोले-भर में कहीं भी बहू-बेटी की विदाई होती, तो प्रतिमा ही 'खोंइछ' देती थी. जीवन का उत्तरार्द्ध पति के साथ संतोष से व्यतीत हो रहा था. पांच-छः माह ही तो बीते थे कि मणिशंकर को अचानक 'हार्ट अटैक' आ गया. महिषी जैसे ग्रामीण इलाके में उचित इलाज की व्यवस्था के अभाव में मणिशंकर का स्वर्गवास हो गया था. इसी क्रम में आशुतोष गांव आये थे. क्रिया-कर्म समाप्त हो गया था. अगली सुबह आशु को वापस लौटना था. उस रात मां-बेटा एक ही बिस्तर पर सोये.

मां की गोद में सर रखकर सोने की आदत आशु की पुरानी थी. वे प्रतिमा की गोद में सर रखकर सोये थे. प्रतिमा को सब स्मरण है वैसे-का-वैसा! वे कुछ भूली कहां हैं! आशु जबसे बड़े हो गये तब से प्रतिमा के मात्र बेटे भर नहीं रहे, दोस्त भी हो गये थे. कभी कोई दुश्चिंता हुई तो इस सम्बन्ध में आशु को कहकर वे अपना मन हल्का कर लिया करतीं थीं. आशु बड़े गार्जियन की तरह मां की सारी चिन्ताएं दूर कर दिया करते थे. प्रतिमा के लिए आशु की सलाह से अधिक महत्वपूर्ण होती थी, आत्मविश्वास से भरी उनकी मुखाकृति. आशुतोष की मुस्कान में प्रतिमा की सारी चिन्ताएं क्षण में विलीन हो जाती थीं.

नीरव रात्रि में पुत्र आशु और मां प्रतिमा की मनस्थिति वैसी ही थी. स्तब्धता को भंग करते हुए आशु ने प्रतिमा को अमेरिका चलने का प्रस्ताव देते हुए कहा- '' मां, पापा तो अब नहीं हैं. आप अकेली हो गयी हैं. चलिए हमलोग के साथ ही रहिएगा. आपका मन भी लग जाएगा. आपका पौत्र राह देख रहा है आपकी."

(क्रमशः)

## झारखंड में महिला हॉकी : एक प्रमाणिक दस्तावेज



डॉ शहाब आर्यन

समीक्षा

झारखंड की जंगल, पहाड़ों, पेड़ों और झाड़ियों से आच्छादित भूमि खेलों में बड़ी उर्वर रही है. यहां का आदिवासी और मूलवासी समुदाय न केवल नृत्य, गीत और संगीत का धनी है, बल्कि खेल प्रतिभा के मामले में भी बेहद समृद्ध रहा है. तीरंदाज़ी से लेकर हॉकी तक, झारखंड की विलक्षण प्रतिभाओं ने अपनी कामयाबी के झंडे विश्व स्तर पर गाड़े हैं.

हॉकी विशेष कर महिला हॉकी के क्षेत्र में झारखंड विगत पचास वर्षों से लगातार प्रगति और सफलता के मार्ग पर अग्रसर रहा है. झारखंडी बालाओं ने न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिताओं, ओलंपिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ खेलों, हर जगह अपनी अलग पहचान स्थापित किया है. सावित्री पूर्ति, हेलेन सोय, सुमराय टेटे, असुंता लकड़ा, सलीमा टेटे, निक्की प्रधान, ब्यूटी डुंगडुंग जैसे नाम आज महिला हॉकी के वैश्विक फलक पर कुछ इस तरह प्रतिष्ठित हो चुके हैं कि वे महिला हॉकी के पर्याय माने जा सकते हैं. इतना होने के बावजूद, झारखंड में महिला हॉकी के विकास, खिलाड़ियों के संघर्ष, अदम्य साहस और गगनचुंबी सफलताओं को रेखांकित करती हुई किसी प्रमाणिक पुस्तक की कमी थी. जिसे डॉ शाहनवाज कुरैशी ने " झारखंड में महिला हॉकी" लिख कर पूरा कर दिया. यह कोई साधारण पुस्तक नहीं है बल्कि झारखंड में महिला हॉकी का प्रमाणिक दस्तावेज है.

पुस्तक की भूमिका राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश जी ने और प्रस्तावना झारखंड के पत्रकारिता के पुरोधा बलबीर दत्त ने लिखी है. पुस्तक का पहला अध्याय " इतिहास के झरोखे से" में डॉ कुरैशी सचित्र जानकारी देते हैं कि प्राचीन मिस्र में आज से चार हजार साल पहले हॉकी का अपरिष्कृत रूप मौजूद था. आगे हॉकी के वैश्विक प्रसार, महिला हॉकी का विकास, भारत में हॉकी का आरंभ और झारखंड में पहले पुरुष तथा कालांतर में महिला हॉकी के विकास और प्रसार की दिलचस्प गाथा है. दूसरे अध्याय में तत्कालीन बिहार में महिला हॉकी के विकास और झारखंड की आदिवासी बालाओं का बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए चयन और उनके प्रदर्शन का सजीव वर्णन है. सिमडेगा के करंगागुड़ी और खूंटी के हेसल की चर्चा बड़ी दिलचस्प है. डॉ शाहनवाज कुरैशी ने झारखंड में महिला हॉकी की नर्सरी के तौर पर चार जिलों, रांची, खूंटी, सिमडेगा और गुमला के महत्व, यहां के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन और इन जिलों की खेल संरचनाओं का विस्तृत वर्णन किया है.

तीसरा अध्याय झारखंड की महिला हॉकी के जगमग सितारों को समर्पित है. इनमें निक्की प्रधान,सलीमा टेटे,संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग जैसे नामचीन खिलाड़ियों के संघर्ष और विजय गाथा का सुंदर समावेश है. यह सिलसिला चौथे अध्याय हम हैं बेमिसाल में भी जारी रहता है जब पाठकों को असुंता लकड़ा, सुमराय टेटे, सावित्री पूर्ति, विश्वासी पूर्ति, अलमा गुडिया, हेलेन सोय, आसरिता लकड़ा, पुष्पा प्रधान, एडलिन केरकेट्टा, मसीरा सुरीन, गुड्डी कुमारी, कांति बा, मारिता तिर्की और बिगन सोय जैसे नाम मिलते हैं और साथ में मिलता है उनके अदम्य साहस, जीवट, संघर्ष और सफलता की रोचक, रोमांचक कहानियों का खज़ाना!



पुस्तक : झारखंड में महिला हॉकी
लेखक : डॉ शहनवाज कुरैशी
प्रकाशक : ब्लू रोज वन
पृष्ठ - 151, मूल्य-249

आगे के अध्याय में डॉ कुरैशी ने कुलवंत सिंह, राजपाल सिंह सिधु, नरेंद्र सिंह सैनी और प्रतिमा बरुआ जैसे हॉकी प्रशिक्षकों के त्याग, बलिदान और समर्पण को रेखांकित किया है. खेल प्रशासकों के योगदान की चर्चा के बिना शायद यह पुस्तक अधूरी रहती. भोलानाथ सिंह का कुश्ती महासंघ से महिला के संगठन में प्रवेश की दास्तान वाकई दिलचस्प है. साथ ही, फादर बेनेडिक्ट कुजूर जैसे हॉकी के दीवानों की भी चर्चा है जिन्होंने बिना हॉकी स्टिक के स्कूल आने पर रोक लगा दी थी. कोविड काल में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण को जारी रखने में उल्लेखनीय योगदान देने वाले मनोज कोनबेगी का हॉकी प्रेम दिल को छू लेता है. गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल, बरियातू की निवर्तमान प्राचार्य मृदुला सिन्हा का अविस्मरणीय योगदान इस स्कूल की छात्राओं की स्वर्णिम सफलता में झलकता है. सचमुच, सफलता एक दिन में नहीं मिलती न ही ये किसी का एकल प्रयास या उपलब्धि होती है.

कुल मिला कर डॉ शाहनवाज कुरैशी ने झारखंड में महिला हॉकी के विकास की संघर्षपूर्ण यात्रा से लेकर इसकी स्वर्णिम सफलताओं तक का जैसा प्रमाणिक लेखा जोखा एक ही पुस्तक में प्रस्तुत कर दिया है, ये वाकई सराहनीय है.

पुस्तक की भाषा सरल और सहज है. गूढ़ शब्दावलियों से परहेज़ किया गया है ताकि हर कोई इससे लाभान्वित हो सके. छोटी बड़ी, कही अनकही बातों, घटनाओं और किस्सों ने पुस्तक की रोचकता काफी बढ़ा दी है. पुस्तक के अंत में संदर्भ ग्रंथ सूची दी गई है जो पुस्तक को प्रमाणिक और विश्वसनीय बनाती है. डॉ शाहनवाज कुरैशी इस सार्थक, शोधपरक और ऐतिहासिक रचना के लिए बधाई के पात्र हैं.

## एडजस्ट का मतलब



डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

लघुकथा

"मां..! देखो न..! भैया ने मेरा खिलौना ले लिया"
"कोई बात नहीं बेटा..! तुम दूसरा ले लो...!"
"नहीं मुझे वही चाहिए.."
"बोला न..! लड़कियाँ जिद नहीं करतीं , एडजस्ट करना सीखो..."
नन्हीं अदिति की जुबां पर" एडजस्ट" शब्द का वजन चढ़ नहीं पा रहा था परन्तु, एडजस्ट का मतलब उसकी आंखों से पिघल गया।
"दादी...! दादा जी पापा से क्यों कह रहे थे कि भैया को कॉलेज में पढ़ाना जरूरी है और अदिति की पढ़ाई स्कूल के बाद समाप्त...?"
"तू समझ मेरी लाडो...! तेरी शादी के लिए भी तो पैसा चाहिए न..!"
" पर दादी मैं...!
" चुपकर..! तुम्हें ही एडजस्ट करना होगा"
अब अदिति समझने लगी थी कि एडजस्ट का मतलब है "अपनी इच्छाओं की हत्या"
शादी के समय भी मां ने कहा था- " बड़े नसीब से मिलता है ऐसा घर-परिवार और पढ़ा-लिखा दामाद...! ससुराल में कुछ दिन सब बरदाश्त करके एडजस्ट कर लोगी तो बाद में सब ठीक हो जाएगा..."
नई- नवेली अदिति के हाथों में पति ने एक फ़ार्म देते हुए कहा-" इसपर साइन कर दो"
कांपते हुए- " मुझसे क्या गलती हो गई एडजस्ट करने में...?"
" अरे पगली..! तेरा एडमिशन करवा रहा हूं कॉलेज में...!"
" कल से तुम कॉलेज जाओगी "
"और हां..! मां ..! ये हम सबके लिए अपना सब कुछ छोड़कर आई है अतः हम परिवार का कर्तव्य है कि इसके साथ हम भी एडजस्ट करें..."
फिर हंसते हुए अदिति से-
" समझती हो एडजस्ट का मतलब...?
" जी...! नयी सोच....!"

व्यंग्य ›› बर्बरीक

## नया अश्वमेध

हर राजा के अंदर दबी हुई इच्छा रहती है कि वह चक्रवर्ती सम्राट बने, निष्कंटक राज करे. हालांकि लोकतंत्र में ऐसी इच्छा नहीं रहनी चाहिए लेकिन लोकतंत्र में जो लोग रहते हैं उनके अंदर भी तो दबी हुई इच्छा रहती है कि कोई उनपर राज करे. इसी वजह से हमारे देश में हजारों राजा हुआ करते थे. अगर कोई नहीं भी चाहे तब भी लोग जयजयकार करके, फूल माला चढ़ा के, गुणगान कर कर के राजा बना ही देते हैं.

अब जब जनता चाहती है तो वह तो जनार्दन है. उसकी इच्छा से ही राजा, सचमुच के राजा वाले हाव भाव अपनाने लगता है - कभी दस बारह लाख का सूट पहनने लगता है, कभी आठ हजार करोड़ के विमान में यात्रा करने लगता है, कभी भगवान् की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में खुद भगवान् के स्टाइल में चलने लगता है, सिर्फ बैकग्राउंड में बाहुबली के



म्यूजिक की कमी रहती है. राजाओं के बॉडी लैंग्वेज को देखेंगे तो उसमें एक खास बात होती है - वह चरम मूर्खता की बात भी पूरे आत्मविश्वास से उंगली दिखा दिखा कर कर सकता है. पुराने समय में राजा लोग अपने को सर्वशक्तिमान साबित करने के लिए अश्वमेध यज्ञ किया करते थे. अश्व को छोड़ दिया जाता था और पीछे पीछे सेना चलती. छोटे मोटे क्षत्रपों को डरा धमका कर उन्हें काबू किया जाता था. जो अधीनता स्वीकार नहीं करते उन्हें सेना औकात दिखाती थी.

मोटे तौर पर मामला बहुत कुछ वैसा ही रहता है. अभी अश्व तो नहीं छोड़ सकते क्योंकि बाद में उस अश्व की बलि देनी पड़ती थी. सारे पशुओं के अधिकार वाले पीछे पड़ जाएंगे. तो अभी नए अश्वमेध यज्ञ का अश्व है ईडी नामक जीव. वही अश्व भी है सेना भी. लोकतंत्र के सबसे बड़े यज्ञ चुनाव यज्ञ के पहले इस अश्व को छोड़ देने का चलन है ताकि निष्कंटक राज किया जा सके. छोटे छोटे क्षत्रप जो अधीनता स्वीकार करने में थोड़ी आनाकानी करते हैं उधर नया अश्व छोड़ दिया जाता है. अब राजनीति में हैं तो कुछ तो दायें बायें रहती है चीज़ें. उन्हीं पर फोकस करता है यह अश्व. फिर तरह तरह से उछल कूद कर दिखाता है. छोटे छोटे क्षत्रप आतंकित होकर अधीनता स्वीकार कर लेते हैं. जो नहीं करते उन्हें यह अश्व नथुने फुला फुला कर भयभीत करता है. लोकतंत्र डरकर कहीं कोने में छुपा रहता है.

राजा सबसे ज्यादा लोकतंत्र बोलता है और अपने सारे कर्मों को जनता की इच्छा बताता है. जनता अपनी इच्छा पांच साल में एक ही बार बता पाती है और बाकी हमेशा राजा की इच्छा चलती रहती है. अश्वमेध यज्ञ चलता रहता है. ईडी नामक अश्व भी अपने खुरों से खोद खोदकर जमीन को हमवार करता है, निष्कंटक करता रहता है. राजा मुस्कराता रहता है. जनता भगत बनकर इस मुस्कराहट पर निसार होती रहती है.

कविता/गज़ल



अनिल किशोर सहाय

### युद्ध

आग की लपटों
और खंडहरों में तब्दील होते घरों के बीच
बंकरों में छुपकर बचने की
जद्दोजहद के बाद भी
नहीं टूटती उम्मीदों की वजह से
तनकर खड़े हो जाते हैं
बख्तरबंद वाहनों के सामने .
ध्वस्त हो जाने के बाद भी
फिर से बसे हैं अनगिनत शहर
बचे रह गए हैं पेड़-पर्वत और
बची रह गई है कई फूलों की रंगत भी
हिरोशिमा पर बमबारी के बाद भी
बची रह गई थी दुनिया
फिर से आबाद होने के लिए.
कुछ वैसा ही होगा
पर साम्राज्यवाद के खत्म होने
और मनुष्यता और प्रेम के बचे होने
पर लगे प्रश्नचिन्हों के साथ ?
(संदर्भ-रूस यूक्रेन युद्ध)



डॉ निवास चंद्र ठाकुर

### सच-झूठ

देखो न!
सच एक बार फिर से
झूठी खबरों का शिकार हो गया
किस बुरी तरह से हार गया !

सच था संवेदना से भरा
कोमल हिरण!
झूठ के जबड़े कठोर, खूंखार
भेड़िए जैसे!

सच पांव पांव कुलांचे भरता रहा
झूठ ने छलांगें लगाईं
सच की गर्दन पर पर दांत गड़ाए
उसको जबड़ों में दबोचा और
विजेता की तरह फरार हो गया!
झूठ के शौर्य पर जयकारे लगे
सारा जंगल गुलज़ार हो गया!
सच एक बार फिर से
झूठ का आहार हो गया !

सच जब झूठ के पेट में
गल-पच गया, तब
डकार लेकर आंखें खोलते-मूंदते
भेड़िए ने वक्तव्य दिए
सत्य ही जयते!
इस खेल में मेरा कहीं कोई दोष नहीं है
वह तो हिरण था
जो बस यूं ही मेरा शिकार हो गया
असल बात यह है कि
हिरण को ही
हमारे जबड़ों से प्यार हो गया!



आशुतोष प्रसाद

### प्रेम की बातें, दिल में सजी हैं

तेरे इश्क़ में बुलबुलों को भटका दिया,
हर आहट में तेरा ही इंतजार किया.

दिल की धड़कन में तेरा ही नाम बसा है,
प्रेम की बातें, दिल में सजी हैं.

चाहत का सफर, हैरत से भरा हुआ,
तेरे बिना जीना, ये सूना हुआ.

बातों में बसी है वो मिठास,
तेरी बाहों में है सुकून की राहत.

तेरी बातों में है एक खासी मिठास,
प्रेम की कहानी, जो है अद्वितीय बात.

इस इश्क़ की राहों में हैं ज़हर भी कई,
पर तेरे बिना, हर रास्ता है खाली.

तेरी ये प्रेम की कहानी,
हर पल है नए रंगों में बढ़ती जाती.

प्रणय निवेदन से लिपटी हुई है रातें,
तेरे साथ है सभी ख्वाबों की मुलाकात.

इस इश्क़ की मिठास में,
है जिंदगी का हर सवाल सुलझा हुआ.

इस प्रेम के रास्तों में हैं गुलाब,
तेरे साथ है सुख-शांति का सारा आब.

तेरी मुस्कान से मिलता है आसमान,
प्रेम की राहों में है सुकून का आसार.

तेरी बातों की मिठास से भरा है दिल,
प्रेम की दुनिया में है बहुत सारा.



नन्दनी प्रनय

### कुछ हुआ है मुझको

नहीं आती है मुझे
रात को नींद
बेचैन रहती हूं
बिस्तर पर
शायद कुछ
हुआ है मुझको.
कहते हैं सब
सोचती बहुत हो
निकाल दो ख्याल
जो करते हैं परेशान
कुछ कहते,
सोचो अपने बारे में
खाली पड़ी रहती हो
शायद कुछ हुआ है मुझको.
उठ-उठ कर कभी
चलने लगे जाती हूं
कभी पढ़ने लग जाती हूं
कोई किताब
कभी गुनगुनाती हूं
मन ही मन में
फिर आता है ख्याल
शायद कुछ हुआ है मुझको
सोचती हूं
कैसे सोते हैं सब
रात को और
कुछ दिन में भी
फिर मुझे क्यों
नहीं आती नींद
तीन पहर बीतने पर भी
शायद कुछ हुआ है मुझको.
दुखता है मन
कहूं किससे और
कहूं तो क्या कि
नहीं आती मुझे नींद
परेशान होती हूं
पूरी-पूरी रात
ऐसे होती है कभी सुबह
शायद कुछ हुआ है मुझको
बहुत से हैं सवाल
जिनका अभी
नहीं कोई जवाब
आएगा वक़्त
जब ठीक होगा सब
गहरी नींद आएगी
मुझे भी रात भर
अभी शायद कुछ हुआ है मुझको.



अनीता रश्मि

### प्रेम से ही बचेगी दुनिया

मुश्किल था बहुत
उससे दूर जाना
जाकर भी वापस न आना
और यह मुश्किल उसने
बहुत आसानी से निभाई
पर खो न सका
दुनिया की भीड़ में
साथी ने जलाए रखा
प्यार को अपने
जैसे जलाए रखते हम
बरसों-बरस
नफरत की बाती को.
कोई मुश्किल भी नहीं,
प्यार को जिलाए
जलाए रखना ताउम्र,
ऊपरवाले ने
दुनिया तो प्रेम से ही
बसाई थी
हमने नफरत की वजहें
ढूँढ डालीं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी



अगर गेंद 'रिवर्स' हो रही है तो कोई 'मैजिक' ढूंढने की जरूरत नहीं
– जसप्रीत बुमराह

## दूसरा टेस्ट

### पहली पारी में 253 पर सिमटा इंग्लैंड, भारत की स्थिति मजबूत

# बुमराह के छक्के से बैकफुट पर अंग्रेज

भाषा । विशाखापत्तनम

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली. पहली पारी में 396 रन बनाने वाली भारतीय टीम की कुल बढ़त अब 171 रन की हो गयी है. स्टंप्स के समय कप्तान रोहित शर्मा 13 और पहली पारी में 209 रन बनाने वाले यशस्वी जायसवाल 15 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे. दोनों ने पांच ओवर के खेल में तीन-तीन चौके लगाये हैं. इससे पहले जसप्रीत बुमराह (45 रन पर छह विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड की पहली पारी को 253 रन पर समेट दिया. बुमराह को वामहस्त स्पिनर कुलदीप यादव का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में वापसी करते हुए तीन विकेट लिये. इंग्लैंड के लिए सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली ने 78 गेंद में 76 और कप्तान बेन स्टोक्स ने 54 गेंद में 47 रन की आक्रामक पारी खेली. दिन के शुरुआती सत्र में भारत की पहली पारी 112 ओवर में 396 रन पर खत्म हुई थी. भारत के लिए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 209 रन की शानदार पारी खेली. उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपने पहले दोहरे शतक के दौरान 290 गेंदों की पारी में 19 चौके और सात छक्के जड़े. इंग्लैंड के लिए दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने 25 ओवर में 47 रन देकर तीन विकेट लिये थे. शोएब बशीर और रेहान अहमद को भी तीन-तीन सफलता मिली थी. जायसवाल के अलावा भारत के अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया. जायसवाल के बाद शुभमन गिल 34 रन और पदार्पण कर रहे रजत पाटीदार 32 रन के साथ टीम के सर्वोच्च स्कोरर रहे. भारतीय पारी को जहां जायसवाल ने संवारा वहीं इंग्लैंड की गेंदबाजी का भार 41 साल के दिग्गज जेम्स एंडरसन (47 रन पर तीन विकेट) ने उठाया. आठ ओवर के शुरूआती स्पैल में उन्होंने सीम गेंदबाजी का शानदार नमूना पेश किया.



### दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बने यशस्वी

भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बने. अपना छठा टेस्ट खेल रहे 22 साल के जायसवाल ने 290 गेंद की पारी में 19 चौके और सात छक्के की मदद से 209 रन बनाये. वह दिग्गज जेम्स एंडरसन की गेंद पर जॉनी बेयरस्टो को कैच देकर पवेलियन लौटे. सबसे कम उम्र में दोहरा शतक जड़ने वाले भारतीय का रिकॉर्ड विनोद कांबली के नाम है. पूर्व वामहस्त बल्लेबाज कांबली ने 1993 में 21 साल और 335 दिन की उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा था. कांबली ने इसके 20 दिन के बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना लगातार दूसरा दोहरा शतक बनाया था. कांबली से पहले महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर लंबे समय तक दोहरा शतक जड़ने वाले भारत के सबसे युवा बल्लेबाज थे. उन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह कारनामा किया था.

### टेस्ट में भारत के लिए 200 रन बनाने वाले सबसे युवा

- 21 साल 35 दिन की उम्र में **विनोद कांबली** 224, बनाम इंग्लैंड मुंबई, 1993
- 21 साल 55 दिन की उम्र में **विनोद कांबली** 227, बनाम जिमबाब्वे, दिल्ली, 1993
- 21 साल 283 की उम्र में **सुनील गावस्कर** 220, बनाम वेस्टइंडीज पोर्ट ऑफ स्पेन 1971
- 22 वर्ष 37 दिन की उम्र में **यशस्वी जायसवाल** 209, बनाम इंग्लैंड विशाखापत्तनम 2024

### टेस्ट में भारत के लिए बाएं हाथ के बल्लेबाजों द्वारा दोहरा शतक

- **239** सैरव गांगुली बनाम पाकिस्तान, बेंगलुरु 2007
- **227** विनोद कांबली बनाम जिम्बाब्वे, दिल्ली 1993
- **224** विनोद कांबली बनाम इंग्लैंड, मुंबई 1993
- **206** गौतम गंभीर बनाम ऑस्ट्रेलिया, दिल्ली 2006
- **209** यशस्वी जायसवाल बनाम इंग्लैंड, विशाखापत्तनम 2024

### भारत का पलड़ा भारी

| | |
|---|---|
| 06 | विकेट चटकाए बुमराह ने |
| 03 | विकेट चटकाए कुलदीप ने |
| 209 | रन बनाए जायसवाल ने |
| 171 | रनों से अब तक आगे है भारतीय टीम |

### क्रिकेट जगत ने यशस्वी की पीठ थपथपाई

'मास्टर ब्लास्टर' सचिन तेंदुलकर की अगुवाई में क्रिकेट जगत शनिवार को टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल की तारीफ की .तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा कि शाबाश यशस्वी शानदार प्रयास. जायसवाल की पारी की तारीफ भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने भी की. इस श्रृंखला की शुरुआती दो टेस्ट से निजी कारणों ने टीम से बाहर रहने वाले कोहली ने कहा कि यशस्वी जायसवाल .... कम उम्र में शानदारी पारी खेली. जायसवाल ने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पदार्पण टेस्ट मैच में 171 रन बनाए थे. भारत के बायें हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने जायसवाल की तारीफ करते हुए कहा कि युवा यशस्वी जायसवाल का शानदार दोहरा शतक, बधाई. भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा ने कहा कि एक शतक विशेष होता है और जब आप दोहरा शतक बनाते हैं तो यह एक अलग ही ऊंचाई होती है. यशस्वी... नाम में ही बड़ा अर्थ है. आने वाले समय में आप कई और शतक जड़ेंगे...यशस्वी जायसवाल ने अच्छा खेला. भारत के पूर्व क्रिकेटर और पश्चिम बंगाल सरकार में वर्तमान खेल खेल और युवा मामलों के राज्य मंत्री मनोज तिवारी ने भी जायसवाल को बधाई दी.

## ब्रीफ खबरें

### पीएचएफ के कर्मचारियों का वेतन बकाया

**लाहौर।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने पैसे की तंगी के कारण अपने कर्मचारियों को पिछले छह महीने से वेतन भुगतान नहीं किया है. सूत्र के मुताबिक लाहौर स्थित मुख्यालय और कराची स्थित कार्यालय में पीएचएफ के लगभग 80 कर्मचारी पिछले छह महीनों से अपना वेतन का इंतजार कर रहे हैं. कर्मचारियों के साथ-साथ राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को भी पिछले चार-पांच महीनों से अनुबंध के मुताबिक वेतन या भत्ते का भुगतान नहीं किया गया है. ओमान में हाल ही में ओलंपिक क्वालीफायर के दौरान भी खिलाड़ियों को भत्ता नहीं मिला था. इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान के कप्तान इमाद शकील बट और कुछ अन्य खिलाड़ी भी क्वालीफायर के दौरान अपने दैनिक बकाया का भुगतान न करने के मुद्दे पर टीम प्रबंधन से भिड़ गए थे.


### कट में जगह बनाने से चूके प्रकाश चौहान

**बहरीन।** भारत के ओम प्रकाश चौहान तेज हवा और मुश्किल परिस्थितियों के बीच बहरीन गोल्फ चैंपियनशिप में कट में जगह बनाने से चूक गए. भारत के पीजीटीआई सर्किट में 2023 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' के विजेता रहे इस खिलाड़ी ने पहले दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला था लेकिन दूसरे दौर में उनका स्कोर बेहद निराशाजनक 10 ओवर 82 का रहा. वह इस दौरान दो डबल बोगी और सात बोगी के मुकाबले सिर्फ एक बर्डी ही लगा सके.

## सिकोकाई ऑल इंडिया कराटे चैंपिनशिप

# पहले दिन झारखंड ने जीते चार पदक

संवाददाता । रांची



दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में चल रहे सिकोकाई ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को महिला वर्ग में झारखंड की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक जीता.

वहीं पुरुष वर्ग में झारखंड ने एक पदक जीता. सभी विजेता खिलाड़ियों को साउथ एशियन कराटे फेडरेशन के अध्यक्ष हंशी भरत शर्मा और कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा ने पदक दिया. सफल खिलाड़ियों को सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल इंडिया के राज्य प्रतिनिधि सह राष्ट्रीय कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बधाई दी. शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि महिला खिलाड़ियों ने जिस प्रकार आज अपने उम्दा प्रदर्शन से राज्य के लिए पदक जीता है यह अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा साबित होगा.

### इन खिलाड़ियों ने जीता पदक

- जूनियर वर्ग में अनुष्का कुमारी ने 48 किलो वजन वर्ग के कुमिते में रजत पदक जीता
- कैडेट वर्ग में खुशबू कुमारी को 68 किलो वर्ग के कुमिते में रजत पदक
- कैडेट वर्ग में पूनम सोनी ने 54 किलो वर्ग के कुमिते में कांस्य पदक जीता
- पुरुष वर्ग में रघु तनमय पहन ने 68 किलो वर्ग के कुमिते में रजत पदक जीता

## रणजी ट्रॉफी : जीत के करीब झारखंड

संवाददाता। रांची

जमशेदपुर में मणिपुर और झारखंड के बीच खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मैच में झारखंड के टीम जीत के करीब है. मणिपुर के पहली पारी के जवाब में झारखंड के उत्कर्ष सिंह के 116 , सौरभ तिवारी के नाबाद 105 और अनुकूल रॉय 97 रन के बदौलत दूसरे दिन स्टंप तक झारखंड ने पांच विकेट गंवाकर 473 रन बना लिए है. जयपुर में राजस्थान के पहली पारी में 432 रन बनाने के बाद विदर्भ ने यश राठौड़ के नाबाद 68 रन से स्टंप तक दो विकेट गंवाकर 140 रन बनाये. रोहतक में पहली पारी में 108 रन बनाने वाली सेना ने स्टंप तक दूसरी पारी में चार विकेट गंवाकर 78 रन बना लिये.

### महाराष्ट्र के खिलाफ सौराष्ट्र का पलड़ा भारी

**सोलापुर (महाराष्ट्र)।** सौराष्ट्र के स्पिनर युवराज सिंह डोडिया और पार्थ भुत की शानदार गेंदबाजी से महाराष्ट्र टीम शनिवार को यहां 208 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के दूसरे दिन स्टंप तक 104 रन पर पांच विकेट गंवाकर जूझ रही है. अनुभवी भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा मैच में दूसरी बार विफल रहे. उनके शून्य पर आउट होने के बावजूद सौराष्ट्र ने पुछल्ले बल्लेबाज चिराग जानी (43) और कप्तान जयदेव उनादकट (45) के बीच 93 रन की साझेदारी से महाराष्ट्र के सामने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही. सौराष्ट्र ने 69 रन पर आठ विकेट गंवा दिये थे लेकिन इन दोनों की बदौलत 164 रन तक पहुंच गयी. सौराष्ट्र का पूरा शीर्ष क्रम ताश के पत्तों की तरह बिखर गया जिसमें महाराष्ट्र के बायें हाथ के स्पिनर हितेश वालुंज ने शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने 70 रन देकर आठ विकेट चटकाकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया. पहले दिन भी उन्होंने 93 रन देकर छह विकेट झटके थे जिससे मैच में 14 विकेट लेकर करियर का सर्वश्रेष्ठ करने में सफल रहे. दूसरे दिन स्टंप तक महाराष्ट्र का शीर्ष क्रम पवेलियन लौट चुका है. सिद्धार्थ म्हात्रे 11 और तरणजीत सिंह ढिल्लों छह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं.

## थाईलैंड मास्टर्स : अस्मिता चालिहा सेमीफाइनल में हारी

भाषा । बैंकॉक

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अस्मिता चालिहा का प्रभावशाली प्रदर्शन शनिवार को यहां थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में स्थानीय खिलाड़ी सुपानिडा काटेथोंग से सीधे गेम में हारकर समाप्त हो गया. गुवाहाटी की 24 साल की प्रतिभाशाली खिलाड़ी को विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज सुपानिडा ने 35 मिनट तक चले मुकाबले के सीधे गेमों में 21-13, 21-12 से हराया. बाएं हाथ की दो खिलाड़ियों का मुकाबला शुरुआत से एकतरफा रहा. सुपानिडा ने पहले गेम 8-3 की बड़ी बढ़त बनाने के बाद भारतीय खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया. दूसरे गेम में अस्मिता ने सुपानिडा को शुरुआत में टक्कर दी जिससे स्कोर 6-7 था. वह इसके बाद लय जारी नहीं रख सकी .थाईलैंड की खिलाड़ी ने अगले 10 में से नौ अंक अपने नाम कर अस्मिता को मुकाबले से बाहर कर दिया.

### बैडमिंटन टूर्नामेंट

- एकतरफा रहा अस्मिता और सुपानिडा के बीच मुकाबला
- सुपानिडा ने अस्मिता को सीधे गेमों में हराया
- 21-13, 21-12 से हारी अस्मिता चालिहा

### डब्ल्यूएपी चैंपियनशिप में संयुक्त 11वें स्थान पर रही अवनी प्रशांत

**पटाया (थाईलैंड)।** भारतीय गोल्फ खिलाड़ी अवनी प्रशांत महिला एमेच्योर एशिया पैसिफिक चैंपियनशिप (डब्ल्यूएएपी) के तीसरे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर है.

पहले दो दौर में 68 और 69 का स्कोर करने वाली अवनी ने तीसरे दौर में दो बर्डी के मुकाबले एक बोगी लगाई. अवनी का कुल स्कोर आठ अंडर है जबकि तालिका में शीर्ष पर काबिज चीनी ताइपे की चुन-वेई वू (66) का स्कोर 18-अंडर का है. कट में जगह बनाने वाली एक अन्य भारतीय सान्वी सोमू 75 के कार्ड के साथ संयुक्त 48 वें स्थान पर है. यह 15 साल की खिलाड़ी ने दो बर्डी के मुकाबले पांच बोगी कर बैठी.

## अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला हॉकी

# रांची विश्वविद्यालय बना उपविजेता

संवाददाता । रांची



सावित्रीवाई विश्वविद्यालय के तत्वावधान में खेले गए अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला हॉकी प्रतियोगिता रांची विश्विद्यालय को हार का सामना करना पड़ा. शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में ग्वालियर की टीम रांची विश्विद्यालय की टीम को 2-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया. रांची विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया लेकिन किस्मत ने ग्वालियर का साथ दिया. रांची विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने कई अच्छे मौके गंवाए और पूरे मैदान में दर्शकों की खूब वह वाही लूटी. मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों को गोल करने का मौका नहीं मिला. दूसरे हाफ के खेल में ग्वालियर के खिलाड़ियों ने एक गोल का टीम को बढ़त दिला दी, लेकिन इसके थोड़ी देर बाद रांची विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने जमकर मुकाबला किया और गोल दाग कर बराबरी की. रांची के खिलाड़ियों ने कई मौके गंवाए, लेकिन इस बीच खेल के अंतिम क्षणों में ग्वालियर के खिलाड़ियों ने पेनल्टी कॉर्नर का लाभ उठाते हुए गेंद को गोल-जाल में फंसा कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया. रांची की ओर से एकमात्र गोल अंजना डुंगडुंग ने दागा.

### खास बातें

- ग्वालियर ने रांची विवि. को 2-1 से पराजित किया
- रांची विवि. के लिए एकमात्र गोल अंजना डुंगडुंग ने दागा

## टेनिस

### रामकुमार रामनाथन ने ऐसाम अल हक को और श्रीराम बालाजी ने अकील खान को हराया

# डेविस कप में भारत ने पाकिस्तान पर 2-0 की बढ़त बनायी

भाषा । इस्लामाबाद

भारत ने रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी के दबाव भरे मैचों में जीत की बदौलत शनिवार को यहां डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्लेऑफ मुकाबले में पाकिस्तान पर 2-0 से बढ़त बना ली. ऐसाम उल हक ने शुरूआती एकल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन तीसरे सेट में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछड़ गये. रामकुमार ने इस्लामाबाद खेल परिसर में जोश से भरे ऐसाम से पहला सेट गंवा दिया था लेकिन वापसी करते हुए 6-7(3) 7-6(4), 6-0 से जीत हासिल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया. इस मैच में 43 वर्षीय ऐसाम ने 10 डबल फॉल्ट की. ऐसाम कड़कड़ाती ठंड में अपने 'डबल फॉल्ट' पर लगाम नहीं लगा सके जबकि रामकुमार ने जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा अपने रिटर्न बेहतर करना शरू किया. ऐसाम ने कड़ी टक्कर देने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन तीसरे सेट के शुरू में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण जूझते नजर आये. अंत में लय खो बैठे रामकुमार ने दूसरे सेट में दो ब्रेक प्वाइंट बचाये जो मैच के नतीजे में अहम साबित हुए. ठंड के कारण गेंद भारी हो गयी थी जिससे इस पर काबू करना मुश्किल हो रहा था.



### एकतरफा मुकाबले में जीते बालाजी

बारिश से प्रभावित दूसरे एकल में युगल विशेषज्ञ बालाजी को अकील खान ने चुनौती दी लेकिन वह पाकिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी को एकतरफा मुकाबले में 7-5, 6-3 से पराजित करने में सफल रहे. बालाजी ने मैच पर शिकंजा कसा हुआ था. उन्होंने दोनों सेट में एक एक बार अकील की सर्विस तोड़ी. उनकी मजबूत सर्विस, ड्रॉप शॉट्स का बखूबी इस्तेमाल और मूवमेंट अंत में उन्हें आसान जीत दिलाने में सफल रहे. भारत अब विश्व ग्रुप एक में जगह बनाने से एक जीत दूर है. युकी भांबरी और साकेत मायनेनी अब रविवार को मुकाबला जीतने की कोशिश करेंगे. तीसरे मैच में उनका सामना मुजम्मिल मुर्तजा और बरकत उल्लाह की जोड़ी से होगा.

### राम-क्राजिसेक की जोड़ी जीती

विनियस (लिथुआनिया)

राजीव राम और ऑस्टिन क्राजिसेक ने यूक्रेन के खिलाफ युगल मैच जीतकर 'बेस्ट ऑफ फाइव' क्वालीफाइंग में 3-0 की अजेय बढ़त के साथ डेविस कप फाइनल्स ग्रुप राउंड में अमेरिका का स्थान सुरक्षित किया. राम और क्राजिसेक ने शुक्रवार को इलिया बेलोबोरोडको और ओलेक्सी क्रुतिख की जोड़ी को 6-3 4-6 6-3 से हराया. इससे पहले सेबेस्टियन कोर्डा और क्रिस यूबैंक्स ने एकल वर्ग के मैच में जीत के साथ अमेरिका को शानदार शुरुआत दिलाई थी.

## एमेच्योर किकबॉक्सिंग के महासचिव बने ओवैस अराफात




संवाददाता। रांची

झारखंड एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन की वार्षिक आम बैठक शनिवार को संपन्न हुई. यूनाइटेड क्लब हिनू में हुई बैठक में राज्य से के 21 जिला ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. ओवैस अराफात को महासचिव और प्रवीण कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया. राज्य के संग में 8 नये जिला इकाई संघ में शामिल हुए. जिसमें गुमला, लोहरदगा, गढ़वा, बोकारो, पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह व सरायकेला शामिल है. संघ ने आने वाली प्रतियोगिताएं और ट्रेनिंग सेमिनार और खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य के लिए कई योजनाओं का शुभारंभ किया.

## ब्रीफ खबरें

### सीएसपी संचालक से 2.5 लाख रुपये लूटे

**पूर्वी चंपारण।** जिले के चकिया थाना क्षेत्र के गवंद्रा बाजार स्थित एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र से अपराधियों ने करीब ढाई लाख रुपये की लूट की घटना को अंजाम दिया है. घटना की जानकारी देते कोईला बेलवा पोखरिया टोला निवासी सीएसपी संचालक रूपेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार देर शाम जब सीएसपी को बंद करने की तैयारी कर रहे थे. इसी बीच काले और उजले रंग की दो बाइक पर सवार पांच की संख्या में अज्ञात बदमाश सीएसपी केंद्र में घुसे और हथियार के बल पर करीब ढाई लाख रुपये और मोबाइल लूट लिये.

### बुजुर्ग से 50 हजार रुपये लूटकर फरार

**भागलपुर।** जिले के जगदीशपुर स्थित यूको बैंक से रुपया निकल कर घर जा रहे एक बुजुर्ग की बाइक सवार अपराधियों ने रुपयों से भरा थैला छीनकर फरार हो गया. घटना शनिवार करीब 11 बजे दिन की है. तगेपुर निवासी 55 वर्षीय भोला यादव बैंक से 50 हजार रुपया निकाल कर अपने घर जा रहे थे. तभी भुराहा पोखर के निकट बिरजू चूड़ा मिल के पास पीछे से एक बाइक पर सवार दो युवक आया और हाथ से थैला छीन लिया और फरार हो गया. पीड़ित ने बताया कि थैली में 50 हजार रुपया, पासबुक एवं आधार कार्ड था. साथ ही उन्होंने बताया कि मैंने जमीन खरीदा है. पैसा निकालकर जमीन वाले को देना था. इसीलिए पैसा निकाल कर घर जा रहा था.

### जमीन विवाद में भतीजे ने चाचा को मारी गोली

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण के सुगौली थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर भतीजा ने चाचा लैश मियां को गोली मार दी. जख्मी लैश मियां को इलाज के लिए सुगौली सीएचसी लाया गया. जहां से चिकित्सकों ने उसे मोतिहारी रेफर कर दिया है. इधर, घटना की जानकारी मिलते ही मोतिहारी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन में जुट गई है. फिलहाल आरोपी फरार बताया जा रहा हैं. वहीं, घटना सुगौली थाना क्षेत्र के पजिअरवा गांव में घटी है. महज दो कट्ठा के लिए यह गोलीबारी की गई है.

बिहार में भाजपा और जदयू की सरकार बनने के छह दिन बाद मंत्रियों के बीच हुआ विभागों का बंटवारा

# मुख्यमंत्री नीतीश के पास गृह और सामान्य प्रशासन

संवाददाता । पटना


मुख्यमंत्री
5 विभाग


डिप्टी सीएम
नौ विभाग


डिप्टी सीएम
नौ विभाग

राज्य में भाजपा-जदयू की सरकार बनने के छह दिन बाद शनिवार को मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर गृह और सामान्य प्रशासन जैसे महत्वपूर्ण विभाग अपने पास रखे हैं. दोनों उप मुख्यमंत्रियों को नौ-नौ विभागों का जिम्मा दिया गया है. नीतीश कुमार के पास सामान्य प्रशासन, गृह, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन तथा ऐसे सभी विभाग जो किसी को भी आवंटित नहीं किए गए हैं वह उनके पास रहेंगे. उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास कुल नौ विभागों का जिम्मा है. इसमें वित्त, वाणिज्य कर, नगर विकास एवं आवास, स्वास्थ्य, खेल, पंचायती राज, उद्योग, पशु एवं मत्स्य संसाधन तथा विधि विभाग हैं. दूसरे उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के पास भी नौ विभाग हैं. इनमें कृषि, पथ निर्माण, राजस्व एवं भूमि सुधार, गन्ना उद्योग, खान एवं भूतत्व, श्रम संसाधन, कला संस्कृति एवं युवा, लघु जल संसाधन मंत्रालय तथा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण हैं. जदयू के विजय कुमार चौधरी के पास कुल छह विभाग हैं. इनमें जल संसाधन, संसदीय कार्य, भवन निर्माण, परिवहन, शिक्षा, सूचना एवं जनसंपर्क हैं. विजेंद्र प्रसाद यादव के पास पांच विभाग हैं, जिसमें ऊर्जा योजना एवं विकास, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन तथा ग्रामीण कार्य और अल्पसंख्यक कल्याण हैं.

भाजपा के डॉ. प्रेम कुमार के पास सहकारिता, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन तथा पर्यटन यानी कुल पांच विभाग हैं. जदयू के श्रवण कुमार के पास ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग हैं. हम के संतोष कुमार सुमन को सूचना प्रावैधिकी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है. निर्दलीय सुमित सिंह को विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग मिला है.

बिहार की राजनीति में कांग्रेस ने मचाई खलबली

# प्रदेश अध्यक्ष ने दिया मांझी को मुख्यमंत्री पद का ऑफर

संवाददाता । पटना



बिहार में एनडीए की सरकार तो बन गई है, लेकिन फ्लोर टेस्ट अभी बाकी है. इसी बीच 'हम' संयोजक जीतन राम मांझी ने कैबिनेट में दो मंत्री पद की मांग कर दी है. इस बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह से जब सवाल पूछा गया कि वो एनडीए सरकार में दो सीटों की मांग कर रहे हैं. इस पर अखिलेश प्रसाद सिंह ने मांझी को खुला ऑफर दे दिया. उन्होंने कहा कि वो हमारे साथ आ जाए हम उन्हें सीएम बनवा देंगे. इस बयान के बाद बिहार की राजनीति में कयासों का दौर शुरू हो गया है. वहीं, इस प्रकरण पर राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि सभी बातों को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता है.

गुस्साए लोगों ने बस में लगायी आग, ड्राइवर को भी पीटा

# बस ने छात्रा को रौंदा, मौत के बाद बवाल, बस में लगाई आग

संवाददाता । बिहारशरीफ

नालंदा में भीषण सड़क हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई है. वह शनिवार की सुबह कोचिंग पढ़ने जा रही थी. राजगीर-बिहार शरीफ मेन रोड में यात्रियों से भरी बस ने कुचल दिया. घटना दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत दीपनगर का है. इधर, घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. छात्रा की मौत पर आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जमकर बवाल किया. इधर, भाग रहे बस चालक को लोगों ने खदेड़ कर पकड़ लिया और बेरहमी से पिटाई कर दी. वहीं, गुस्साए लोगों ने बस में आग लगा दी और सड़क जाम कर प्रदर्शन करने लगे.

**मृतक की पहचान पुष्पा कुमारी के रूप में हुई :** इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने की कोशिश करने लगी. पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद आरोपी बस ड्राइवर को लोगों के चंगुल से छुड़ा लिया. पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है. छात्रा की पहचान नालंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत कमदारगंज गांव निवासी सुगन यादव की 14 वर्षीय पुत्री पुष्पा कुमारी के रूप में की गई है.



### उग्र ग्रामीणों को समझाया

घटना के बाद दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह दलबल के साथ पहुंचे. हालांकि करीब एक घंटे तक समझाने बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन भीड़ पुलिस की बात मानने को तैयार नहीं थी. बाद में लाइन से बल को मंगाया गया. तब जाकर मामला शांत हुआ. फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेने के प्रयास में जुटी हुई है. घटना की सूचना पर सदर डीएसपी नुरुल हक, सदर बीडीओ अंजन दत्ता, लहेरी थानाध्यक्ष, सोहसराय थानाध्यक्ष दलबल के साथ पहुंचे.

### पढ़ाई करने जा रही थी पुष्पा

पुष्पा कुमारी के पिता सुगंन यादव ने बताया कि हर दिन की तरह उनकी बेटी पढ़ाई करने के लिए घर से साइकिल से दीपनगर बाजार जा रही थी. इसी बीच बिहार शरीफ से राजगीर की ओर जा रही अनियंत्रित बस ने उसे कुचल दिया. जिसके कारण घटनास्थल पर ही उनकी बेटी की मौत हो गई. सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि सड़क हादसे में छात्रा की मौत हुई है. कुछ असामाजिक तत्वों ने बस में आग लगा दी गई थी. फिलहाल स्थिति सामान्य है और आवागमन शुरू करा दिया गया है. उपद्रव करने वाले लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी. घटना के बाद गुस्साए लोगों ने बस ड्राइवर को पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दी. वहीं मौके की नजाकत को देखते हुए पैसेंजर बस से उतरकर अपने-अपने गंतव्य की ओर निकल गए.

### घंटे भर बाद पहुंचा फायर ब्रिगेड

बस में आग लगाने की सूचना के उपरांत करीब घंटे भर बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची. दमकल की दो गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. बताया जा रहा है कि शनिवार को ही दीपनगर बाजार में ही कुशवाहा महासम्मेलन सह अभिनंदन समारोह का आयोजन होने वाला है. जहां उपमुख्यमंत्री के आने का कार्यक्रम है. इंटरमीडिएट परीक्षा का शनिवार को तीसरा दिन है, ऐसे में शनिवार की सुबह हुई इस घटना के बाद परीक्षार्थियों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा.

# नीतीश ने 20 सूत्री समिति भंग की

संवाददाता । पटना

बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फुल एक्शन में हैं. नीतीश कुमार ने पुरानी समितियों में बदलाव करना शुरू कर दिया है. सीएम ने महागठबंधन सरकार में गठित 38 जिलों की 20 सूत्री समितियों को भंग कर दिया है. साथ ही सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों को भी हटा दिया है. अब नये सिरे से सभी जिलों में प्रभारी मंत्री बनाये जायेंगे. कैबिनेट विभाग ने शुक्रवार को इससे संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दी. इस अधिसूचना के बाद किसी भी जिले में कोई प्रभारी मंत्री नहीं है. बता दें कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद सीएम नीतीश कुमार ने 20 सूत्री समिति का गठन करने का फैसला लिया था. इससे बाद 38 जिलों में 20 सूत्री समितियों का गठन किया गया. इससे पहले 10 सालों तक बिहार में 20 सूत्री समितियां नहीं थी. लेकिन एनडीए का हाथ थामने के बाद नीतीश ने 20 सूत्री समिति के अध्यक्ष से लेकर जिलों के प्रभारी मंत्री के मनोनयन से संबंधित मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया.

### 28 जनवरी को नीतीश 9वीं बार सीएम बने

बिहार में 28 जनवरी को सत्ता में बदलाव हुआ था. नीतीश कुमार ने जदयू विधायक दल की बैठक में इस्तीफा देने की घोषणा की. इसके बाद वो सीधे राजभवन पहुंचे और राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर को अपना इस्तीफा सौंपा. राज्यपाल ने नीतीश का इस्तीफा स्वीकार कर लिया. इसके बाद नीतीश कुमार ने शाम चार बजे 9वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. उनके साथ 8 मंत्रियों ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली. हालांकि अब तक इन 8 मंत्रियों को कोई विभाग नहीं सौंपा गया है. नीतीश कुमार 12 फरवरी को विधानसभा में बहुमत हासिल करने के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे.

### नीतीश ने आडवाणी को दी बधाई व शुभकामनाएं

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिये जाने की घोषणा पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं. मुख्यमंत्री ने आडवाणी से दूरभाष पर बात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनका अभिनंदन किया. नीतीश ने कहा कि केंद्र सरकार का यह निर्णय स्वागत योग्य है. इसके लिए प्रधानमंत्री का अभिनंदन करता हूं. नीतीश ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आडवाणी का देश के विकास में बड़ा योगदान है. वाजपेयी की सरकार में उन्होंने देश के गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री के रूप में काफी बेहतर कार्य किया.

## लखीसराय में टॉप 10 में शामिल अपराधी भिखारी सिंह गिरफ्तार

संवाददाता । लखीसराय

लखीसराय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जिले के टॉप 10 में शामिल कुख्यात अपराधी भिखारी सिंह को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार अपराधी पर सूर्यगढ़ा और मेदिनीचौकी थाने में एक दर्जन से ऊपर मामले दर्ज हैं. जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी. गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को लेकर लखीसराय पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई और अपराधी भिखारी सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है.

**20 हजार का इनाम रखा गया था :** गिरफ्तार अपराधी के ऊपर दर्जनों लूट, हत्या, रंगदारी आर्म्स एक्ट, सरकारी कार्य में बाधा डालने सोशल सोशल मीडिया पर एसएलआर लहराने का भी मामला दर्ज है. भिखारी सिंह के ऊपर 20000 हजार का इनाम रखा गया था. यह लखीसराय जिले के टॉप टेन सूची में शामिल था, जिसकी गिरफ्तारी लखीसराय पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है.

## कारोबार

### एसबीआई का शुद्ध लाभ 35 प्रतिशत गिरा

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का एकल शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 35 प्रतिशत गिरकर 9,164 करोड़ रुपये रहा है. बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 14,205 करोड़ रुपये रहा था. एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 1,18,193 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 98,084 करोड़ थी. बैंक की ब्याज आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 1,06,734 करोड़ रुपये हो गई.

### अशोक लीलैंड ने इलेक्ट्रिक ट्रक की चाबियां सौंपीं

**चेन्नई।** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लीलैंड ने अपने ग्राहकों के लिए इंटरमीडिएट और हेवी ड्यूटी इलेक्ट्रिक ट्रकों की आपूर्ति शुरू कर दी है. कंपनी ने बयान में कहा कि नई दिल्ली में भारत मोबिलिटी वैश्विक प्रदर्शनी 2024 में 14टी बॉस इलेक्ट्रिक ट्रक की चाबियां बिलियन ई-मोबिलिटी को सौंपी गईं. कंपनी के सीईओ शेनू अग्रवाल ने शनिवार को बयान में कहा, अशोक लीलैंड ने शनिवार को अपने ग्राहक को पहला पूर्ण इलेक्ट्रिक वाहन देने पर गर्व है. बॉस 14टी इलेक्ट्रिक ट्रक को पिछले साल वाहन प्रदर्शनी में पेश किया गया था.

### औसत वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहेगी : क्रिसिल

**कोलकाता।** क्रिसिल ने कहा कि वर्तमान दशक के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है. रेटिंग एजेंसी की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 से 2030-31 के बीच अर्थव्यवस्था इस दर से बढ़ेगी. यह दर महामारी से पहले की औसत वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत से थोड़ी अधिक है. क्रिसिल के अनुसार इस प्रवृत्ति में पूंजी का मुख्य रूप से योगदान होगा. रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार ने निर्माण गतिविधियों का समर्थन करने के लिए पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि की है और राज्यों के निवेश प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण दे रही है.

आगे बननेवाले तीन नए रेलवे कॉरिडोर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले

# रेल ट्रांसपोर्ट का रूप बदलकर रख देगा

भाषा । नयी दिल्ली



इस कॉरिडोर से कुल मिलाकर 434 प्रोजेक्ट जुड़े हुए हैं

विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार प्रयासरत है. इसे लेकर आधारभूत संरचना को बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है. इसी के तहत केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट में देश में तीन नए बड़े आर्थिक रेलवे कॉरिडोर बनाने की घोषणा की. असल में ये केवल तीन रेल कॉरिडोर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इन तीनों से 434 प्रोजेक्ट जुड़े हुए हैं. ये देश में रेल यात्रा करने वाले और माल ढुलाई की दशा बदल देंगे. 6-8 साल में पूरे होने वाले इन तीनों कॉरिडोर की लंबाई 40 हजार किलोमीटर होगी. इस पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन तीनों कॉरिडोर के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने कहा कि ये तीनों कॉरिडोर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर नहीं हैं. इससे फ्रेट और पैसेंजर दोनों को बहुत फायदा होने वाला है. सही मायने में कहा जाए तो रेलवे की यह घोषणा विकसित भारत का नया रोडमैप, ब्लूप्रिंट है. यह 2030-31 तक देश में रेल ट्रांसपोर्ट का रूप बदलकर रख देगा.

वैष्णव ने कहा कि तीनों नए आर्थिक रेल कॉरिडोर बनाना बड़ा काम है. इसके लिए डीपीआर बनाना, राज्य सरकारों के साथ बातचीत और अन्य बहुत सारे काम हैं. तीनों कॉरिडोर के लिए 40 हजार किलोमीटर लंबे रेल ट्रैक बिछाने के लिए आरंभिक लागत 11 लाख करोड़ रुपये आने का अनुमान है. यह लागत बेहद शुरुआती है, क्योंकि इन तीनों प्रोजेक्ट के लिए अभी डीपीआर तैयार करना बाकी है. इसके बाद असल कॉस्ट का पता लग सकेगा. तीनों आर्थिक कॉरिडोर से 434 छोटे-बड़े प्रोजेक्ट जुड़े हुए हैं. उनकी मदद से ही तीन कॉरिडोर वाली बड़ी योजना अमल में आ पाएगी. इन तीनों कॉरिडोर में पहले का नाम- एनर्जी, मिनरल और सीमेंट कॉरिडोर, दूसरा- पोर्ट कनेक्टिविटी कॉरिडोर और तीसरे का नाम हाई स्पीड डेंसिटी कॉरिडोर दिया गया है. रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इसका मतलब है कि देश में रेल हर उस मुकाम तक पहुंच बनाएगी, जहां-जहां से भी अधिक, बेहतर और स्पीड के साथ माल ढुलाई की जा सकेगी. साथ ही अधिक से अधिक यात्रियों की पहुंच तक भी रेलवे पहुंचेगी.

ये तीनों कॉरिडोर केवल माल ढुलाई के लिए नहीं हैं. यह बड़ा प्रोजेक्ट यात्रियों के लिए भी है. उम्मीद जताई जा रही है कि 2030-31 तक देश में रेल टिकट बुक कराने वालों के लिए वेटिंग लिस्ट का झंझट खत्म हो सकेगा. रेल से माल ढुलाई या सफर करने वालों के लिए केवल रेल ट्रैक बिछाने से ही काम नहीं चलेगा. इसके लिए जहां-जहां डबल लाइन हैं वहां-वहां उन्हें बढ़ाकर फोर लाइन करना होगा. फोर लाइन को जरूरत के मुताबिक और अधिक बढ़ाना होगा. रेलवे को डिमांड के हिसाब से यात्रियों के लिए ट्रेनों की संख्या बढ़ानी होगी. जिस तेजी से रेल यात्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है उस हिसाब से 2030-31 तक वेटिंग लिस्ट को खत्म करने के मकसद में देरी हो सकती है. अधिकारियों का कहना है कि इन तीनों नए रेल कॉरिडोर बनाने और नई ट्रेनों के आने से मौजूदा समय में सालाना 700 करोड़ यात्रियों को सफर कराने वाली रेलवे फिर एक हजार करोड़ यात्रियों को भी यात्रा कराने के लिए पूरी तरह से तैयार होगी.

**बढ़ेगी सुविधा**

- तीनों कॉरिडोर के लिए 40 हजार किमी रेल ट्रैक बिछेगी
- इसकी अनुमानित आरंभिक लागत 11 लाख करोड़ रु है

### पार्क होटल्स ने आईपीओ से 409 करोड़ रुपये जुटाए

**नयी दिल्ली।** द पार्क ब्रांड के अंतर्गत संचालित एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले एंकर निवेशकों से 409.5 करोड़ रुपये जुटाए हैं. बीएसई की वेबसाइट पर शुक्रवार को जारी परिपत्र के अनुसार, कंपनी ने 37 निवेशकों को 155 रुपये प्रति शेयर पर 2.64 करोड़ इक्विटी शेयर आवंटित करने का फैसला किया है. यह मूल्य दायरे का ऊपरी स्तर भी है. इसका निचला स्तर 147 रुपये है. एंकर निवेशकों में सोसाइटी जनरल, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स मॉरीशस, इंटीग्रेटेड कोर स्ट्रेटेजीज (एशिया) प्राइवेट लिमिटेड, बजाज अलायंज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी, कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और सीएलएसए ग्लोबल मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड व अन्य हैं.

इसके अलावा आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड, एडेलवीस म्यूचुअल फंड, व्हाइटोक कैपिटल, बंधन म्यूचुअल फंड और क्वांट म्यूचुअल फंड ने भी एंकर चरण में भाग लिया. आईपीओ पांच फरवरी को खुलकर सात फरवरी को बंद होगा. यह आईपीओ 920 करोड़ रुपये का है.

अमेरिका-भारत मंच ने कहा

## भारत लाल सागर संकट से उबरने में सक्षम : सीईओ

एजेंसी । नयी दिल्ली

अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी (यूएसआईएसपी) मंच ने कहा है कि लाल सागर संकट का भारत में मुद्रास्फीति या वस्तुओं की कमी के लिहाज से कोई असर नहीं होगा. अमेरिका और यूरोप से एशिया आने वाले जलपोत लाल सागर में मिसाइलों की चपेट में आने से बचने के लिए लंबा चक्कर लगाने को मजबूर हैं. इससे यात्रा का समय बढ़ा है, जहाजों की उपलब्धता पर असर पड़ा है और माल ढुलाई तथा बीमा लागत में वृद्धि हुई है. यूएसआईएसपी ने कहा है कि लाल सागर संकट का कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ने वाला है. सीईओ मुकेश अघी ने कहा, भारत इससे उबरने में सक्षम है. उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार का लगभग 15 प्रतिशत लाल सागर से होता है. लाल सागर मार्ग का उपयोग नहीं करने पर समय दोगुना हो जाता है और पूंजी तथा कंटेनर अगले तीन सप्ताह के लिए फंस जाते हैं.

## अमेजन के 50 मिलियन शेयर अगले साल बेचेंगे जेफ बेजोस

एजेंसी । नई दिल्ली



ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस अगले 12 महीनों में कंपनी के 50 मिलियन (5 करोड़) शेयरों को बेचने की योजना बना रहे हैं. एक रिपोर्ट के मुताबिक 171.8 डॉलर प्रति शेयर की मौजूदा कीमत पर अमेजन के इन शेयरों की कुल वैल्यू 8.6 अरब डॉलर है. एसईसी फाइलिंग के मुताबिक जेफ बेजोस अमेजन स्टॉक के करीब एक अरब शेयरों के मालिक हैं. अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उम्मीद से अधिक बिक्री दर्ज करने के बाद अमेजन के शेयर में 8% का उछाल देखा गया.

**बरकरार** वित्त मंत्री बोलीं- डिसइनवेस्टमेंट परहेज नहीं, कंपनियों का वैल्यूएशन बढ़ाना जरूरी

# एसबीआई-ओएनजीसी में अपनी हिस्सेदारी बेच सकती है सरकार

एजेंसी । नयी दिल्ली




सरकार दो पब्लिक सेक्टर कंपनियों, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी) में अपनी कंट्रोलिंग स्टेक्स बेच सकती है. सरकार के पास फिलहाल एसबीआई में 57.49% और ओएनजीसी में 58.89% की हिस्सेदारी हैं. एक रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकारी कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बेचने से सरकार को कोई परहेज नहीं है, ना ही सरकार अपनी कंपनियों में मान्योरिटी स्टेक्स रखने के खिलाफ नहीं है. किसी भी फर्म में 50% से कम की हिस्सेदारी मान्योरिटी हिस्सेदारी है.आने वाले समय में 'दीपम' यानी डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मैनेजमेंट धीरे-धीरे बड़ी मात्रा में सरकारी शेयर मार्केट में जारी करेगी, ताकि प्राइवेट ऑनरशिप को बढ़या जा सके. वित्त मंत्री ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि कंपनियों की वैल्यूएशन बरकरार रहे. उन्होंने बताया कि पब्लिक सेक्टर की लिस्टेड कंपनियों और उनके वैल्यूएशन में वाइब्रेंसी आई है. उनके शेयरों की कीमतें बढ़ीं हैं, पहले के तुलना में डिविडेंड्स में बढ़ोतरी हुई है.

इसलिए, डिसइनवेस्टमेंट अलग बात है. लेकिन, हम उन कंपनियों की वैल्यू बढ़ाने और मार्केट को उनके लिए फेवरेबल बनाने के लिए काम कर रहे हैं. बता दें कि सरकार पिछले कुछ सालों से पब्लिक लिस्टेड कंपनियों के डिसइन्वेस्ट पर ज्यादा फोकस रही है. हाल ही में सरकार ने एअर इंडिया में अपनी कंट्रोलिंग स्टेक्स टाटा ग्रुप को बेची है. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 35% घटकर 9,163 करोड़ रुपए रहा है. पिछले साल की समान तिमाही में यह 14,205 करोड़ रुपए था. वित्त वर्ष 24 के पहले 9 महीनों में बैंक ने 40,378 करोड़ रुपए का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट दर्ज किया.

तीसरी तिमाही में बैंक की इंटरेस्ट इनकम सालाना आधार पर 22% बढ़कर 105,733.78 करोड़ रुपए रही. बैंक ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 66,918 करोड़ रुपए का इंटरेस्ट का पेमेंट किया है.

**खास बातें**

- एअर इंडिया में अपनी कंट्रोलिंग स्टेक्स टाटा ग्रुप को बेची है
- 66,918 करोड़ रुपए का इंटरेस्ट का पेमेंट किया है

## जर्मनी का सबसे बड़ा ड्यूश बैंक करेगा 3500 कर्मियों की छंटनी

एजेंसी । नयी दिल्ली




जर्मनी के सबसे बड़े बैंकों में से एक ड्यूश बैंक ने बड़े पैमाने पर छंटनी का ऐलान किया है. बैंक ने पिछले दिनों यह जानकारी देते हुए कहा है कि अगले एक साल के भीतर विश्व भर में 3,500 कर्मचारियों की छंटनी की जाएगी, जिसके जरिए बैंक 2.5 बिलियन यूरो यानी 2.70 बिलियन डॉलर की बचत कर पाएगा.

बैंक ने कहा कि छंटनी का सबसे ज्यादा असर उन विभागों पर पड़ेगा, जिनका सीधा ग्राहकों से लेनदेन नहीं है. इसके लिए बैंक ने अपने मार्केटिंग नेटवर्क और कंप्यूटर सिस्टम और सॉफ्टवेयर को अपडेट करके लागत में कमी की तैयारी शुरू कर दी है. ड्यूश बैंक के प्रदर्शन की बात की जाए तो लगातार चार साल से बैंक प्रॉफिट में है. पिछले साल बैंक ने कुल 4.2 बिलियन यूरो यानी 4.5 बिलियन डॉलर का लाभ कमाया है, जो पिछले साल की तुलना में 16 फीसदी कम है.

ऐसे में बैंक ने अपने प्रॉफिट मार्जिन को बढ़ाने के लिए छंटनी का फैसला किया है. ड्यूश बैंक के अलावा कई दिग्गज टेक कंपनियों ने भी 2024 में छंटनी का ऐलान किया है.



नयी दिल्लीः पार्टी के न्याय संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान एआईसीसी कोषाध्यक्ष अजय माकन व दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे. (पीटीआई फोटो)

## ब्रीफ खबरें

### ईरान समर्थक समूहों के 85 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक

**वाशिंगटन ।** अमेरिका ने जॉर्डन हमले को लेकर इराक और सीरिया के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की है. अमेरिका ने ईरान समर्थित मिलिशिया और ईरानी 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के करीब 85 ठिकानों पर हवाई हमले किये हैं. इस एयर स्ट्राइक में कई आतंकियों के मारे जाने की सूचना है. अमेरिकी हमलों में ईरान के अंदर किसी भी स्थान को निशाना नहीं बनाया गया. अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने यह हमारी जवाबी कार्रवाई की शुरुआत है.

### यूएस कोर्ट ने स्थगित की ट्रंप के खिलाफ सुनवाई

**वाशिंगटन ।** अमेरिका में एक संघीय न्यायाधीश ने 2020 में हुए चुनाव के नतीजों को पलटने की साजिश के आरोप में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मार्च में शुरू होने वाले मुकदमे की सुनवाई को औपचारिक रूप से स्थगित कर दिया है. डिस्ट्रिक्ट न्यायाधीश तान्या ने चार मार्च को होने वाले मुकदमे की सुनवाई शुक्रवार को स्थगित कर दिया लेकिन इसके लिए अभी कोई नयी तारीख नहीं दी गई. एक संघीय अपीलीय अदालत ने ट्रंप की एक लंबित अपील पर अभी तक फैसला नहीं दिया है.

### इमरान खान व बुशरा बीबी को 7 साल की सजा

**इस्लामाबाद ।** एक पाकिस्तानी अदालत ने इमरान खान और पूर्व प्रथम महिला बुशरा बीबी की शादी को गैर इस्लामिक करार दिया है. अदालत ने इमरान खान और बुशरा बीबी को 7 साल जेल की सजा सुनाई गई है. जबकि पाकिस्तान में 4 दिन बाद चुनाव होने वाले हैं. इससे पहले इमरान खान ने बिना नाम लिए आरोप लगाया था कि आर्मी चीफ ने उन्हें ऑफर दिया है कि मैं 3 साल के लिए राजनीति से दूर चला जाऊं तो उनकी यह शादी बच सकती है. इमरान खान ने ऐसा करने से इंकार कर दिया था.

### उत्तर कोरिया ने किया मिसाइलों का परीक्षण

**सियोल ।** उत्तर कोरिया ने कहा कि उसने नए प्रकार की विमान रोधी मिसाइल के साथ ही ऐसी क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया है जो नए 'बड़े' हथियारों से लैस है. उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया में शनिवार को यह रिपोर्ट तब आयी है जब एक दिन पहले दक्षिण कोरिया की सेना ने बताया कि उसने उत्तर कोरिया द्वारा पश्चिमी तट पर समुद्र में कई क्रूज मिसाइलों के परीक्षण का पता लगाया है. यह 2024 में इस तरह के हथियारों का देश का चौथे चरण का परीक्षण है.

### सशस्त्र समूह ने संरा के हेलीकॉप्टर पर किया हमला

**संयुक्त राष्ट्र ।** पूर्वी कांगो में एक सशस्त्र समूह के सदस्यों ने संयुक्त राष्ट्र के एक हेलीकॉप्टर पर शुक्रवार को गोलीबारी की जिसमें दक्षिण अफ्रीका के दो शांति रक्षक घायल हो गए. संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा विभाग को आशंका है कि यह हमला मसीसी क्षेत्र में उत्तर कीवू प्रांत के करुबा क्षेत्र में एम23 विद्रोही समूह ने किया. पूर्वी कांगो में 120 से अधिक समूह सत्ता, जमीन और कीमती खनिज संसाधनों के लिए लड़ रहे हैं.

# रातभर केंद्र सरकार के खिलाफ धरने पर बैठी रहीं ममता बनर्जी

**भाषा। कोलकाता**

विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए केंद्र से पश्चिम बंगाल के बकाया की मांग को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना ठंड के बीच रात भर जारी रहा. ममता बनर्जी शनिवार सुबह टहलने भी गयीं. बनर्जी ने अपनी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं के साथ शुक्रवार दोपहर को कोलकाता के मैदान क्षेत्र में भीमराव आंबेडकर की मूर्ति के सामने प्रदर्शन शुरु किया था. ममता बनर्जी के साथ मंत्री फिरहाद हाकिम और अरूप विश्वास समेत कई नेता रात में धरना स्थल पर ही रुके हुए थे. सुबह वह पास के रेड रोड पर टहलने गयी और एक



बास्केटबॉल मैदान का भी दौरा किया. टीएमसी के एक नेता ने बताया, इलाके में घना कोहरा छाया हुआ था इस दौरान बनर्जी अपने सुरक्षाकर्मियों के साथ सुबह की सैर के लिए निकलीं थी. इस बीच एक बास्केटबॉल मैदान में कुछ खिलाड़ियों को देखकर वह ठहर गयीं और उनसे बात की. उन्होंने खेल और इसमें इस्तेमाल की जाने वाली गेंद के बारे में भी जानकारी ली.

## महाराष्ट्र में अपराधियों का साम्राज्य स्थापित करना चाहते हैं सीएम

# शिवसेना नेता को मारी गोली भाजपा विधायक गिरफ्तार

**भाषा। ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भूमि संबंधी विवाद के कारण मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के एक नेता को गोली मारकर घायल करने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक को गिरफ्तार किया गया है. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय शिंदे ने मीडिया को बताया कि कल्याण से भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ ने शुक्रवार रात उल्हासनगर इलाके में हिल लाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष के अंदर शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड़ पर गोलियां चलाईं.

**अपराधियों का साम्राज्य स्थापित करने की कोशिश :** गणपत गायकवाड़ ने अपनी गिरफ्तारी से पहले कहा कि उनके बेटे को पुलिस थाने में पीटा जा रहा था इसलिए उन्होंने गोली चलाई. उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र में अपराधियों का साम्राज्य स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं. महेश गायकवाड़ को पहले एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें ठाणे स्थित एक निजी चिकित्सा केंद्र ले जाया गया. शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रभारी गोपाल लांडगे ने कहा, उनका (महेश गायकवाड़ का) ऑपरेशन सफल रहा.



■ पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष में हुई घटना
■ मेरे बेटे को पुलिस थाने के अंदर पीटा जा रहा था : विधायक

### मैंने उन्हें गोली मारी, मुझे कोई पछतावा नहीं

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय शिंदे के अनुसार, गणपत गायकवाड़ का बेटा जमीन संबंधी विवाद के सिलसिले में शिकायत दर्ज कराने पुलिस थाने आया था. तभी, महेश गायकवाड़ अपने लोगों के साथ वहां पहुंचे. बाद में गणपत गायकवाड़ भी थाने पहुंचे. अधिकारी ने बताया कि विधायक और शिवसेना नेता के बीच झगड़े के दौरान गणपत गायकवाड़ ने वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष के अंदर महेश गायकवाड़ पर कथित तौर पर गोलियां चलाईं, जिससे वह और उनका सहयोगी घायल हो गये. गणपत गायकवाड़ ने कहा, हां, मैंने खुद (उन्हें) गोली मारी. मुझे कोई पछतावा नहीं है. अगर मेरे बेटे को पुलिस थाने के अंदर पुलिस के सामने पीटा जा रहा है, तो मैं क्या करूंगा.

### मुझ जैसे भले आदमी को अपराधी बना दिया

गायकवाड़ ने दावा किया कि उन्होंने पांच गोलियां चलाईं. भाजपा और शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल हैं. पुलिस ने गणपत गायकवाड़ के अलावा दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने बताया कि उन पर 307 (हत्या का प्रयास) और 120बी (आपराधिक साजिश) सहित भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. गणपत गायकवाड़ ने कहा, यदि एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री हैं तो महाराष्ट्र में केवल अपराधी पैदा होंगे. आज उन्होंने मुझ जैसे भले आदमी को अपराधी बना दिया.

### फडणवीस ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उल्साहसनगर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक और एक स्थानीय शिवसेना नेता से जुड़ी गोलीबारी की घटना को गंभीर बताते हुए शनिवार को इसकी उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए.

### गायकवाड़ ने आत्मरक्षा में उठाया यह कदम

गायकवाड़ ने इस हमले को आत्मरक्षा में उठाया गया कदम बताया. भाजपा विधायक ने मुख्यमंत्री के बेटे और कल्याण से सांसद श्रीकांत शिंदे पर बोर्ड लगाकर उनके द्वारा किये गये काम का श्रेय लेने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा, मैंने अपने वरिष्ठों को कई बार बताया था कि ये लोग मेरे नेताओं के खिलाफ हिंसा कर रहे हैं.

**शिंदे साहब भाजपा को भी धोखा देंगेः** विधायक गायकवाड़ ने कहा कि उनका बेटा जमीन के संबंध में शिकायत दर्ज कराने उल्हासनगर के पुलिस थाने गया था. कहा, मुझे कतई पछतावा नहीं है. एक पिता के तौर पर, मैं यह बर्दाश्त नहीं कर सकता कि कोई मेरे बच्चे को पीटे. कहा, शिंदे साहब ने उद्धव (ठाकरे) साहब को धोखा दिया, वह भाजपा को भी धोखा देंगे.

# अपराध की प्रकृति में आमूलचूल परिवर्तन देखा गया है : पीएम

**भाषा। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को न्याय दिए जाने की कानूनी प्रणाली पर पुनर्विचार और उसमें सुधार करने का आह्वान करते हुए शनिवार को कहा कि अपराधी विभिन्न क्षेत्रों में वित्त पोषण और संचालन के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल कर रहे हैं.

राष्ट्रमंडल विधि शिक्षा संघ (सीएलईए)-राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन (सीएएसजीसी) में मोदी ने कहा कि देश पहले से ही हवाई यातायात नियंत्रण और समुद्री यातायात के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ काम कर रहे हैं और उन्होंने इस सहयोग को जांच तथा न्याय दिए जाने की प्रक्रिया तक बढ़ाने की पैरवी की. उन्होंने कहा कि जब हम एक साथ मिलकर काम करते हैं तो क्षेत्राधिकार न्याय देने का



जरिया बन जाता है न कि उसमें देरी करने का. उन्होंने कहा कि अपराध की प्रकृति और दायरे में आमूलचूल परिवर्तन देखा गया है.

**पीएम शनिवार से असम के दो दिवसीय दौरे पर :** गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज यानी शनिवार से असम का दो दिवसीय दौरा करेंगे और इस दौरान वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश कोर समिति के सदस्यों से मुलाकात किया तथा करीब 11,600 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया.

### पंजाब के राज्यपाल पुरोहित का इस्तीफा

**चंडीगढ़ ।** पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया. पुरोहित ने अपने त्याग पत्र में लिखा कि व्यक्तिगत कारणों और कुछ अन्य प्रतिबद्धताओं की वजह से, मैं पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक के पद से इस्तीफा दे रहा हूं. कृपया इसे स्वीकार करें. पुरोहित ने शुक्रवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी. उनकी मुलाकात चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा की जीत के कुछ दिनों बाद हुई थी. महापौर चुनाव में तीनों पदों पर भाजपा को जीत मिली है. इन चुनावों में कांग्रेस- आम आदमी पार्टी गठबंधन को झटका लगा और उसने पीठासीन अधिकारी पर मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया है.

### दो दिन बाद जम्मू-श्रीनगर एनएच पर यातायात शुरू

**जम्मू ।** भारी बारिश और बर्फबारी के कारण कई जगह हुए भूस्खलन से दो दिन तक बंद रहने के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही शनिवार तड़के फिर से शुरू हो गई. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. हालांकि, यातायात विभाग ने यात्रियों को लेन अनुशासन का पालन करने और सावधानी से वाहन चलाने की सलाह दी क्योंकि रामबन जिले में शेरबीबी के पास मुख्य सड़क का एक हिस्सा एकल-लेन है और कई स्थानों पर फिसलन भी है. कश्मीर को देश के बाकी हिस्से से जोड़ने वाले 270 किलोमीटर लंबे एकमात्र राजमार्ग पर यातायात को शेरबीबी के पास किश्तवाड़ पाथेरी में भूस्खलन से सड़क क्षतिग्रस्त होने के बाद गुरुवार निलंबित कर दिया गया था.

# कुरुबा समुदाय के संत ने लगाया जातिगत भेदभाव का आरोप

**भाषा। चित्रदुर्ग (कर्नाटक)**

चरवाहा कुरुबा समुदाय की कनक गुरु पीठ के संत ईश्वरानंद पुरी स्वामी जी ने आरोप लगाया कि दिसंबर 2023 में 'वैकुंठ एकादशी' के दौरान राज्य सरकार द्वारा संचालित विष्णु मंदिर में उनके दर्शन करने के बाद प्राधिकारियों ने उसकी सफाई करायी थी. होसदुर्ग में सानेहल्ली मठ में कन्नड़ साहित्य सम्मेलन में शुक्रवार रात को संत ने आरोप लगाया कि चित्रदुर्ग जिले के बागुर में चन्नाकेशावा मंदिर में उनके साथ जातिगत भेदभाव किया गया. कुरुबा चरवाहा समुदाय से आते हैं जिससे मुख्यमंत्री सिद्दरमैया भी ताल्लुक रखते हैं. ईश्वरानंद पुरी स्वामीजी ने कहा कि यहां (होसदुर्ग) के समीप बागुर में चन्नाकेशावा मंदिर है. मुझे पता चला कि उन्होंने (मंदिर प्राधिकारियों) मेरे जाने के बाद पूरा मंदिर साफ कराया. स्वामीजी के अनुसार, वह होसदुर्ग में कुंचितिगा मठ में शांतावीर स्वामी जी के साथ गए थे. ईश्वरानंद पुरी ने कहा कि अगर मुझे पता होता कि यह मंदिर राज्य हिंदू धर्म विभाग के तहत आता है तो वह विरोध करते.

उनके अनुसार, पुजारी के परिवार की महिलाओं को मंदिर के अंदर जाने की अनुमति थी, लेकिन बाहर इंतजार कराया गया जबकि वह भी एक हिंदू मठ के संत हैं. स्वामीजी ने कहा कि उन्होंने सभी मंदिरों में जाने का फैसला किया है क्योंकि इससे सभी मंदिरों की सफाई में मदद मिलेगी. उन्होंने कहा कि वह भविष्य में कभी बागुर के चन्नाकेशावा मंदिर नहीं जाएंगे. इस बीच, चन्नाकेशावा मंदिर के पुजारी श्रीनिवास ने कहा कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई और स्वामीजी हर साल मंदिर आते रहते हैं.

# संस्पेंस खत्म, जिंदा है पूनम पांडे

**भाषा। मुंबई**

बॉलीवुड मॉडल और एक्ट्रेस पूनम पांडे की 2 फरवरी को मौत की खबर सामने आयी थी. एक्ट्रेस के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट किया गया था. जिसमें लिखा था कि सर्वाइकल कैंसर से पूनम पांडे की मौत हो गयी है. इस खबर ने लोगों को काफी चौका दिया. हालांकि अब खबर आ रही है कि पूनम पांडे जिंदा है. वो सर्वाइकल कैंसर को लेकर अवेयरनेंस कैंपन कर रही थी. पूनम पांडे ने वीडियो में कहा कि मैं जिंदा हूं. सर्वाइकल कैंसर से मेरी मौत नहीं हुई है. दुर्भाग्य से मैं उन हजारों महिलाओं के लिए ये नहीं कह सकती, जिन्होंने सर्वाइकल कैंसर से जंग लड़कर अपनी जान गंवायी है. वो इसके बारे में कुछ नहीं कर पायीं, क्योंकि उन्हें कुछ पता ही नहीं था. कहा कि मैं आपको यहां बताना चाहती हूं कि किसी दूसरे कैंसर के उलट सर्वाइकल कैंसर को हराना मुमकिन है. आपको बस अपने टेस्ट करवाने हैं और एचपीवी वैक्सीन लगवानी है. दरअसल पूनम पांडे के ऑफिशिअल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट किया गया है.

## कन्नौज में 59 परियोजनाओं के शिलान्यास पर बोले आदित्यनाथ

# भगवान राम का विरोध करती है सपा

**भाषा। कन्नौज (उप्र)**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि आज अगर समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार होती तो अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर नहीं बन पाता. उन्होंने कहा कि सपा के लोग अयोध्या में भगवान राम का और कन्नौज में आंबेडकर का विरोध करते हैं लेकिन डबल इंजन की सरकार, जहां एक तरफ विकास कार्यों को तेज गति से पूरा करती है वहीं आस्था का सम्मान भी करती है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अशोक नगर स्थित केके इंटर कॉलेज के बोर्डिंग ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही. मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कन्नौज में 351 करोड़ रुपए की 59 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कन्नौज के सांसद सुब्रत पाठक के पिता ओम प्रकाश पाठक की पांचवीं पुण्यतिथि पर नमन किया. उनकी याद में सांसद द्वारा प्रतिवर्ष दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और ट्राईसाइकिल दिये जाने की मुख्यमंत्री ने प्रशंसा की. मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों को अगर समाज और सरकार से समर्थन मिले तो बड़ी से बड़ी उपलब्धि भी उनके कदमों में होती है. मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ समाजसेवी, उद्योग व्यापार के साथ राष्ट्रवादी मिशन के लिए जीवन समर्पित करने वाले ओम प्रकाश पाठक और भाजपा के वरिष्ठ नेता बनवारीलाल दोहरे को श्रद्धांजलि अर्पित की.




## कॅरियर-काउंसिलिंग

# हेल्थ सेनेटरी इंसपेक्टर में बना सकते है अपना करियर



**एजुकेशन रिपोर्टर/रजनीश प्रसाद**

एचएसआई कोर्स हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर बनने के लिए किया जाने वाला कोर्स है. यह आमतौर पर डिप्लोमा कोर्स होता है. हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर यानि स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षक एक स्वास्थ्य स्वच्छ व्यावसायिक व्यापार है. व्यापार की अवधि छह महीने के दो सेमेस्टर के साथ एक वर्ष है. शिक्षण घंटों के दौरान, छात्रों को विभिन्न विषयों जैसे जनता का वर्गीकरणः स्वास्थ्य और खाद्य पदार्थों का महत्व, दैनिक आवश्यकताओं का आकलन सिखाया जाता है. पोषण का, विशेष समूह के लिए पोषण की आवश्यकता का आकलन, संतुलित आहार का कोडिंग, पोषण का आकलन, परिवार की स्थिति, पोषण का सर्वेक्षण, शिक्षा और इसके महत्व और उपचारात्मक पोषण. व्यापार पाठ्यक्रम सफल होने के बाद अन्य व्यवसायों की तरह कैरियर उन्मुख प्रकृति का है.

### जानिए एचएसआई

- आप पब्लिक हेल्थ और हाइजीन के बारे में जानेंगे
- आप अपने देश को स्वच्छ बनाने में योगदान करेंगे
- आप बीमारियां और उनका संक्रमण रोक पाने में सक्षम बनेंगे
- आप फ़ील्ड ट्रिप्स पर जा सकेंगे

### स्किल्स

- कम्युनिकेशन स्किल्स
- प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स
- एनालिटिकल स्किल्स
- आर्गेनाइजेशन स्किल्स
- टाइम मैनेजमेंट स्किल्स
- टेक्निकल स्किल्स
- स्ट्रेस मैनेजमेंट
- रूल्स और रेगुलेशंस का पालन करने की समझ
- ईमानदारी

### विदेशी विवि

- जॉर्ज वाशिंगटन यूनिवर्सिटी
- ऑस्ट्रेलियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ फूड सेफ्टी
- कैपेला यूनिवर्सिटी
- बेलर यूनिवर्सिटी
- गिलिन स्कूल ऑफ़ ग्लोबल पब्लिक हेल्थ

### एचएसआई कोर्स करने के लिए भारत के टॉप कॉलेज के नाम

- एपेक्स प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी
- सनराइज यूनिवर्सिटी, अलवर
- जेएस यूनिवर्सिटी, शिकोहाबाद
- जिज्ञासु एकडेमी, द्वारका
- दिल्ली पैरामेडिकल एंड मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली
- स्कूल ऑफ़ हेल्थ इस्पेक्टर, तिरुवनंतपुरम

### प्रवेश विधि

✓ सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
✓ यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूज़र नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
✓ फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.
✓ अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
✓ इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
✓ यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)